*    ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

20 फरवरी, 2024
माघ, शुक्ल पक्ष, द्वादशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
मंगलवार, वर्ष 09, अंक 121

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

सभी धर्म-समुदाय के धार्मिक स्थलों को संरक्षित करेंगे : चंपाई सोरेन



# समाज सेवा की प्रतिमूर्ति जितेंद्र सिंह ने थामा आजसू का हाथ



## समर्पण से आगे बढ़ेंगे तो सफलता करेगी सलामः जितेंद्र सिंह



**रांची**। समाज सेवा के लिए प्रतिबद्ध जेके ग्रुप ऑफ कंपनी के डायरेक्टर और पूर्व विधानसभा प्रत्याशी जितेंद्र सिंह ने बीते 18 फरवरी को अरगोड़ा मैदान में आजसू का हाथ थाम लिया। 18 फरवरी को अरगोड़ा मैदान में मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने जितेंद्र सिंह को पार्टी की सदस्यता ग्रहण करायी। इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में आजसू के कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान आजसू के कार्यकर्ता उत्साहित नजर आये। इससे पूर्व जितेंद्र सिंह ने आजसू वैन को शहर भ्रमण के लिए भी रवाना किया था।

आजसू पार्टी में शामिल होने पर प्रश्न पूछे जाने पर जितेंद्र सिंह ने कहा कि हमें पूरा विश्वास है कि जेके ग्रुप का जो स्लोगन है 'अध्ययन, अनुशासन, अध्यात्म और आत्मविश्वास' इन चारों स्तंभों को लेकर सुदेश कुमार महतो के नेतृत्व में शानदार प्रगति की जा सकती है। उन्होंने कहा कि आजसू से हमारा जुड़ाव महिलाओं, युवाओं, खिलाड़ियों, आदिवासियों के सशक्तिकरण के लिए है।

उन्होंने कहा कि आजसू से जुड़ने के पश्चात उनका नया जन्म हुआ है, जिसे सार्थक बनाने के लिए वह प्रतिबद्ध हैं। बकौल जितेंद्र सिंह पिछले 24 वर्षों से जेके ग्रुप ने झारखंड, विशेषकर रांची के विकास के लिए खूब कार्य किया है और आ आजसू के साथ जुड़ कर सुदेश कुमार महतो के नेतृत्व में झारखंड के लोगों की समृद्धि और राज्य के विकास के लिए पूरी लगन और मेहनत से कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि सुदेश जी विकास पुरुष माने जाते हैं और जेके ग्रुप ऑफ कंपनीज उनके कंधों को मजबूत करने का काम करेगी।

## क्षेत्र के विकास और जरूरतमंदों की सेवा में समर्पित



समाजसेवी जितेंद्र सिंह समाज सेवा के लिए प्रतिबद्ध हैं। वह क्षेत्र के लोगों को शुद्ध जल, भोजन और गुणवत्तायुक्त चिकित्सा और शिक्षा आदि उपलब्ध कराने के लिए हर वक्त प्रयासरत रहते हैं। वह समाज को बेहतर बनाने के लिए कृत्संकल्पित हैं। जरूरतमंद लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने और उनके खुशहाल जीवन के लिए जितेंद्र सिंह बेहद सक्रिय नजर आते हैं। आ आजसू पार्टी के साथ जुड़कर वह इस कार्य को वृहद स्तर पर ले जाने का कार्य करेंगे।

जितेंद्र सिंह ।ताते हैं कि वह लगभग 24 सालों से झारखंड खासकर रांची के लोगों की सेवा में रत हैं। आजसू से गठजोड़ के बाद जितेंद्र सिंह बच्चों को अच्छी शिक्षा, बेरोजगारों को रोजगार दिलाने, खेल के क्षेत्र में युवाओं को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने पर खास ध्यान देंगे। बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक करना उनका मुख्य उद्देश्य है। समाजसेवी जितेंद्र सिंह का कहना है कि बच्चे जा शिक्षित होंगे, तभी विकास होगा।

## समर्पण की भावना से सभी करें कदमताल

जितेंद्र सिंह ने खुद को मानवता के लिए समर्पित कर दिया है। उनका कहना है कि आपके काम से आपकी प्रतिष्ठा जुड़ी है। आपका सम्मान और नाम जुड़ा हुआ है। बेहतर काम कर के ही आप यश, प्रतिष्ठा के सही मायनों में हकदार बनेंगे। जा आप समर्पण की भावना से आगे बढ़ेंगे, तभी सफलता-तरक्की आपको सलाम करेगी।

## कोरोना काल में सेवा के क्षेत्र में विशिष्ट पहचान बनायी

बहुत से समाज सेवी कोरोना काल में आगे आये और कोरोना योद्धा के रूप में इस महामारी से प्रभावित लोगों की सेवा और सहायता का कार्य किया। ऐसे ही एक समाज सेवी हैं जितेंद्र सिंह। जितेंद्र सिंह की सेवा भावना की बानगी कोरोना काल में दिखी, जा वर्ष 2020 में चहुंओर खौफ का माहौल पैदा करने वाली कोरोना महामारी का प्रकोप कहर बनकर बरस रहा था। उस वक्त जितेंद्र सिंह हजारों बेसहारा लोगों के फरिश्ते बन गये। इन्होंने लोगों के भोजन, घर, कपड़े, दवाइयों आदि की व्यवस्था की। जगह-जगह



मास्क-सेनेटाइजर का वितरण किया। आर्थिक रूप से सहायता की और पूरे समाज को एक सकारात्मक संदेश दिया।

## बच्चे शिक्षित होंगे, तभी विकास होगा

जितेंद्र सिंह कहते हैं कि बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक करना उनका मुख्य उद्देश्य है। बच्चे जा शिक्षित होंगे, तभी विकास होगा। युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करना उनका सासे पहला और बड़ा लक्ष्य है। जितेंद्र सिंह कहते हैं कि राजनीति शुरू करने और अब आजसू पार्टी से जुड़ने का मुख्य उद्देश्य है कि झारखंड में अधिकतम विकास हो। सुदेश कुमार महतो के व्यक्तित्व से मुझे प्रेरणा मिलती है। उन्होंने स्पोर्ट्स के क्षेत्र में शानदार कार्य किया है। राज्य के युवाओं को एक सुनहरा भविष्य दिया है। उनके नेतृत्व में तीरंदाजी में जिस तरह से हमारे युवा परचम लहरा रहे हैं, वह प्रेरित करने वाला है। मुख्य रूप से शिक्षा और खेल क्षेत्र में विकास के लिए हम आजसू पार्टी से जुड़े हैं।

# सेवा ही हमारा लक्ष्यः जितेंद्र सिंह

## जमीनी स्तर पर कार्य करने के लिए आजसू पार्टी में शामिल हुआ

आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने के बाद समाजसेवी जितेंद्र सिंह ने कहा कि झारखंड की प्रगति के प्रति सुदेश जी की सोच और उनके कार्यों से प्रभावित होकर जमीनी स्तर पर कार्य करने वाली आजसू पार्टी में शामिल हुआ। अध्ययन, अनुशासन, आध्यत्म और आत्मविश्वास इन चार चीजों के साथ सुदेश जी के नेतृत्व में जनता की सेवा करना ही हमारा लक्ष्य है। सिल्ली विधानसभा क्षेत्र आज पूरे राज्य में विकास का



आइना है। बाकी विधानसभा में हुए कार्य एक तरफ और सिल्ली विधानसभा में सुदेश जी के द्वारा किये गये कार्य एक तरफ हैं। सिल्ली



पढ़ाई, स्वास्थ्य, मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में भी राज्य ही नहीं पूरे देश में विकास की मिसाल है।

## जितेंद्र सिंह ने जनता की सेवा के लिए पार्टी का दामन थामाः सुदेश महतो

### आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो ने कहा- गरीबों के चेहरों पर हंसी लाना मेरा लक्ष्य

आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो ने समाजसेवी जितेंद्र सिंह का पार्टी में स्वागत किया। कहा कि राजनीति काफी चुनौतीपूर्ण क्षेत्र है। इस चुनौती को स्वीकारते हुए जितेंद्र सिंह जी जनता की सेवा के उद्देश्य से पार्टी में शामिल हुए हैं। उन्होंने विभिन्न माध्यमों के जरिये सामज की सेवा पहले भी की है। वे पार्टी से जुड़कर लोकहित के कार्यों को आगे बढ़ायेंगे। उन्होंने कहा कि शहर की चकाचौंध में शहर की मूलभूत आवश्यकताएं छिप जाती हैं। झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले गरीब के बेटे के भविष्य को भी सुरक्षित करना होगा। गरीबों के चेहरों पर हंसी लाना मेरा लक्ष्य। शहरी परिवेश को स्मार्ट बनाने की जरूरत है।





*आजसू युवाओं की पार्टी है, साथ ही हर वर्ग के लोग, हर धर्म, हर संप्रदाय के लोग इस पार्टी को पसंद करते हैं। सुदेश जी विकास पुरुष माने जाते हैं और पार्टी से जुड़कर जेके ग्रुप ऑफ कंपनीज और मैं उनके कंधों को मजबूत करने हेतु कृतसंकल्पित हैं।*

**-जितेंद्र सिंह**
**समाजसेवी सह डायरेक्टर**
**जेके ग्रुप ऑफ कंपनीज**

मीडिया इनिशिएटिव

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 58,200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 73,000 रु./प्रति किलो |

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 20 फरवरी, 2024
www.azadsipahi.in


# दुमका में मुद्दों की कमी नहीं, पर कोई बात तो करे

## ■ पलायन, भ्रष्टाचार और पिछड़ेपन जैसे बड़े मुद्दों से होगा प्रत्याशियों का सामना

## ■ 2019 में ध्वस्त हो चुके गढ़ को फिर हासिल करने की है झामुमो को चुनौती

## ■ भाजपा के लिए आसान नहीं है इस सीट को फिर से अपनी झोली में ले आना

## ■ बड़ा सवाल : क्या इस बार सोरेन परिवार का कोई नया सदस्य मैदान में उतरेगा

आजाद सिपाही विशेष

**झारखंड की उप राजधानी दुमका का संसदीय क्षेत्र प्रशासनिक रूप से जितना पिछड़ा है, राजनीतिक रूप से उतना ही संवेदनशील है। झारखंड के 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में से एक इस संसदीय क्षेत्र में जामताड़ा, दुमका और देवघर जिले के विधानसभा क्षेत्रों को समाहित किया गया है। यहां पर खनन में प्राप्त पाषाणकालीन औजार इस क्षेत्र की ऐतिहासिकता की गवाही देते हैं। राजमहल की पहाड़ियों से घिरे होने के कारण यह क्षेत्र बेहद दुर्गम रहा है। यही 'दुर्गम' शब्द आगे चल कर 'दुमका' हो गया। 1539 में चौसा के युद्ध में शेरशाह सूरी की जीत के बाद यह क्षेत्र अफगानों के कब्जे में आ गया। बाद में यह इलाका मुगल सम्राट अकबर के प्रभुत्व में आ गया। बासुकिनाथ धाम यहीं पर है। भगवान भोलेनाथ धाम के नाम से इसे पूरे देश में जाना जाता है। सावन महीने में यहां पूरे देश से हिंदू धर्म के लोग कांवर लेकर पहुंचते हैं। दुमका सीट को झामुमो का गढ़ कहा जाता है, लेकिन 2019 में यह गढ़ ध्वस्त हो गया। झारखंड के सबसे बड़े राजनीतिक शख्सियत शिबू सोरेन की कर्मभूमि पर वह भाजपा के प्रत्याशी सुनील सोरेन से पराजित हो गये। हालांकि यह पहली बार नहीं था। दुमका में झामुमो की जीत का पहिया लगातार घूमता रहा है। 1998 में भी भाजपा के बाबूलाल मरांडी ने जेएमएम के इस गढ़ को भेदा था। वर्ष 2002 के मध्यावधि चुनाव से 2014 तक शिबू सोरेन ने इस सीट पर लगातार चार बार जीत हासिल की। दुमका सीट से जीत-हार की राजनीति का गणित बदलता रहा है। इस बार यहां पलायन और भ्रष्टाचार के अलावा पिछड़ेपन जैसे गंभीर मुद्दे तो हैं, लेकिन इनकी बात नहीं हो रही। लोग इसी चर्चा में व्यस्त हैं कि क्या इस बार झारखंड के पहले राजनीतिक परिवार का कोई नया सदस्य यहां उनकी नुमाइंदगी करने के लिए मैदान में उतरेगा। क्या है दुमका संसदीय सीट का इतिहास और 2024 में क्या हो सकते हैं मुद्दे, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह



जल, जंगल और जमीन, आदिवासी इलाकों की बुनियाद इन्हीं तीन पैमानों पर टिकी होती है। झारखंड का दुमका एक आदिवासी बहुल क्षेत्र है। दुमका यानी विशाल पहाड़ियों और जंगल के अंदर स्थित जगह, जो प्राकृतिक संसाधनों के मामले में काफी समृद्ध है। दामिन-ए-कोह की पहाड़ियों के ऊपर बसा यह क्षेत्र कई पर्वत, नदियों और घाटियों से भरा हुआ है। वर्ष 2000 में नये झारखंड राज्य के गठन के बाद दुमका जिले को विभाजित किया गया और जमताड़ा उप-डिवीजन को अलग जिले के रूप में अपग्रेड किया गया। अपने पश्चिम में धार्मिक नगरी देवघर (शिव के द्वादश ज्योतिर्लिंगों में से एक बैद्यनाथ धाम) से सटे दुमका की सियासत के केंद्र में 'गुरुजी' रहे हैं। गुरुजी यानी शिबू सोरेन, जो पिछले चार चुनावों से यहां अजेय बने हुए थे। 1980 में पहली बार चुनाव जीतने वाले शिबू सोरेन का इस आदिवासी बहुल इलाके में मजबूत जनाधार है। पिछले चार दशक से यहां की सियासत उन्हीं के आगे-पीछे घूमती रही है। यहां तक की 2014 की मोदी लहर में भी गुरुजी का किला उनके पास बरकरार रहा। हां 2019 में उन्हें भाजपा के सुनील सोरेन ने शिकस्त दी। बता दें कि झारखंड मुक्ति मोर्चा सुप्रीमो तीन बार झारखंड के मुख्यमंत्री भी रह चुके हैं।

### दुमका सीट की खासियत

खनिजों की मौजूदगी से दुमका देश की अर्थव्यवस्था में अहम योगदान दे रहा है। इसके अलावा भवन निर्माण सामग्री यहां प्रचुर मात्रा में मिल रही है, जो औद्योगिक दृष्टिकोण से प्रमुख भूमिका निभा सकती है। जिले का 30 फीसदी से अधिक वन क्षेत्र है और यह औषधीय पौधों और पेड़ों से भरा हुआ है। जंगल आधारित उद्योगों के लिए लंबे बांस के पेड़ बड़ा जरिया बन सकते हैं। यह जिला धार्मिक दृष्टिकोण से काफी अहम है। बाबा बासुकीनाथ मंदिर और मलूटी मंदिर श्रद्धालुओं को आकर्षित करते हैं।

दुमका की सीट झारखंड की राजनीति और बड़े नेताओं की साख से जुड़ी रही है। यह झारखंड की राजनीति का रुख बदलनेवाली सीट रही है। 80 के दशक में झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन ने झामुमो का खूंटा संताल परगना में इसी सीट के सहारे गाड़ा था। यहां से शिबू सोरेन ने आठ बार चुनाव जीत कर इस सीट को झामुमो का अभेद्य किला बनाया था। वर्ष 1989, 1991 और 1996 के तीन चुनाव में शिबू सोरेन की लगातार जीत हुई। इस सीट पर झामुमो की जीत का पहिया लगातार घूमता रहा है। वर्ष 2002 के मध्यावधि चुनाव से 2019 तक शिबू सोरेन ने इस सीट पर लगातार चार बार जीत हासिल की। दुमका सीट से जीत-हार की राजनीति का गणित बदलता रहा है। 1998-99 में पहली बार भाजपा ने बाबूलाल मरांडी के सहारे इस सीट पर जीत का झंडा गाड़ा और शिबू सोरेन को शिकस्त देनेवाले बाबूलाल भाजपा का बड़ा चेहरा बन कर उभरे। तब अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में वन और पर्यावरण राज्यमंत्री बनाये गये। भाजपा के लिए यह जीत संताल परगना में पैर पसारने की जगह तैयार करनेवाली थी।

### क्या है वर्तमान स्थिति

दुमका संसदीय सीट अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है। इस लोकसभा क्षेत्र में कुल छह विधानसभा सीटें आती हैं। शिकारीपाड़ा (एसटी), जामताड़ा, दुमका (एसटी), नाला, सारथ और जामा (एसटी) विधानसभा क्षेत्र इसके तहत आते हैं। दुमका लोकसभा सीट पर आदिवासी मतदाता ही तुरुप का इक्का रहे हैं। 1980 में जब सोरेन पहली बार जीते थे, तो अंतर चार हजार से भी कम था, लेकिन आदिवासियों में मजबूत पकड़ की बदौलत गुरुजी की जीत का अंतर 1989 में 1.10 लाख तक पहुंच गया। 1996 में कांटे के मुकाबले में उन्होंने बाबूलाल मरांडी को करीब साढ़े पांच हजार वोटों से शिकस्त दी थी। अगले दो लोकसभा चुनाव को छोड़ कर 2002 के उपचुनाव के बाद से 2019 तक यह सीट लगातार शिबू सोरेन के पास ही रही।

### दुमका संसदीय क्षेत्र का जातीय गणित

2011 की जनगणना के मुताबिक दुमका जिले की आबादी 13 लाख 21 हजार 442 है। इसमें से 6.68 लाख से अधिक पुरुष और 6.52 लाख से अधिक महिलाएं हैं। जिले की 93.18 फीसदी आबादी ग्रामीण इलाकों में रहती है, वहीं शहरी इलाकों में रहनेवालों की तादाद 6.82 फीसदी है। दुमका आदिवासी बहुल जिला है और यहां उनकी जनसंख्या 5.71 लाख यानी 43.21 फीसदी है। इसके अलावा जिले में 1.06 लाख (8.09 प्रतिशत) मुस्लिम और 86 हजार (6.54 प्रतिशत) इसाई आबादी निवास करती है।

### दुमका का सियासी समीकरण

पिछले चुनाव में भाजपा प्रत्याशी सुनील सोरेन ने शिबू सोरेन को हराया था। इस बार के चुनाव में स्वास्थ्य कारणों से शिबू सोरेन के मैदान में उतरने की संभावना कम है, लेकिन झामुमो के लिए इसे दोबारा जीतना आसान नहीं होगा। पिछड़ेपन, भ्रष्टाचार और पलायन जैसे मुद्दे भाजपा से अधिक झामुमो के सामने चुनौती बन कर खड़े हैं। दुमका में जीत-हार आदिवासी मतदाताओं पर निर्भर है, लेकिन इसके अलावा करीब 14.5 प्रतिशत मुस्लिम और इसाई वोट बैंक भी जीत-हार में निर्णायक हो सकता है।

जहां तक 2024 के चुनाव में सीट की दावेदारी का सवाल है, दुमका में विपक्षी गठबंधन में तस्वीर एकदम साफ है। इस सीट पर झामुमो का स्वाभाविक दावा है। झामुमो इस सीट पर शिबू सोरेन को उतारता रहा है। इस बार परिस्थिति बदलने के संकेत मिल रहे हैं। शिबू सोरेन की अस्वस्थता को देखते हुए सोरेन परिवार से किसी नये सदस्य के चुनाव लड़ने की चर्चा क्षेत्र में है। बहरहाल झामुमो ने इसको लेकर कोई संकेत फिलहाल नहीं दिये हैं, लेकिन दुमका का चुनावी रोमांच बढ़ गया है।

### भाजपा के लिए भी यह अहम सीट

आनेवाले लोकसभा चुनाव में भी भाजपा और झामुमो की राजनीतिक ताकत इस सीट से तौली जायेगी। पिछले चुनाव में झामुमो के दिग्गज नेता शिबू सोरेन को मात देकर भाजपा के सुनील सोरेन चुनाव जीते थे। सुनील सोरेन के सामने पार्टी के अंदर और चुनावी जमीन पर कई चुनौतियां हैं। सुनील सोरेन की सक्रियता को लेकर पार्टी के अंदर सवाल उठते रहे हैं। कार्यकर्ताओं के एक वर्ग के नाराज होने की बात भी कही जा रही है। ऐसे में एक बार फिर दावेदारी को लेकर सुनील सोरेन को मशक्कत करनी पड़ सकती है। वहीं रघुवर सरकार में मंत्री रहीं लुइस मरांडी भी इस सीट से दावेदार बतायी जाती हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में टिकट के लिए लुइस मरांडी ने अपनी ताकत लगायी थी। इस सीट पर जिलाध्यक्ष पारितोष सोरेन और जामा विधानसभा से चुनाव लड़नेवाले सुरेश मुर्मू भी समय-समय पर अपनी दावेदारी करते रहे हैं।

### छह सीटों में चार पर झामुमो का कब्जा

दुमका संसदीय सीट में छह विधानसभा सीटें हैं। इसमें शिकारीपाड़ा, नाला, दुमका और जामा में झामुमो का कब्जा है। वहीं जामताड़ा कांग्रेस के पास है और सारठ से भाजपा जीत कर आयी है। दुमका संसदीय क्षेत्र की विधानसभा सीटों पर झामुमो का लंबे समय से बेहतर प्रदर्शन रहा है। आनेवाले चुनाव में भी भाजपा के सामने ये चुनौतियां होंगी।

#### दुमका के अब तक के सांसद

- 1957: देबी सोरेन (जेएचपी)
- 1962: सत्य चंद्र बेसरा (कांग्रेस)
- 1967: सत्य चंद्र बेसरा (कांग्रेस)
- 1971: सत्य चंद्र बेसरा (कांग्रेस)
- 1977: बटेश्वर हेमरम (भारतीय लोकदल)
- 1980: शिबू सोरेन (निर्दलीय)
- 1984: पृथ्वी चंद किस्कू (कांग्रेस)
- 1989: शिबू सोरेन (जेएमएम)
- 1991: शिबू सोरेन (जेएमएम)
- 1996: शिबू सोरेन (जेएमएम)
- 1998: बाबूलाल मरांडी (बीजेपी)
- 1999: बाबूलाल मरांडी (बीजेपी)
- 2002 उपचुनाव: शिबू सोरेन (जेएमएम)
- 2004: शिबू सोरेन (जेएमएम)
- 2009: शिबू सोरेन (जेएमएम)
- 2014: शिबू सोरेन (जेएमएम)

#### 2019 का चुनाव परिणाम

| नाम | पार्टी | प्राप्त मत |
|---|---|---|
| सुनील सोरेन | भाजपा | 484923 |
| शिबू सोरेन | झामुमो | 437333 |
| डॉ श्रीलाल किस्कू | (निर्दलीय) | 16562 |

# भाजपा में शामिल होने के बाद पाक-साफ हो जा रहे हैं ट्रायल फेस कर रहे सांसद, विधायक: सुप्रियो

**जेएमएम महासचिव ने कसा तंज, कहा- भाजपा कहती है कि हमारे लिए आदिवासी सम्मान सर्वोच्च**

**लेकिन आदिवासी सीएम नहीं चाहिए, आदिवासी सीएम होगा तो उसका स्थान जेल में होगा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** लोकसभा चुनाव और आदिवासियों के हक अधिकार को लेकर झामुमो ने भाजपा पर जम कर हमला किया है। झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने आरोप लगाया है कि देश में सैकड़ों सांसद, विधायक और नेता मुकदमे का ट्रायल फेस कर रहे थे, लेकिन भाजपा में शामिल होने के बाद साफ-पाक हो गये। सुप्रियो भट्टाचार्य सोमवार को रांची स्थित प्रदेश कार्यालय में प्रेस को संबोधित कर रहे थे। सुप्रियो भट्टाचार्य ने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि देश के 704 विधायक, सांसद भाजपा में शामिल हुए और उन पर कानूनी कार्रवाई भी हुई, लेकिन आज वे सभी लोग उनकी अंगुली के नगीने हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा बोलती है कि हमारे लिए आदिवासी सम्मान सर्वोच्च है, लेकिन आदिवासी सीएम नहीं चाहिए, आदिवासी सीएम होगा, तो उसका स्थान जेल में होगा।

### आदिवासी राष्ट्रपति रायसीना में कैद

सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि आदिवासी राष्ट्रपति को रायसीना में कैद कर के रख दिया गया है। वर्तमान आदिवासी राष्ट्रपति को संसद के उद्घाटन से दूर रखा गया। चुनाव आयोग सिर्फ चुनाव की तिथि बतायेगा, इडी इलेक्शन डिपार्टमेंट का काम है चुनाव कराना। उन्होंने कहा कि किसान आंदोलन पर बर्बरता की जा रही है। पीएम दलहन उगाने और खरीदने की अगर बात कर रहे हैं, तो वह भी अडाणी के लिए। कपास उगाने की बात हो रही है, वो भी अंबानी के लिए। पीएम के पास विदेश का निमंत्रण आ रहा है, तो पूरे देश से हेमंत सोरेन के लोगों का निमंत्रण आ रहा है।

### देश में बहुत कुछ बदल गया

भट्टाचार्य ने कहा कि विगत दस साल के शासन में पीएम मोदी ने कई चीजों की परिभाषा बदल डाली। 2014 में मोदी ने कहा, हमारे आने के बाद देश में बहुत कुछ नया होगा। देश बदल जायेगा। 2019 में कहा था कि क्या खाना, क्या नहीं खाना है। क्या पहनना है, क्या नहीं पहनना है। क्या पढ़ना है, क्या नहीं पढ़ना है। क्या सुनना है क्या नही सुनना है। विपक्ष मतलब भ्रष्टाचारी और जो भाजपा में है सदाचारी। जो शासन के हां में हां मिलाये वह राष्ट्रवादी। जो शासन का विरोध करे वह देशद्रोही। जो भाजपा के साथ चल जाये और डिप्टी सीएम, मंत्री और जो उनके साथ न जाये उसकी जगह जेल।

# बिक चुके हैं दिल्ली में जमे कांग्रेसी विधायक : एनोस



**रांची।** झारखंड पार्टी के प्रमुख और पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने दिल्ली में जमे कांग्रेसी विधायकों को निशाने पर लिया है। सिमडेगा में सोमवार को पार्टी कार्यकर्ताओं संग आयोजित एक कार्यक्रम के बाद मीडिया से बात करते कांग्रेस विधायकों पर चुटकी ली। कहा कि जो भी कांग्रेस के विधायक सरकार से नाराज हैं, वे भाजपा के हाथों बिक चुके हैं। कांग्रेसी विधायक भी यही चाहते हैं कि यहां का कंट्रोल दिल्ली से ही होता रहे। अभी तो ऐसा लगता है कि वे बीजेपी के हाथों बिक गये हैं। प्रदेश सरकार को अस्थिर करने में लगे हैं। उनका ध्यान क्षेत्र के लोगों के विकास और उनकी भावनाओं पर नहीं है। इस क्षेत्र की जनता कांग्रेस, झामुमो से ऊब चुकी है। भ्रष्टाचार चरम पर है। अब जनता बदलाव का मन बना चुकी है।

## पश्चिमी सिंहभूम में पीएलएफआइ उग्रवादियों का उत्पात

# पोकलेन को किया आग के हवाले बैनर लगा कर ली हमले की जिम्मेदारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**चाइबासा।** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के मनोहरपुर थाना क्षेत्र के रेंगालबेड़ा में पीएलएफआइ उग्रवादियों ने तालाब निर्माण कार्य में लगे पोकलेन में आग लगा दी। घटना रविवार आधी रात की बतायी जा रही है। घटना के बाद मजदूरों में दहशत है। वे निर्माण स्थल से डर कर भाग गये हैं। जानकारी के अनुसार, पीएलएफआइ उग्रवादियों का एक समूह तालाब निर्माण स्थल पर पहुंचा और पोकलेन में आग लगा दी। इससे पोकलेन पूरी तरह जल गया है। पोकलेन मशीन में आग लगायक जाने की सूचना पुलिस को दी गयी, जिसके बाद सोमवार सुबह पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस घटना के संबंध में आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। पोकलेन जलाने के बाद पीएलएफआइ उग्रवादियों ने घटना स्थल पर एक बैनर भी छोड़ा है। इस बैनर के जरिए पीएलएफआइ उग्रवादियों ने घटना की जिम्मेदारी ली है। उसमें लिखा है कि संगठन से संपर्क किये बिना कोई भी काम किया गया तो फौजी कार्रवाई होगी। इस घटना के बाद लोग डरे हुए हैं। तालाब निर्माण कार्य में लगे मजदूर भी भाग गये हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक लेवी मांगने के लिए ही पीएलएफआइ उग्रवादियों ने पोकलेन में आग लगायी है और फिर बैनर लगाया है। इस क्षेत्र में काम करने के नाम पर चाहे भाकपा माओवादी हों या पीएलएफआइ उग्रवादी संगठन, दोनों लेवी चाहते हैं। लेवी नहीं देने के कारण पहले भी संगठन द्वारा निर्माण कार्य में लगे वाहनों और मशीनों को आग के हवाले किया जा चुका है।

www.epaper.azadsipahi.in

20 फरवरी, 2024
माघ, शुक्ल पक्ष, द्वादशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
मंगलवार, वर्ष 09, अंक 121







## न्यूज रील्स

### राहुल की यात्रा में अखिलेश नहीं

लखनऊ (आजाद सिपाही)। कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा सोमवार को अमेठी पहुंची। इसमें समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव को भी शामिल होना था, लेकिन वे नहीं पहुंचे। उन्होंने कहा कि सपा कार्यकर्ता राहुल गांधी की यात्रा में तब तक शामिल नहीं होंगे, जब तक सीट शेयरिंग पर फैसला नहीं होता। उन्होंने यह भी कहा कि लोकसभा सीट शेयरिंग को लेकर कांग्रेस के साथ कई दौर की बातचीत हो चुकी है। कई सूचियां उधर से आयी हैं और कई इधर से भी गयी हैं, लेकिन, कोई नतीजा नहीं निकला। उधर, सपा ने कांग्रेस को प्रदेश की 11 सीटें ऑफर की हैं। हालांकि ये कौन सी सीटें होंगी, इसकी आधिकारिक जानकारी अभी सामने नहीं आयी है।

### मौर्य ने नयी पार्टी का एलान किया

लखनऊ (आजाद सिपाही)। पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने नयी पार्टी का एलान किया है। उनकी पार्टी का नाम राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी है। सोमवार को मौर्य ने पार्टी का झंडा लांच किया। नीला, लाल और हरे रंग की पट्टी वाले इस झंडे में बीच में आरएसएसपी लिखा हुआ है। स्वामी प्रसाद ने 13 फरवरी को सपा के महासचिव पद से इस्तीफा दिया था। सात दिन बाद ही उन्होंने पार्टी का एलान कर दिया। राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी साहेब सिंह धनगर की है। मौर्य ने इसे री-लॉन्च किया है।

### सुप्रीम कोर्ट ने बैलट पेपर मंगाये

चंडीगढ़। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को चंडीगढ़ मेयर चुनाव दोबारा कराये जाने की जगह नयी व्यवस्था दी। कोर्ट ने कहा कि मौजूदा बैलट पेपर्स की गिनती कर चंडीगढ़ मेयर का चुनाव किया जाये। बैलट पेपर्स पर अगर पूर्व रिटर्निंग ऑफिसर अनिल मसीह ने कोई निशान लगाये हैं तो उन्हें नजरअंदाज करके काउंटिंग की जाये। सुप्रीम कोर्ट ने बैलट पेपर्स कोर्ट में पेश करने के निर्देश दिये हैं।

### सीएम ने किया तीन दिवसीय इटखोरी महोत्सव का उद्घाटन

# सभी धर्म-समुदाय के धार्मिक स्थलों को संरक्षित करेंगे: चंपाई

- चतरा जिला के इटखोरी स्थित मां भद्रकाली मंदिर में पूजा-अर्चना की
- झारखंडवासियों की सुख-समृद्धि एवं उन्नति की कामना की

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**इटखोरी।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा है कि समाज के अंदर सबसे ज्यादा देवी मां की ही पूजा-अर्चना की जाती है। संसार में मां का अलग और महत्वपूर्ण स्थान है, चाहे वो भगवान रूपी देवी मां हों या मनुष्य को जन्म देनेवाली मां हों। मां सदैव पूजनीय एवं वंदनीय होती हैं। मनुष्य जीवन को अत्याचार और दुराचार से बचाने के लिए ही देवी मां का अवतरण होता है। मां ही हम सभी की दशा-दिशा तय करती हैं। हम सभी लोग विद्या, ज्ञान के लिए सरस्वती माता की वंदना करते हैं, वहीं सुख समृद्धि और वैभव के लिए लक्ष्मी मां की पूजा-अर्चना करते हैं। इसी प्रकार मां भद्रकाली के पूजन से हम सभी लोगों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। मुख्यमंत्री सोमवार को चतरा जिला के तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव के उद्घाटन के मौके पर बोल रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री ने मां भद्रकाली मंदिर में पूजा-अर्चना कर समस्त झारखंड वासियों की सुख समृद्धि एवं उन्नति की कामना की। उन्होंने कहा कि तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव के अवसर पर मैं पूरे राज्यवासियों को अपनी ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं।




### हेमंत ने जो दीया जलाया, बुझने नहीं देंगे

चंपाई सोरेन ने कहा कि झारखंड के आदिवासी, दलित, मजदूर, किसान, अल्पसंख्यक सहित सभी वर्ग-समुदाय के बच्चे-बच्चियों को गुरूजी क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ हमारी सरकार दे रही है। अब हमारे बच्चों की पढ़ाई पैसों के कारण नहीं रुकेगी। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इन सभी वर्गों के बच्चों-बच्चों के लिए शिक्षा का जो 'दीया' जलाने का कार्य कर दिखाया है, उसे कभी बुझने नहीं दिया जायेगा। हमारी सरकार शिक्षा व्यवस्था को निरंतर सुदृढ़ करने हेतु प्रयासरत है। शिक्षित समाज से ही विकसित राज्य का निर्माण किया जा सकेगा।

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार ने पहले से ही यह तय कर रखा है कि राज्य के भीतर सभी धर्म-समुदाय के धार्मिक स्थलों को संरक्षित किया जायेगा। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में ही हमारी सरकार शहर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी सभी वर्ग समुदाय के धार्मिक स्थलों का सुंदरीकरण कार्य करते हुए संरक्षित करने का काम कर रही है।

राजकीय इटखोरी महोत्सव के अवसर पर विभिन्न वर्ग-समुदायों के धर्मगुरु भी यहां उपस्थित हैं। आज बहुत उमंग और खुशी का दिन है। हम सभी लोग आज माता रानी की पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। किसी भी वर्ग-समुदाय के लोगों को उनकी धार्मिक आस्था पर कोई ठेस न पहुंचे, इस हेतु हमारी सरकार कृतसंकल्पित है। इटखोरी देश और दुनिया में एक बड़े धार्मिक स्थल के रूप में विकसित हो रहा है। आनेवाले समय में इटखोरी एक जाना-पहचाना धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में स्थापित हो, यह राज्य सरकार की प्राथमिकता है।

**वर्ष 2027 तक 20 लाख परिवारों को देंगे पक्का मकान :** मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2027 तक हमारी सरकार राज्य के 20 लाख आवासविहीन परिवार को पक्का मकान देगी। जो लोग आज मिट्टी के कच्चे घरों में या झुग्गी-झोंपड़ियों पर रहने को विवश हैं, उन्हें प्राथमिकता के तौर पर हम पक्का मकान देने का कार्य प्रारंभ कर चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस आधुनिक युग में देश और दुनिया जब इतनी रफ्तार से विकास कर रही है, तब हम झारखंड को किसी भी हाल में पीछे नही रहने देंगे। झारखंड हमेशा से खनिज संपदाओं वाला राज्य माना जाता है, परंतु विडंबना है कि हमारी खनिज संपदाओं का सबसे ज्यादा लाभ दूसरे प्रदेश के लोगों ने लिया है। हमारी सरकार हर हाल में इस स्थिति को बदलेगी। यहां के मूलवासी और आदिवासी समाज को हम सामाजिक, आर्थिक तथा शैक्षणिक रूप से मजबूत बनाने पर काम करेंगे। हेमंत सोरेन की सोच को आगे बढ़ाते हुए राज्य को हर क्षेत्र में प्रगति की ओर ले जाना है।

**कार्यक्रम में थे मौजूद :** इस अवसर पर मंत्री सत्यनानंद भोक्ता, बादल और विधायक किशुन कुमार दास के अलावा मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे, बौद्ध धर्म गुरु स्वामी रविंद्र कीर्ति जी, धर्म गुरु नांगजेय दोरजे जी, प्रधान पुजारी नागेश्वर जी, दिगंबर जैन धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष ताराचंद जैन सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### लखनऊ में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में शामिल हुए प्रधानमंत्री

# यूपी मतलब अल्टीमेट पोटेंशियल : नरेंद्र मोदी

10 लाख करोड़ के 14619 प्रोजेक्ट का किया शुभारंभ

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि योगी आदित्यनाथ ने उत्तरप्रदेश को नयी परिभाषा दी है। यूपी मतलब अल्टीमेट पोटेंशियल है। उन्होंने कहा कि जितना किसान को फायदा होगा, उतने फायदे का बिजनेस होगा। हर हिंदुस्तानी को गर्व होता है, यूपी को एक ट्रिलियन की इकोनॉमी बनायेंगे, बाकी राज्य भी सीखें। उम्मीद है कि इससे 33.5 लाख से ज्यादा रोजगार मिल सकेंगे। प्रधानमंत्री मोदी सोमवार को लखनऊ में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 का उद्घाटन मौके पर बोल रहे थे। उन्होंने 10 लाख करोड़ की 14619 योजनाओं का शुभारंभ किया।

**कांग्रेस को भारत रत्न देना पसंद नहीं आया :** प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तरप्रदेश की धरती के बेटे चौधरी चरण को भारत रत्न दिया। ये बात कांग्रेस को पसंद नहीं आयी। उनका नाम लेकर राजनीति करनेवाले कई दलों ने उनकी बातों को नहीं माना। उन्होंने छोटे किसानों के लिए जो किया, वह देश कभी नहीं भूल सकता। कांग्रेस गरीब, मजदूर, किसान, पिछड़ों का सम्मान नहीं करती है।

**मैं वेडिंग इन इंडिया के लिए कहता हूं :** मोदी ने कहा कि जब आप घूमने जा रहे हैं, तब वहां जो भी कुछ खास बनता हो, उसे खरीदने के लिए 10 फीसदी रकम जरूर रखें। इससे एमएसएमइ को बढ़ावा मिलेगा। अमीरी का फैशन चल पड़ा है। शादी विदेश में करो। इतना बड़ा



देश, क्या यहां शादी नहीं कर सकते हैं। मैं वेडिंग इन इंडिया कहता हूं। देश के लिए काम करके भी उसकी सेवा होती है।

**तीन करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनायेंगे :** प्रधानमंत्री ने कहा कि मोदी की गारंटी है कि भारत के हर वासी को उसका हक मिले। चाहे पक्का घर हो, मुफ्त इलाज हो। साथियों मोदी आज उनको भी पूछ रहा है, जिन्हें पहले किसी ने नहीं पूछा। हमने गरीबों के लिए चार करोड़ मकान बनाये। दस हजार बहनों को सेल्फ हेल्प ग्रुप से जोड़ा है। अभी तक एक करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाया जा चुका है। तीन करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाकर रहेंगे।

**मोदी की गारंटी की बहुत चर्चा है :** प्रधानमंत्री ने कहा कि आज आप दुनिया में कहीं भी जायें, भारत को लेकर अभूतपूर्व पॉजीटिविटी दिख रही है। चार-पांच दिन पहले कतर की विदेश यात्रा से लौटा हूं। हर देश भारत की ग्रोथ स्टोरी को लेकर पॉजीटिविटी से भरा हुआ है। आज देश में मोदी की गारंटी की बहुत चर्चा है। लेकिन पूरी दुनिया भारत को बेहतर रिटर्न की गारंटी मान रही है।

**यूपी में बिजनेस कल्चर डेवलप हुआ :** मोदी ने कहा कि उत्तरप्रदेश में क्राइम कम हुआ है, बिजनेस कल्चर का विस्तार हुआ। बीते सात साल में यूपी में व्यापार, विकास और विश्वास का माहौल बना। बदलाव की सबकी नियत है, तब उसे कोई रोक नहीं सकता है। बीते कुछ साल में यूपी से होनेवाले एक्सपोर्ट अब दो गुना हो चुका है। आज यूपी वो राज्य है, जहां देश के सबसे ज्यादा एक्सप्रेस-वे हैं। जहां सबसे ज्यादा इंटरनेशनल एयरपोर्ट हैं। जहां देश की पहली रैपिड रेल चल रही है।

### उत्तम प्रदेश से अब उद्यम प्रदेश बनने जा रहा है : योगी

लखनऊ (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज छह साल के अंदर हम ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 का आयोजन हो रहा है। औद्योगिक निवेश के बारे में कौटिल्य ने कहा था कि आर्थिक समृद्धि के लिए भूमि, पूंजी पर ध्यान देना होगा। मुझे कहते हुए अच्छा लग रहा है कि यह सब यूपी में मौजूद है। शुरुआती चरण में उद्यमियों ने हम पर भरोसा जताया था। निवेश परियोजनाओं में लाखों नौजवानों को जॉब मिली। कोविड के बावजूद तीसरा ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी की गयी। 80 हजार करोड़ के निवेश आये। 10-12 फरवरी 2023 में ग्लोबल इंवेस्टर समिट में आप सभी सहभागी रहे हैं। देश-दुनिया के उद्यमियों ने हम पर भरोसा जताया। 40 लाख करोड़ का निवेश प्रस्ताव हमें मिल चुके हैं। उत्तरप्रदेश उत्तम प्रदेश बन कर अब उद्यम प्रदेश बनने जा रहा है।

### रामगढ़ के वेस्ट बोकारो में कोयला तस्करों का दुस्साहस

# छापामारी करने पहुंची पुलिस टीम पर जानलेवा हमला

- अवैध कोयला के विरुद्ध कार्रवाई करने पहुंचे जवान जान बचा कर भागे
- दौड़ा कर तस्करों ने फिर हमला किया
- अवैध कोयला लदा ट्रैक्टर छुड़ा कर ले भागे


**बीरू कुमार**

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** वेस्ट बोकारो ओपी क्षेत्र में कोयला तस्करों ने डीआइजी की टीम पर हमला किया और इस क्रम में अवैध कोयला लदा ट्रैक्टर छुड़ा कर ले भागे। तस्करों ने जानलेवा हमला कर सरकारी वाहन को भी क्षतिग्रस्त कर दिया है। पुलिस टीम ने जब भागने का प्रयास किया, तो उस पर पथराव भी किया गया। पथराव से बचने के लिए टीम में शामिल अधिकारी और कर्मियों ने वाहन में छुप कर अपनी जान बचायी। इधर पुलिस ने नामजद सहित अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### मामला दर्ज कर लिया गया है: डीआइजी

इस संबंध में हजारीबाग डीआइजी सुनील भास्कर ने बताया कि घटना घटी है। मेरी स्पेशल टीम पर तस्करों ने हमला किया है। वेस्ट बोकारो ओपी में मामला दर्ज करा दिया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

जानकारी के अनुसार हजारीबाग डीआइजी सुनील भास्कर को रविवार की देर शाम गुप्त सूचना मिली कि वेस्ट बोकारो (घाटो) ओपी क्षेत्र के लइयो, केदला, गोसी से अवैध कोयले का कारोबार बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। सूचना पर श्री भास्कर ने एक विशेष टीम का गठन कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया, जिसके बाद टीम का नेतृत्व कर रहे सब इंस्पेक्टर दीपक कुमार पासवान अपनी टीम के साथ केदला के कलाली मोड़ के निकट पहुंचे। इसी बीच अवैध कोयला लेकर आ रहे ट्रैक्टर को रुकने का इशारा किया, जिसके बाद ट्रैक्टर चालक ने ट्रैक्टर को रोक दिया। टीम में शामिल अधिकारी ट्रैक्टर को जब्त कर आगे बढ़ने लगे। इसी बीच कोयला कारोबारी जानकी अपने 50-60 सहयोगियों के साथ हरवे हथियार से लैस होकर पहुंचे और टीम पर हमला कर जब्त ट्रैक्टर को छुड़ा कर ले गये। इस दौरान टीम में शामिल अधिकारी घटनास्थल से भाग कर चोपड़ा मोड़ पहुंचे। लेकिन कोयला तस्करों ने दुबारा पीछा कर उन पर हमला कर दिया, जिससे कई पुलिसकर्मियों को चोट भी लगी। हमले में वाहन क्षतिग्रस्त हो गया है। अधिकारी किसी तरह जान बचा कर भागने में कामयाब रहे, जिसके बाद वेस्ट बोकारो ओपी पहुंच कर जानकी और 30-40 अज्ञात के विरुद्ध आवेदन देकर मामला दर्ज कराया है।




# तीन दिन से दिल्ली में टिके हैं कांग्रेस के बागी विधायक

पार्टी अध्यक्ष से मुलाकात की मांग पर हैं अड़े

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची/नयी दिल्ली।** झारखंड कांग्रेस के बागी विधायक तीसरे दिन भी दिल्ली में टिके रहे। वे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मिलने के लिए अड़े हुए हैं। उन्होंने स्पष्ट कह दिया है कि जब तक राष्ट्रीय नेतृत्व से नहीं मिलेंगे, रांची नहीं लौटेंगे। वे बजट सत्र में भी शामिल नहीं होंगे। उधर, सोमवार शाम तक पार्टी नेतृत्व से मिलने का समय तय नहीं हो पाया था। चर्चा यह भी है कि विधायक अब दिल्ली से दूसरी जगह कूच करने के मूड में हैं। गौरतलब है कि चंपाई सरकार में कांग्रेस कोटे के पुराने मंत्रियों को फिर से जगह देने से कांग्रेस के 12 विधायक नाराज हैं। उन्होंने बागी तेवर अपना लिया है। प्रदेश स्तर पर उन्हें मनाने की पूरी कोशिश की गयी, लेकिन वे नहीं माने। इसके बाद शनिवार रात 12 में आठ विधायक दिल्ली चले गये। नाराज विधायकों से बातचीत करने की जिम्मेदारी मध्यप्रदेश कांग्रेस विधायक दल के नेता उमंग सिंघार को दी गयी थी। रविवार रात रविवार को सिंघार ने विधायकों से मुलाकात की थी। उनके साथ झारखंड कांग्रेस के प्रभारी गुलाम अहमद मीर भी मौजूद थे। दोनों नेताओं से नाराज कांग्रेस विधायकों की वन-टू-वन बात हुई। हालांकि इस बैठक का कोई फलाफल नहीं निकला। वे पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल से मिल कर अपनी बात रखना चाहते हैं। उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि उनकी मांग नहीं मानी गयी, तो वे 23 फरवरी से आयोजित होने वाले विधानसभा के बजट सत्र में शामिल नहीं होंगे।

# सरकार का प्रस्ताव किसानों को नामंजूर

केंद्र को आज तक का समय, 21 को दिल्ली कूच तय

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चंडीगढ़।** एमएसपी की कानूनी गारंटी पर रविवार को चंडीगढ़ में किसान नेताओं और तीन केंद्रीय मंत्रियों के बीच चौथे दौर की बैठक हुई। इसमें केंद्र सरकार चार और फसलों पर एमएसपी देने को तैयार हो गयी है। केंद्र के इस प्रस्ताव पर बैठक में मौजूद किसान नेताओं ने कहा कि वह सभी संगठनों से बात कर इस पर अंतिम फैसला बतायेंगे। वहीं हरियाणा के बॉर्डर पर किसान डटे हुए हैं।

उधर, राजस्थान के ग्रामीण किसान मजदूर समिति के मीडिया प्रभारी रणजीत राजू ने बताया कि सरकार के प्रस्ताव पर किसानों की सहमति नहीं बन सकी है। सभी फोरमों में बात करने के बाद अब किसान नेताओं ने फैसला लिया है कि 21 फरवरी को दिल्ली के लिए कूच करेंगे। सरकार अपने प्रस्ताव के जरिये सिर्फ हरियाणा पंजाब के किसानों को देख रही है, जबकि आंदोलन देशभर के किसानों की विभिन्न फसलों के लिए है। वहीं धान पर सरकार एमएसपी देने के लिए राजी हुई है, मगर पैदावार अपने हिसाब से कराना चाहती है।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 20 फरवरी, 2024
www.azadsipahi.in


## हजारीबाग, रामगढ़, चतरा और कोडरमा के 28 हजार 295 लाभुकों को चंपाई सोरेन ने सौंपा स्वीकृति पत्र

# हमारी सरकार आश्वासन देने में नहीं, काम में विश्वास करती है: सीएम

**बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से पहली किस्त के रूप में 84 करोड़ 88 लाख 50 हजार का किया हस्तांतरण**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने हजारीबाग में अबुआ आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृति पत्र वितरण समारोह को संबोधित करते हुए कहा की रोटी, कपड़ा और मकान हर किसी की बुनियादी जरूरत है। राज्य का कोई भी व्यक्ति इससे वंचित नहीं रहेगा, इसके लिए सरकार संकल्पित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हर बुजुर्ग, विधवा और दिव्यांग को पेंशन मिल रहा है। 20 लाख से ज्यादा लाभुकों को हरा राशन कार्ड के जरिये मुफ्त अनाज दे रहे हैं। गरीबों को वर्ष में दो बार धोती, साड़ी और लूंगी दिया जा रहा है। अबुआ आवास योजना के तहत 20 लाख आवास विहीन, गरीब और जरूरतमंद को तीन कमरों का सुसज्जित पक्का मकान उपलब्ध कराने की दिशा में हमारी सरकार ने कदम बढ़ा दिए हैं। वर्ष 2027 तक इस राज्य में कोई भी व्यक्ति टूटे - फूटे और जर्जर घर में रहने को मजबूर नहीं होगा। सभी का अपना पक्का मकान होगा।

### हेमंत सोरेन के कार्यों को आगे बढ़ा रहे हैं

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2019 में हमारी सरकार को पांच वर्षों के लिए जनादेश मिला था। हेमन्त सोरेन ने मुख्यमंत्री का दायित्व संभाला। पिछले 4 वर्षों से वे अपने कुशल नेतृत्व में राज्य के विकास को नयी दिशा देने का काम कर रहे थे। उन्होंने पिछले 4 वर्षों में जनता के हित में जो नीतियां और योजनाएं बनाई, उसे ही हम आगे बढ़ने का कार्य कर रहे हैं। हमारा प्रयास है कि हेमंत सोरेन की सोच और विजन के अनुरूप झारखंड को एक नई दिशा दे सकें।

### हम जो कहते हैं उसे पूरा करते हैं

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार सिर्फ आश्वासन नहीं देती है। हम जो कहते हैं उसे निश्चित तौर पर पूरा करते हैं। पिछले 4 वर्षों में सरकार की ओर से जो भी योजनाएं बनी है, वह जनता की आकांक्षाओं और उम्मीदों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। खनिज-संपदा से भरपूर फिर भी यहां के लोग पिछड़ते गये



मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड जल- और खनिज संपदा से संपन्न राज्य है। यहां के खनिजों से देश- दुनिया जगमग कर रहा है लेकिन, अफसोस की बात है कि यहां के आदिवासी-मूलवासी लगातार पिछड़ते गये। यहां के लोगों की किसी ने सुध नहीं ली। ना तो उनकी रोजगार की किसी को चिंता रही और ना ही स्वाभिमान की।

### आपके दरवाजे पर पहुंच रही सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज सरकार आपके दरवाजे पर सीधे पहुंच रही है। आपकी योजना- आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के जरिये आपकी समस्याओं का समाधान और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आपको अपने घर पर देने का काम हमारी सरकार ने किया।

### खेतों में पानी उद्योगों को बढ़ावा

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को सशक्त बनने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। आज भूमिगत पाइपलाइन के माध्यम से खेतों में पानी पहुंचाने का काम तीव्र गति से चल रहा है। हमारा प्रयास है कि हर खेत में सिंचाई की सुविधा हो ताकि किसान सालों भर खेती कर सकें।

### हर परिवार और समुदाय को सम्मान

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार व्यक्ति, परिवार और समाज को सम्मान दे रही है। लोगों को पूरे मान सम्मान के साथ उनका हक- अधिकार दिया जा रहा है। सभी के साथ न्याय हो रहा है।

### पढ़ाई में पैसे की तंगी नहीं बनेगी बाधा

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब गरीबों का बच्चा भी इंजीनियर डॉक्टर और अधिकारी बनेगा। बच्चों की पढ़ाई में अब पैसे की तंगी बाधा नहीं बनेगी। शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सरकार ने कई कदम उठाए हैं, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजनाओं का लाभ अब तक 9 लाख छात्राओं को मिल चुका है।

**28 हजार 2 सौ 95 लाभुकों को आवास का मिला स्वीकृति पत्र**

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कुल 28 हजार 295 लाभुकों को स्वीकृति पत्र प्रदान करने के साथ उनके बैंक खाते में पहली किस्त के रूप में डीबीटी के माध्यम से 84 करोड़ 88 लाख 50 हजार रुपये हस्तांतरित किये। इनमें हजारीबाग के 11648 रामगढ़ के 4236 चतरा के 7820 और कोडरमा के 4591 लाभार्थी शामिल हैं।

इस अवसर पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, बादल पत्रलेख, फागू बेसरा (राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त), विधायक विनोद कुमार सिंह, अमित कुमार यादव, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे, ग्रामीण विकास विभाग के सचिव चंद्रशेखर, डीसी नैंसी सहाय, झामुमो नेता डॉ कमल नयन सिंह, झामुमो केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया, कांग्रेस जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव समेत कई अधिकारी उपस्थित थे।

## मजदूरों के साथ हो रहा है अन्याय: प्रकाश



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिला समाहरणालय के समक्ष 12 फरवरी 2024 से ढिबरा स्क्रैप मजदूर का चल रहे अनिश्चितकालीन धरना को भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक और सीपीआइ नेता असगर अली धरना स्थल पर पहुंचकर पार्टी की ओर से नैतिक समर्थन दिया। वहीं भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक अपने संबोधन में कहा कि कोडरमा जिले में ढिबरा ही एक रोजगार है जहां हजारों लोग ढिबरा चुनकर अपना जीविका चलाते हैं। साथ ही साथ अपने बाल बच्चों की पढ़ाई और इलाज में खर्च कर पाते हैं ऐसी स्थिति में रदी ढिबरा चुनने पर जिला प्रशासन कठोर कार्रवाई कर मजबूर करते हैं। यह धरना आठवां दिन हो गया इसके बावजूद भी जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन कोडरमा की विधायक और सांसद मजदूरों का जायज मांगों को लेकर केंद्र सरकार से वार्ता कर धरना को समाप्त करवाने की जरूरत है। मजदूरों की जायज मांगों पर जिला प्रशासन अभिलंब विचार नहीं करती है तो भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी सड़क पर उतरकर आंदोलन को और तीव्र किया जायेगा।

## झुमरीतिलैया में पोषण सखी संघ की बैठक



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण सखी को पुनः बहाल करने की मांग को लेकर संघर्ष तेज करने का संकल्प सोमवार को ब्लॉक परिसर में बुद्धा पार्क के समीप पोषण सखी संघ की बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता संघ की जिलाध्यक्ष गायत्री पासवान ने किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि विधानसभा के बजट सत्र के दौरान अन्य जिलों की पोषण सखियों के साथ आंदोलन किया जायेगा। साथ ही आगे की रणनीति बनाने को लेकर 4 मार्च को जिला स्तरीय बैठक करने का निर्णय लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि पिछले दिनों कुपोषण मिटाओ अभियान के तहत झारखंड के छह जिलों चतरा, धनबाद, दुमका, गोड्डा, गिरिडीह और कोडरमा के आंगनबाड़ी केंद्रों मे 10388 पोषण सखी कार्यरत थी। जिन्हें केंद्र की मोदी सरकार के द्वारा दिया जाने वाला केन्द्रीय फंड बंद कर दिए जाने के कारण एक झटके में दो वर्ष पूर्व झारखंड सरकार ने इन्हें काम से हटा दिया। नौकरी वापसी के लिए पोषण सखी लगातार गुहार लगा सड़क से न्यायालय तक संघर्ष कर रही है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। अपनी रोजगार वापसी के लिए दर दर भटक रही है। आज जब केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण लोगों को कमरतोड़ महंगाई से जीना मुश्किल हो गया है, रोजगार के दरवाजे बंद कर दिये गये हैं। ऐसे में चम्पई सोरेन सरकार को इन हजारों पोषण सखी की तकलीफ को समझना चाहिए और इनकी पुनः बहाली पर विचार किया जाना चाहिए। अगर सरकार ने इन पोषण सखियों की पुनः बहाली नहीं किया तो आने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनावों में खामियाजा भुगतना पड़ेगा। बैठक में पोषण सखी संघ की जिलाध्यक्ष गायत्री पासवान, सचिव जरीना खातुन, रेखा कुमारी, कुमारी प्रतीमा, प्रियंका देवी, बेबी कुमारी, सरिता कुमारी, प्रीति कुमारी, शिल्पी देवी, सिमरन देवी, आदि मौजूद थी।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** विष्णुगढ़-गोमियां मार्ग स्थित सदारो में बाइक सवार युवक की मौत पेड़ से टकराने से घटना स्थल पर हो गयी। मिली जानकारी के मुताबिक थाना क्षेत्र के सदारो गझंडी मोड़ के पास बाइक सवार की दुर्घटना में घटनास्थल पर मौत हो गयी। बताया जाता है कि रीतलाल भुईया उर्फ.चरकू उम्र 30 वर्ष पिता कुंज बिहारी भुईया ग्राम कुसुंभा, थाना- विष्णुगढ़ जिला हजारीबाग का निवासी अपनी टीवीएस बाइक से गोमियां की ओर से अपने घर कुसुम्भा आ रहा था। इसी क्रम में सदारो गझंडी मोड़ के पास दोपहर में पेड से टकरा गया, जिससे उसकी मौत घटनास्थल पर हो गयी। खबर पाकर विष्णुगढ़ थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में कर थाना ले आयी। मृतक के परिजनों को इस हादसे की जानकारी मिलने पर विष्णुगढ़ थाने में उसका पूरा परिवार पहुंचा जिससे माहौल गमगीन हो गया।

## छत्रपति शिवाजी+2 विद्यालय ने मनायी वर्षगांठ

आजाद सिपाही संवाददाता



**दारु/हजारीबाग।** प्रखंड क्षेत्र के इरगा पंचायत के बड़वार मे स्तिथ छत्रपति शिवाजी+2 उच्च विद्यालय मे वीर शिवाजी की जयंती के दिन विद्यालय की छठी वार्षिक दिवस मनाया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर मे एक भव्य व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का विधिवत शुभारम्भ सांसद प्रतिनिधि सुरेश प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि बलदेव बाबू और समाजसेवी रामसेवक यादव ने दीप प्रजवलित कर और फीता काटकर किया। विद्यालय के प्राचार्य सिकंदर यादव ने मुख्य अतिथियों को पुष्प गुछ देकर और माला पहनाकर उनका स्वागत किया। इस कार्यक्रम की शुरूवात में विद्यालय की शिक्षिका अनिता पांडेय ने वीर शिवाजी की जीवनी पर प्रकाश डाला और उनके युद्ध कौशल के बारे में जानकारी दी। विद्यालय की छात्रावों ने स्वागत गीत पर शानदार डांस प्रस्तुत कर मुख्य अतिथियों का स्वागत किया। इसके साथ ही विद्यालय के छात्र छात्रावों ने इक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों का मन मोह लिया। इस कार्यक्रम में मौजूद सांसद प्रतिनिधि और विधायक प्रतिनिधि ने विद्यालय की वार्षिक स्थापना दिवस पर विद्यालय प्रबंधन और स्कूली बच्चों को बधाई देते हुए विद्यालय के उज्जवल भविष्य की कामना किया। प्राचार्य सिकंदर यादव ने विद्यालय के नित नये बढ़ते कदम की जानकारी दी। इस दौरान सदर प्रखंड उपप्रमुख रविकांत सिंह (उर्फ गोविंद सिंह), रविन्द्र कुमार , अमन गुप्ता और विद्यालय के शिक्षक विक्रम यादव, हरीश वर्मा, संतन शर्मा, रविंद्र कुमार, नसरीन परवीन, स्वीटी कुमारी, रंजू कुमारी, अंजली कुमारी, अलीशा नाज, रानी परवीन, सुजाता कुमारी, मनोरंजन यादव के साथ बच्चों के अभिभावक और बड़ी संख्या में स्कूली बच्चें मौजूद थे।

## ग्रामीणों को धमकाने वाला युवक गिरफ्तार



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के मुरकी से ग्रामीणों को फोन कर धमकाने और गाली गलौज करने के मामले में अभियुक्त गोलू कुमार पिता धनेश्वर साह बिहार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। बता दे की गोलू कुमार पिता धनेश्वर साह वार्ड नंबर 15 भेखोखड़ा थाना मोतीपुर (ताजपुर ) जिला समस्तीपुर बिहार निवासी टाटीझरिया थाना क्षेत्र के कुछ ग्रामीणों को फोन करके गाली गलौज और धमकी देता था। बहुत ही परेशान कर रहा था दूसरे दूसरे नंबर से फोन करके धमकाने लगा जिसकी लिखित आवेदन 27 जनवरी 2024 को थाना को दिया। गया प्रशिक्षु उपाधीक्षक सह टाटीझरिया थाना प्रभारी अनुभव भारद्वाज ने प्राथमिकी दर्ज कर धारा आई टी एक्ट के तहत कांड संख्या 5/24 के तहत मामला दर्ज किया गया।

## झामुमो प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह ने सीएम से की मुलाकात



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा बड़कागांव प्रखंड अध्यक्ष सह झारखंड श्रमिक संघ के जिला सचिव संजय सिंह ने सोमवार को हजारीबाग में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से मुलाकात कर व बुके भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान संजय सिंह ने कहा कि निश्चित तौर पर चंपई सोरेन के कार्यकाल में झारखंड सरकार के द्वारा में जनता के हित में अधिक से अधिक कार्य किये जायेंगे। जिसमें स्थानीय झारखंडियों का विशेष ख्याल रखा जायेगा। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के द्वारा झारखंड में जातीय जनगणना कराने का निर्णय एक बड़ा कदम है जिसका लाभ झारखंडियों को मिलेगा।

## अबुआ आवास का स्वीकृति पत्र लेने हजारीबाग पहुंचे 154 लाभुक



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र से 154 अबुवा आवास के लाभुक स्वीकृति पत्र लेने हजारीबाग गये। बता दें कि हजारीबाग में झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन चार जिलों के लाभुकों को जिनका अबुवा आवास स्वीकृत हुआ है वैसे लाभुकों के बीच हजारीबाग में सोरेन स्वीकृति पत्र बांटने आये थे। टाटीझरिया बीडीओ रश्मि खुशबू मिंज के नेतृत्व में प्रखंड के 154 लाभुक हजारीबाग गये सभी लाभुकों को ले जाने में प्रखंड के पदाधिकारी सुनील कुमार, पंचायत सेवक विश्वजीत दुबे, अर्जुन प्रसाद, रोजगार सेवक संतोष कुमार, अरूण रवि, चिंतामनी प्रसाद समेत अन्य है।

## आचार्य श्री विद्यासागर जी का पंचतत्व में विलीन होना संपूर्ण मानवता के लिए क्षति: टोनी जैन

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** इस युग के भगवान कहे जाने वाले संपूर्ण विश्व का कल्याण करने की सोच के साथ तथा प्रत्येक मानव के लिए करुणा बरसाने वाले जैन समाज के सबसे बड़े मुनिराज आचार्य गुरुवार श्री विद्यासागर जी महाराज ने डूंगरगढ़ छत्तीसगढ़ में सलेखना पूर्वक महा समाधि ले ली, हजारीबाग दिगंबर जैन समाज के कार्यकारिणी सदस्य टोनी जैन ने कहा कि अभी कुछ महीने पूर्व आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज का दर्शन करने का सौभाग्य हम लोगों को मिला, उनके समाधि लेने से संपूर्ण जीव जंतु मानव सभी शोक में डूब गये, क्योंकि आचार्य श्री सभी जीव पर करुणा दया बरसाते थे। 56 वर्ष पूर्व आचार्य श्री विद्यासागर जी ने अजमेर नगर में आचार्य श्री ज्ञान सागर जी महाराज से मुनी दशा को अंगीकार किया था। आत्म कल्याण के साथ-साथ संपूर्ण विश्व का कैसे कल्याण हो इसकी चिंतन वह लगातार करते रहते थे, बहुत सारी कल्याणकारी कार्य हो रही थी, इसमें प्रमुख रूप से हथकरघा का कार्य बहुत तेजी से चल रहा था। इसमें हजारों लोग कार्य कर रहे थे, पुराने जमाने में गुरुकुल के पद्धति पर प्रतिभास्थली भी बच्चों के पठन-पाठन के साथ-साथ भारतीय संस्कार भी दे रही है हजारों बच्चे बच्चियों इस प्रतिभास्थली में शिक्षा ग्रहण कर रहे है, सैकड़ों जैन मंदिर का उद्धार करवाया, हजारों गौशाला आचार्य श्री की प्रेरणा से संपूर्ण भारत में कार्य कर रही है हजारों लोगों को रोजगार भी दे रही है और भी बहुत सारी कल्याणकारी कार्य हो रही है, आचार्य श्री का जीवन बिल्कुल सादगी के साथ रस रहित था, आचार्य श्री का का चीनी नमक, दही, हरी सब्जी, चटाई, ड्राई फ्रूट्स, सभी चीजों का आजीवन त्याग था और वह अनीयत बिहारी थे। लगभग 500 दीक्षाएं उन्होंने दी, जिसमें मुनि, आर्थिका, छुलक, छुलिका और ब्रह्मचर्य/ सभी धर्म और प्रत्येक मानव के लिए वह पूजनीय थे, उनकी समाधि की खबर सुनते ही संपूर्ण ब्रह्मांड में मातम छा गया। हर व्यक्ति ने अपने हिसाब से विन्यांजलि प्रस्तुत की, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की अपने उदगार व्यक्त करते-करते उनकी आंखें भी भर आयी ऐसा कोई संत समाज, राष्ट्र नेता या किसी भी क्षेत्र में कार्य करने वाला सभी की आंखें भर आई थी, ऐसा लगा जैसे पृथ्वी से किसी भगवान का बिहार हो गया और हम लोग अनाथ हो गये।

## थाना प्रभारी ने बैंकों का किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव।** बड़कागांव थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने प्रखंड स्थित सभी बैंकों का निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान थाना प्रभारी ने बैंक ऑफ इंडिया, भारतीय स्टेट बैंक, आइडीबीआइ बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ बडौदा, एक्सिस बैंक का निरीक्षण किया इस दौरान शाखा प्रबंधकों से बैंक को बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरा को चालू रखना तथा बैंक के बाहर ग्राहकों द्वारा लगाये दो चकिया वाहन, चार चकिया वाहनों को सड़क पर ना रखना का निर्देश दिया और कहा कि हर ग्राहकों को सुरक्षा व्यवस्था के लिए जागरूक, और बैंक से निकल गये राशि को गाड़ी की टिक्की में ना रखना को कहा गया है। साथ ही चौक चौराहों पर लगे जाम से छुटकारा पाने के लिए मोटरसाइकिल चालक, दुकानदारों को आगाह किया गया है कि रोड पर किसी भी कीमत में वाहनों को न रखें। आने-जाने वाले वाहनों को बाधित न करें।

## कांग्रेस की कोर कमेटी का गठन



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के मनातू पंचायत के सुदूरवर्ती गगांव लोहरा में कांग्रेस कोर कमेटी की बैठक हुई। क्षेत्र के सभी हिस्सों में विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने के उद्देश्य से सुदूरवर्ती ग्राम लोहरा में भी बैठक हुई और कोर कमेटी के माध्यम से विकास योजनाओं का चयन किया गया। बैठक की अध्यक्षता पंचायत अध्यक्ष संतोष शर्मा ने किया। बैठक में मुख्य रूप से इंटक प्रदेश सचिव स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद के भाई अंकित राज मौजूद रहे। इस दौरान पंचायत के विकास योजनाओं का चयन किया गया। अंकित राज ने कहा कि मनातू पंचायत काफी बड़ा पंचायत है एक स्थान पर बैठक कर योजनाओं का चयन समुचित तरीके से नहीं हो पा रहा था इसीलिए विभिन्न गांव में बैठक करके कोर कमेटी का गठन व विकास योजनाओं का चयन किया जा रहा है। इस दौरान दूसरे दलों के कई लोगों ने कांग्रेस पार्टी का दामन थामा जिसमें प्रमुख रूप से मनातू पंचायत के पूर्व मुखिया आजसू पार्टी के सक्रिय सदस्य द्वारिका गंझू, मुकेश वर्मा, बुधन गंझु ने आजसू छोड़कर कांग्रेस में और दुलारचंद भोक्ता, लखन गंझु, विष्णु देव गंझु ने भाजपा छोड़कर कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

## बिजली बिल जमा करने को लेकर लगेगा शिविर

**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में बिजली बिल को जमा करने को लेकर विद्युत विभाग के द्वारा कई पंचायतों में शिविर लगाया जायेगा। इस शिविर के आयोजन से उपभोक्ताओं को बिजली बिल जमा करने में काफी सहूलियत भी होगी। तय कार्यक्रम के अनुसार 21 फरवरी को पाण्डु पंचायत के हरिजन टोला में, 22 को चट्टी बरियातू पंचायत के पगार गांव स्थित तालाब के सामने, 23 को पेटो पंचायत के चट्टी पेटो स्थित दुर्गा मंडप के प्रांगण में, 24 को बेंगवरि पंचायत भवन में, 26 को पचड़ा स्थित दुर्गा मंडप प्रांगण में शिविर लगाया जायेगा। इसी प्रकार 27 को बेलतु स्थित दुर्गा मंडप प्रांगण में, 28 को होरिल महतो के घर के सामने और 29 फरवरी को कंडाबेर स्थित दुर्गा मंडप के प्रांगण में शिविर आयोजित किया गया है। ऊर्जा मित्र प्रकाश कुमार ने बताया की निर्धारित तिथि को सुबह 10 बजे से कैंप शुरू हो जायेगा और विद्युत उपभोक्ता अपना बिजली बिल जमा कर सकते हैं।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 20 फरवरी, 2024
www.azadsipahi.in
05

# अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ क्षेत्रीय कमेटी और आजसू पार्टी की बैठक



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ क्षेत्रीय कमेटी और आजसू पार्टी की बैठक सोमवार को भुरकुंडा पंचायत भवन में हुई। इसकी अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष इंद्रदेव राम और संचालन क्षेत्रीय सचिव संजय मिश्रा ने किया। बैठक में केंद्रीय महासचिव सह सीसीएल वेलफेयर बोर्ड सदस्य सतीश सिन्हा ने कहा की प्रबंधन कोल कर्मचारियों और स्थानीय बेरोजगारों की मांगो के प्रति गंभीर नहीं है। उन्होंने कहा की क्षेत्र के आउटसोर्सिंग कंपनी आरए माइनिंग क्षेत्र में तानाशाही कर रही है। आरए माइनिंग कंपनी बिना कारण के 5 मजदूरों को काम से बैठा दिया है। जिसे अभी तक काम पर नहीं रखा गया है। इतना ही नहीं स्थानीय बेरोजगारों को भी कंपनी द्वारा रोगजर नहीं दिया जा रहा है। बरका-सयाल क्षेत्र में एमसी के तहत हो रहे कार्यों का कमेटी बना के जांच किया जाये। उन्होंने क्षेत्र के सभी बेरोजगारो से 22 फरवरी को ट्रांसपोर्टिन ठप आंदोलन में भाग लेने की अपील की। मौके पर संजय मिश्रा, इंद्रदेव राम, संतोष ठाकुर, विकाश कांत सिन्हा, गुरुदयाल ठाकुर, बिनोद कुमार, धर्मेंद्र मिश्रा, अमित पासवान, प्रभाष दास, शिवनंदन दस, आमोद कुमार सिन्हा, शंकर कुमार, मनोज कुमार, अरविंद सहाय, अजय पासवान, मनोज भुईया आदि मौजूद थें।

## भुरकुंडा में 40 जरूरतमंदों के बीच बांटे कंबल



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा के सौजन्य से जवाहर नगर पंचायत भवन में सोमवार को जरूरतमंदो के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि हजारीबाग लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि नारायण चंद्र भौमिक द्वारा क्षेत्र के करीब 40 गरीब-असहाय, वृद्ध-दिव्यांग और जरूरतमंदों के बीच कंबल बांटा गया। साथ ही मुख्य अतिथि नारायण चंद्र भौमिक द्वारा जवाहर नगर पंचायत के पूर्व मुखिया प्रदीप मांझी, पंचायत समिति प्रतिनिधि रॉबीन मुखर्जी और मुखिया प्रतिनिधि सह समाजसेवी सुरेंद्र यादव को पंचायत में किये गये बेहतर कार्य के लिए अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं जवाहर नगर पंचायत के सीनियर सिटीजन रतन रविदास, माधो बेदिया, रामप्रसाद बेदिया, पालु रविदास, रंजीत रविदास को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा एसी मोर्चा के जिला प्रभारी जुगल नायक और संचालन भाजपा नेता सुरेंद्र यादव ने किया। मौके पर भाजपा भुरकुंडा मंडल के सांसद प्रतिनिधि जगातर सिंह, रामगढ़ जिला डीएमएफटी के सांसद प्रतिनिधि सुमन सिंह, रामगढ़ जिला कृषि सांसद प्रतिनिधि योगेश दांगी, संतन सिंह आदि मुख्य रूप से मौजूद थें। कार्यक्रम को सफल बनाने में दर्शन लोहरा, नागेश्वर नायक, मनोज कुमार आदि का विशेष योगदान रहा।

## श्री शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ



**हंटरगंज/चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के डुमरी कला पंचायत के सतरामपुर टोला में सोमवार को श्री श्री शिव परिवार तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक जनार्दन पासवान, विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य सुरेश पासवान, मुखिया प्रतिनिधि समरेश सिंह उर्फ पिंटू सिंह, पूर्व जिला परिषद सदस्य रेनू दास शामिल थे। पारंपरिक गाजे बाजे के साथ श्रद्धालुओं ने कलश लेकर लीलाजन नदी पहुंचे। जहां अयोध्या से आये श्री आनंद दास जी महाराज के द्वारा मंत्रोचारण के बाद कलश में जल भरा गया और पुनः यज्ञ मंडप आकर यज्ञ मंडप में कलश स्थापित किया गया। वहीं मंगलवार को अग्नि स्थापन नगर भ्रमण किया जायेगा। बुधवार को प्राण प्रतिष्ठा और भव्य भंडारे के साथ यज्ञ का समापन किया जायेगा। कार्यक्रम सतरामपुर टोला के सभी ग्रामीणों द्वारा अहम भूमिका निभायी गयी।

## अखिल भारतीय भुइयां समाज की बैठक



**कुंदा /चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय में सोमवार को भारतीय भुईयां समाज कल्याण समिति की बैठक इंद्रदेव भुईया की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। जिसमें मुख्य रूप से 26 जनवरी को माता शबरी पूजा और भुईयां मिलन समारोह के मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम और नुक्कड़ नाटक का भव्य आयोजन करने का निर्णय लिया गया। साथ ही बैठक में शराब का सेवन नहीं करने, शिक्षा में जागरूकता लाने, समाज में समानता स्थापित करने, बाल विवाह में रोकथाम करने पर बल दिया गया। मौके पर जिला सचिव जयराम भारती, प्रखंड अध्यक्ष संजय भारती, उपमुखिया अमलेश भारती, अजय भारती, जादो भारती, सूरज कुमार भारती, बुधन भारती, राजकुमार भारती, वृक्ष भारती, बालदेव भारती उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में पत्रकार संतोष मिश्रा की मौत



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के वरीय पत्रकार संतोष मिश्रा की सोमवार शाम सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी। संतोष मिश्रा अपनी मोटरसाईकिल संख्या जेएच 12 के 9937 से गीता क्लीनिक के सामने से एनएचआई रोड पर चढ़ रहे थे। तभी पीछे से आ रहे ट्रक संख्या जेएच 10 बीपी 5639 ने टक्कर मार दिया। घटना में बाइक चला रहे संतोष मिश्रा दाहिनी ओर गिर गये और ट्रक का पिछला चक्का उनके सिर को रौंदते हुए निकल गया जिससे उनकी घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। साथ ही उनके पीछे बैठे एक व्यक्ति को हल्की फुल्की चोट आयी है। वे अपने पीछे माता, पत्नी और तीन बच्चे को छोड़ गये हैं। घटना के बाद स्थानीय पत्रकारों ने मुआवजा की मांग को लेकर सड़क से शव को काफी देर तक उठने नहीं दिया। बाद में परिजनों को मुआवजा की सहमति के बाद शव को अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है। पत्रकार संतोष मिश्रा के असामयिक निधन पर जिले भर के पत्रकारों ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

### घाटो में डीआइजी टीम पर हमला करने का मामला

# दारोगा दीपक ने कारोबारी जानकी और सहयोगियों पर किया केस

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** घाटो में डीआइजी टीम पर हमला करने के मामले में वेस्ट बोकारो पुलिस ने पुलिस उपमहानिरीक्षक की छापामारी टीम में प्रतिनियुक्त दीपक कुमार साहू के आवेदन पर मामला दर्ज कर लिया है। मामला दर्ज होने के बाद घाटो पुलिस ने हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी शुरू कर दी है।

**क्या है आवेदन में :** आवेदन में सब इंसपेक्टर दीपक कुमार पासवान ने कहा कि वर्तमान में मैं पुलिस उप-महानिरीक्षक हजारीबाग की छापामारी टीम में प्रतिनियुक्त हूं। पुलिस उप-महानिदेशक की गुप्त सूचना पर अवैध कोयला डंपिंग और ईंट भट्ठों में अवैध कोयला डंपिंग होने की खबर के आधार पर रविवार की देर रात करीब एक बजे केदला कलाली मोड़ पक्की सड़क से करीब 500 मीटर बायें कच्ची सड़क ईंट भट्ठा के पास कोयला लदा ट्रेक्टर को रूकने का इशारा किया तो उक्त ट्रक्टर ड्राइवर ने गाड़ी रोक दी।

**पता पूछते ही आ धमके 50-60 लोग, कर दिया हमला:** आवेदन में कहा है कि कोयला के



संबंध में पूछताछ करने पर उसने बताया कि यह कोयला जानकी का है। कोयला हम ईंट भट्ठा में पहुंचाते है। इसी बीच 50-60 की संख्या में लाठी डंडा और हरवे हथियार के साथ लोग इकट्ठा हो गये। सभी लोग गाली- ग्लोज और लाठी से वाहन को तोड़-फोड़ करने के लिए उग्र हो गये। तब मैं और मेरे साथ सशस्त्र बल के जवान अनिल कुमार राम, मनोज कुमार राधेश्याम यादव, कैलाश साव, सचिदानंद पांडेय के द्वारा लोगों को समझाया गया कि हमलोग पुलिस हैं। साथ ही घटनास्थल से ही वेस्ट बोकारो ओपी प्रभारी से बात कर घटना की जानकारी दी गयी।

**किसी तरह चोपड़ा मोड़ पहुंचीं टीम, दुबारा हुआ हमला:** आवेदन में बताया कि जैसे ही चोपड़ा मोड़ के पास पहुंचे, इसी दौरान 10-12 मोटर साईकिल पर सवार मेरे सरकारी वाहन जेएच 11 जे-9787 के पीछे आ रहे करीब 20 आदमी चोपड़ा मोड़ के पास आकर सड़क पर खड्ा हो गये और कहने लगे कि थाना तरफ नहीं जाना है। साथ ही गाली ग्लोज करते हुए लाठी-डंडा और हरवे हथियार के साथ सरकारी वाहन पर हमला कर दिया, जिससे सूमो गाड़ी का बोनट, आगे का मेन शीशा और बीच के साइड का विंडो क्षतिग्रस्त हो गया। उन लोगो के द्वारा मेरे ऊपर भी लाठी-डंडा से हमला किया गया, परंतु गाड़ी में झुक कर अपनी जान बचायी, जिससे गाड़ी की बायीं तरफ का विंडो टूट गया।

**किसी तरह जान बचा कर भागी टीम:** आवेदन में कहा गया कि गंभीरता को समझते हुए किसी प्रकार वहां से निकलने के क्रम में उन लोगों के द्वारा जान मारने की नियत से पुनः हमला किया गया। किसी प्रकार अपना और अपने सहयोगियों का जानमाल की और सरकारी संपति का बचाव करते हुए आगे निकल गये, उसी क्रम में रास्ते में थाना प्रभारी वेस्ट बोकारो से मुलाकात हुई। उनके साथ थाना गया। उन्होंने दावा किया है कि जानकी और 50 की संख्या मे आये हुए उनके सहयोगियों ने षड्यंत्र के तहत सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए पुलिस दल पर जानलेवा हमला किया है। साथ ही सरकारी वाहन को क्षतिग्रस्त किया गया। **इन धाराओं के तहत हुआ मामला दर्ज:** वेस्ट बोकारो ओपी में जानकी और अज्ञात 50-60 लोगों के विरुद्ध मांडू (वेस्ट बोकारो) थाना कांड संख्या 38/2024 भादवी की धारा 147/148/149/341/342/332/353/307/427/120-इ के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# 12 वर्षीय बच्ची का अगवा करनेवाले लोग थे ट्रांसजेंडर

- जान से मारने की दी थी धमकी
- सकुशल पिता के पास पहुंची दिव्यांग पूर्णिमा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** अपराधियों के चंगुल से भागने में सफल रही 12 वर्षीया दिव्यांग पूर्णिमा बनर्जी आखिरकार अपने पिता के पास कर कुशल पहुंच ही गयी। चाइल्ड वेलफेयर कमेटी ने पूर्णिमा के परिजनों से संपर्क किया और उन्हें रामगढ़ बुलाकर उनकी बच्ची को उनके हाथ में सुपूर्द किया। पूर्णिमा के पिता विपिन बनर्जी भी 70 फीसदी दिव्यांग है। जब पिता का साया एक बार फिर पूर्णिमा के सर पर आया, तो वह खुशी से झूम उठी। उसने जो दर्दनाक मंजर देखे थे, उसे बयां करने में भी वह सिहर रही थी। एक नन्ही सी जान को कैसे आपराधिक तत्वों के लोगों ने बहला-फुसला कर अगवा किया और फिर उसे जान से मारने की धमकी दी।

### नहीं मिलती मदद तो बेटी तक पहुंचना था मुश्किल

पूर्णिमा के पिता विपिन बनर्जी ने रामगढ़ जिला प्रशासन और चाइल्ड वेलफेयर कमेटी के साथ-साथ रामगढ़ की जनता को इस मदद के लिए आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि अगर उनकी बच्ची की मदद नहीं की जाती, तो वह अपनी बेटी तक नहीं पहुंच पाते। उन्होंने बताया कि उनका पूरा परिवार काफी गरीब है। वह मूल रूप से पश्चिम बंगाल के झालदा क्षेत्र के रहने वाले हैं।

लेकिन बोकारो के बालीडीह के पास बीयाडा ग्राउंड में बसे राधा नगर में अपनी झोपड़ी बनाकर रह रहे हैं। वहीं पास में पूरबीडीह रेलवे स्टेशन के पास उनकी दिव्यांग बच्ची भीख मांगने के लिए गयी थी। वहीं से वह लापता हो गयी थी।

### अगवा करने वालों में शामिल थे ट्रांसजेंडर

पूर्णिमा बनर्जी ने चाइल्ड वेलफेयर कमेटी को बताया कि उसे अगवा करने वाले लोग ट्रांसजेंडर थे। जब वह रेलवे स्टेशन पर भीख मांग रही थी, उसी दौरान उन लोगों ने उसे बहला-फुसला कर ट्रेन में बिठाया और फिर रांची ले गये। रांची में उसे जहां रखा गया था वहां उसकी पिटाई की गयी। उसे चाकू से काटने की धमकी दी गयी। साथ ही उसके पेट को फाड़ कर किडनी व अन्य ऑर्गन्स निकालने की बात कही। शनिवार को एक टीम ने उसे बस में बिठा कर रामगढ़ लाया। यहां वह एक सदस्य को दांत काटकर भागने में सफल रही थी।

# मुंहबोले चाचा ने भतीजी के साथ बनाया शारीरिक संबंध

- परिजनों ने रामगढ़ थाने में दर्ज करायी प्राथमिकी, आरोपी फरार
- मदहोशी की हालत में उस व्यक्ति ने नाबालिग बच्ची की अश्लील तस्वीरें भी खींची

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** मुंह बोले चाचा ने ऐसी हरकत दिखायी की पूरा समाज शर्मसार हो गया। उसने अपनी दोस्त की बेटी को नशा खिलाकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाये।

मदहोशी की हालत में उस व्यक्ति ने नाबालिक बच्ची की अश्लील तस्वीरें भी खींची। इस मामले का खुलासा तब हुआ जब पीड़िता के परिजनों ने रामगढ़ थाने में मामला दर्ज कराई। पुलिस ने रामगढ़ थाना कांड संख्या 34/24 धारा 376/(2) (डी) आइपीसी एंड 4/6 पोस्को एक्ट के तहत मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### 6 महीने से चक्कर लगा रहा था आरोपी

पीड़िता के पिता ने पुलिस को बताया कि मांडू थाना क्षेत्र के भरेचनगर बोंगावार के नायक टोला निवासी विजय राम उर्फ विजय नायक (42 वर्ष) का उनके परिवार से अच्छे तालुका थे। उनके दोनों बच्चे विजय राम को चाचा का कर बुलाते थे। पिछले 6 महीने से जब पीड़िता के माता-पिता घर में नहीं थे तब वह लगातार उनके घर का चक्कर लगा रहा था।

इसी दौरान उसने उनकी 17 वर्षीय बेटी को नशा खिलाकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनायें। इस दौरान उसने अश्लील तस्वीरें खींची। 7 फरवरी को जब उनके 10 वर्षीय बेटे ने विजय राम को बहन के साथ आपत्तिजनक स्थिति में देखा तो इसकी खबर अपने मां-बाप को दी। पीड़ित के परिवार वाले जब विजय राम के घर पहुंचे तो वह वहां से फरार हो गया।

### पीड़िता को मिली जान से मारने की धमकी

पीड़िता को आरोपी विजय राम ने जान से मारने की धमकी भी दी है। पुलिस को यह बताया गया कि जब परिवार वालों ने सामाजिक तौर पर इस मुद्दे को उठाया तो विजय राम ने उनकी बेटी को फोन किया और कहा कि अपने मां-बाप को उछलने से रोको। अगर वे इस मुद्दे को ज्यादा बढ़ायेंगे तो तुम्हारी अश्लील फोटो को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया जायेगा। अगर तब भी वे लोग नहीं माने तो पूरे परिवार को जान से मरवा देंगे।

# रामगढ़ में श्रीश्री हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ को लेकर धार्मिक अनुष्ठान शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** आस्था और भक्ति का प्रतीक बरवाटांड मरार स्थित शिव मंदिर परिसर में हनुमान प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर सोमवार को मंदिर प्रांगण से भव्य कलश यात्रा निकाली गयी, जो टूटी झरना मंदिर पहुंची। यहां पूजा-अर्चना के बाद महिलाओं को कलश को अपने-अपने सिर पर और शिव मंदिर के लिए निकल पड़े। रास्ते में हनुमान जी की जय के जयघोष से वातावरण गूंजायमान होता रहा। कलश यात्रा शिव मंदिर पहुंचकर समाप्त हुई। सभी कलशों को यज्ञमंडल में स्थापित किया गया। कलश यात्रा में बतौर मुख्य अतिथि डॉ गीता सिन्हा मानकी और बतौर विशिष्ट अतिथि तिवारी महतो, आजसू केंद्रीय





सचिव मनोज महतो, अनिल गुप्ता, नरेश साव, चितू महतो, पवन यादव और रतन यादव उपस्थित थे। महायज्ञ में मंडप प्रवेश के बाद सर्व प्रायश्चित, पंचांग पूजन, आचार्या दिवरण, जलाधिवास, आरती, पूष्पांजलि व रात्रि में कथा का वाचन किया गया। प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर यज्ञ स्थल को भव्य रूप से सजा है। इसके साथ ही विद्युत साज-सज्जा की गयी है। कलश यात्रा में कमेटी के अध्यक्ष पूर्व वार्ड पार्षद शंकर मिश्रा, संरक्षक केडी मिश्रा, खोगेंद्र साव, रविंद्र साहू, विजयनंदन मिश्रा, उपाध्यक्ष गुड्डू सिंह, लोचन प्रसाद, सचिव रोहित करमाली, सह सचिव महावीर रजवार, कोषाध्यक्ष रामू रजवार, सह कोषाध्यक्ष उमेश बेदिया, कार्यकारिणी सदस्य शंकर सोनी, रामाशीष करमाली, मनीष प्रसाद, संजय रजवार, महावीर करमाली, जयकिशन बेदिया, आनंद पटेल, चंदन प्रतिक, सत्येंद्र कुमार, बीरबल साहू, प्रवीण पांडेय, मनोज रजवार, सोधन रजवार, दिलीप रजवार, दिनेश करमाली, राजेश करमाली, श्यामसुंदर रजवार, पवन प्रसाद, रिषू कुमार, राजेश मुंडा, विजय उपाध्याय, शंकर रजवार, संतोष सोनी, गणेश करमाली, बालेश्वर करमाली, कपिल रजवार, गोनू चंद्रवंशी सहित हजारों महिलाएं शामिल थी।

E-mail-mdjscb@jscb.gov.in Ph.No. 0651-2913111
JHARKHAND STATE COOPERATIVE BANK LIMITED, RANCHI
1st Floor, Shaheed Chowk, Main Road, Ranchi-834001
Ref.:- 3548 Date: 19.02.2024
Jharkhand State Cooperative Bank Ltd. Invites tender from interested bidders for selection of Security Agency for supply of **Security Guards (Armed)** for Jharkhand State Cooperative Bank Limited.
Last date for submission of Quotations: **11.03.2024 till 3.00 PM.**
For eligibility criteria and other details, please visit website: **http://www.jscb.gov.in**
**Sd/- CEO, JSCB, Ranchi**

## रिलायंस पेट्रोल पंप कुजू के शौचालय में लगा है ताला, ग्राहक हो रहे हैं परेशान



**कुजू (आजाद सिपाही)।** डटमामोड़, कुजू स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप में इन दिनों शौचालय में ताला लगे होने की वजह से ग्राहको के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। ऐसे में ग्राहक तेल भराने के दौरान शौचालय का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। इधर, दिल्ली से लौट रहे तोपा निवासी अजय पासवान ने बताया कि अपनी कार में तेल भरवाने के लिए रिलायंस पेट्रोल पंप पहुंचा। इस दौरान मुझे शौचालय जाने की जरूरत पड़ी। शौचालय में ताला पड़े होने की वजह से अपने आप को परेशान रहे। जब इसकी शिकायत पेट्रोल पंप प्रबंधन को की गयी। जहां पेट्रोल पंप के एक कर्मी ने शौचालय में ताला लगाये जाने को लेकर शौच टंकी की सफाई कार्य जारी रहने का वजह बताया। मालूम हो कि इस पेट्रोल पंप पर ग्राहकों की सुविधा के लिए तीन शौचालय बनाये गये हैं। जिसमे तीनो शौचालय में ताला लटका पाया गया। वही, पेट्रोल पंप प्रबंधन के द्वारा ग्राहकों के लिए किसी भी प्रकार का वैकल्पिक शौचालय की व्यवस्था नहीं की गयी है।

## झामुमो ने पतरातू में निकाला न्याय मार्च




**पतरातू (आजाद सिपाही)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने पार्टी के झंडा बैनर के साथ पतरातू मैं पैदल न्याय मार्च किया गया। न्याय मार्च के दौरान झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के प्रति आक्रोश दिखाया और केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। मालूम की झारखंड प्रदेश में झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं के द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी का पूराजोर विरोध किया जा रहा है। न्याय मार्च में झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड सचिव उदय अग्रवाल हरी लाल बेदिया, राजेंद्र बेदिया, इस्लाम अंसारी, अशोक रजक, कुलेश्वर राम, रफीक अंसारी, शौकत अंसारी, बसंत उरांव शाहिद सैकड़ों की संख्या में जमान कार्यकर्ता शामिल थे।

## संथाल समाज ने किया शोक व्यक्त



**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** संथाल समाज दिशोम मांझी कर्णपुरा परगना की बैठक कर्णपुरा मांझी हड़ाम सूरज बेसरा की अध्यक्षता में उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय जोजोटोला के समीप महुआ पेड़ के नीचे हुई। इस बैठक का संचालन केंद्रीय सचिव मोहन सोरेन ने किया। बैठक में सर्वप्रथम संथाल समाज के केंद्रीय सचिव छठू हंसदा के निधन पर शोक व्यक्त कर दो मिनट का मौन रखा गया। वहीं मांझी हड़ाम सूरज बेसरा ने कहा कि छठू हंसदा के निधन से समाज को काफी क्षति पहुंची है। कर्णपुरा मांझी हड़ाम के द्वारा उनके परिवार को आर्थिक सहयोग किया गया। साथ ही इस बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 25 फरवरी को संथाल समाज कर्णपुरा परगना की बैठक जुबला सरना स्थल में होगी। बैठक में कर्णपुरा परगना के सभी मांझी हड़ाम, पाराणिक, जोगवा, नायके और कुडम नायके को बुलाया गया है। बैठक में गणेश सोरेन, विश्राम सोरेन, गहन बेसरा, मुर्शिंगलाल मांझी, बिनोद हेंब्रम, राजू बेसरा, बिनोद बेसरा, उदन सोरेन, अजय बेसरा, पपूलाल मांझी, बंशी मुर्मू, प्रेम सोरेन, महादेव हंसदा, जगदीश टुडू, दुर्गा हंसदा, सोहारी मुर्मू, चरकू बेसरा, बिगन मुर्मू, अकला हंसदा, सुखेंदर मुर्मू, प्रदीप हंसदा, रामकुमार सोरेन, राजू बेसरा मनुलाल सोरेन आदि उपस्थित थे।

## फिटलाइन क्लब सदस्य महेश को मिला जिम ग्रुप चैंपियनशिप में पहला स्थान



**कुजू (आजाद सिपाही)।** फिटलाइन क्लब कुजू का सदस्य सह कुजू निवासी महेश कुमार ने जिम स्पोर्टस फिजिक चैंपियनशिप 2024 में 60 केजी वजन कैटगरी में ग्रुप चैंपियनशिप में पहला स्थान हासिल किया। इस उपलब्धि पर क्लब के संचालक कामेश्वर साव, राजदेव मेहता, विनय यादव, ट्रेनर अनिल कुमार दास समेत अन्य सदस्यों ने महेश कुमार को मिले उपलब्धि पर सम्मानित करते हुए बधाई दी। इस संबंध में संचालक कामेश्वर साव व ट्रेनर अनिल कुमार दास ने बताया कि हमारे क्लब सदस्य महेश कुमार सहित चार अन्य सदस्य इस प्रतियोगिता कार्यक्रम में शामिल हुए। जहां महेश कुमार ने ग्रुप चैंपियनशिप में पहला स्थान हासिल कर जिला रामगढ़, कुजू व क्लब का नाम रौशन किया। इस उपलब्धि पर फिटलाइन क्लब कुजू के सदस्यों ने फूल पहनाकर महेश कुमार को सम्मानित करते हुए बधाई दी। सफल प्रतिभागी महेश कुमार ने बताया कि आयोजित प्रतियोगिता में शामिल होने से पूर्व हमें काफी टेंशन हो रही थी। लेकिन क्लब के सदस्यों के सकारात्मक सहयोग से यह उपलब्धि हासिल की है। इसके लिए संचालक और ट्रेनर बधाई के पात्र हैं, जो हमें इस मुकाम पर पहुंचाने का प्रयास किया। इधर, क्लब के ट्रेनर अनिल कुमार दास ने बताया कि महेश कुमार ने कम समय में शानदार उपलब्धि हासिल की है, यह क्लब के लिए गर्व की बात है। मालूम हो कि 18 फरवरी को हजारीबाग में झारखंड बॉडी बिल्डर्स एसोसिएशन के सौजन्य से जिम स्पोर्टस फिजिक चैंपियनशिप 2024 का आयोजन किया गया था। जिसमें महेश कुमार ग्रुप चैंपियनशिप में पहला स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता मे झारखंड के करीब 15 लोग शामिल रहे।

# लोकतंत्र का जज्बा

रूस में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सबसे प्रबल विरोधी माने जाने वाले अलेक्सी नवलनी की पिछले हफ्ते जेल में संदिग्ध हालात में हुई मौत को कम से कम हैरान करने वाला तो नहीं माना जा सकता। विदेश में जहर देकर मारने के प्रयासों से बचने के बाद 2021 में वह रूस लौटे। उसके बाद देश-विदेश में उनके समर्थकों और प्रशंसकों को आशंका थी कि कभी भी उनकी जान जाने की खबर आ सकती है। हालांकि दुनिया भर में उठ रहे सवालों के बावजूद रूस में पुतिन के शासन को किसी तरह का खतरा नहीं माना जा रहा। इसकी एक वजह तो यह है कि नवलनी की मौत के बाद वह धुरी समाप्त हो गयी है, जिसके इर्द-गिर्द पुतिन विरोधी तत्वों के इकट्ठा होने की सबसे ज्यादा संभावना थी। दूसरी बात यह कि यूक्रेन युद्ध के मोर्चे पर भी राष्ट्रपति पुतिन अभी बेहद मजबूत स्थिति में दिख रहे हैं। पूर्वी यूक्रेनी शहर अवदीवका से यूक्रेनी सेना की वापसी की शनिवार को हुई घोषणा, पिछले करीब एक साल में रूस को मिली सबसे बड़ी कामयाबी के रूप में देखी जा रही है। सच तो यह है कि रूस के अंदर जो भी थोड़ा बहुत विरोध पुतिन का हो रहा था, वह धीरे-धीरे कमजोर पड़ता गया। एक-एक कर उनके सारे प्रमुख विरोधी नेता या तो मर चुके हैं या जेल में डाल दिये गये हैं या फिर निर्वासित हैं। इसका ताजा उदाहरण हैं कम चर्चित लिबरल नेता बोरिस नादेज्दीन, जिनके युद्ध विरोधी मंच के हस्ताक्षर अभियान को हजारों रूसियों का समर्थन मिल रहा था। इसी महीने उनके राष्ट्रपति चुनाव लड़ने पर रोक लगा दी गयी। राष्ट्रपति चुनाव पुतिन तो क्या रूस में कभी भी किसी भी राष्ट्रपति के लिए चुनौती नहीं साबित हुए हैं। ऐसे में अगले महीने होने वाले राष्ट्रपति चुनाव को एक औपचारिकता ही माना जा रहा है, जिसमें पुतिन की जीत लगभग तय है। फिर भी सांकेतिक रूप में ही सही, मत प्रतिशत कम होने जैसी किसी स्थिति की भी उम्मीद अगर विरोधी कर रहे थे, तो उसकी संभावना अब शून्य मानी जा रही है। मगर नवलनी की जेल में हुई मौत ने दुनिया भर के लोकतंत्र समर्थकों के बीच उन्हें शहीद का दर्जा जरूर दे दिया है। रूसी समाज के लिहाज से भी यह एक बड़ी घटना इसलिए मानी जा रही है, क्योंकि आधुनिक और समकालीन दौर में वहां ऐसे प्रेरक व्यक्तित्वों की कमी रही है, जिनसे लोकतांत्रिक संघर्षों को बल मिले। साफ है कि तात्कालिक तौर पर रूस में इसका कोई असर चाहे न दिखे, लेकिन नवलनी की मौत ने दुनिया की लोकतांत्रिक और मानवाधिकारवादी चेतना को झकझोरा है।

**सच तो यह है कि रूस के अंदर जो भी थोड़ा बहुत विरोध पुतिन का हो रहा था, वह धीरे-धीरे कमजोर पड़ता गया। एक-एक कर उनके सारे प्रमुख विरोधी नेता या तो मर चुके हैं या जेल में डाल दिये गये हैं या फिर निर्वासित हैं।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**इंडिया स्टैक एक गेम चेंजर रहा है, क्योंकि सुविधा, गति और दक्षता के लिए व्यक्ति व उद्यम, दोनों ही इसका लाभ उठाते हैं, जिनके संयोजन से व्यापार में और अधिक तेजी आयेगी। जैसे-जैसे भारत (और दुनिया) डिजिटल की ओर बढ़ रहा है, इस अंतर्निहित, सक्षम डिजिटल अवसंरचना का वैसा ही प्रभाव हो रहा है, जैसा औद्योगिक क्रांति के बाद रेलमार्गों पर पड़ा था। इसने अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों को तेजी से और व्यापक रूप से प्रभावित किया है तथा नागरिकों के लिए अवसरों के द्वार खोले हैं।**

# भारत का डिजिटल मिशन हमारे 2047 लक्ष्य के लिए महत्वपूर्ण है

वसंत राव



हाल के वर्षों में नये भारत के विचार ने सभी भारतीयों के मन में काफी आत्मविश्वास और आशावाद का संचार किया है। वैश्विक और क्षेत्रीय राजनीतिक परिदृश्य में कई मुद्दों पर आत्मविश्वास से भरे व स्वतंत्र रुख अपनाने, असाधारण खेल उपलब्धियां (ओलंपिक सहित) दर्ज करने, चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफलतापूर्वक (वैश्विक पहली) लैंडिंग करने आदि हमारे लिए इस बात को मानने के कुछ कारण हैं कि आखिरकार एक नया भारत उभर रहा है। वर्तमान में जारी भारत का आर्थिक परिवर्तन, बड़े पैमाने पर हो रहे डिजिटलीकरण से संचालित हो रहा है तथा यह भी उभरते नये भारत का एक और शानदार उदाहरण है।

कोविड ने दुनिया भर के देशों और संगठनों को डिजिटल होने के लिए मजबूर किया, लेकिन इससे बहुत पहले ही वर्तमान सरकार ने सक्रिय रूप से डिजिटल अर्थव्यवस्था (और डिजिटल डिलीवरी मॉडल) को अपनाने पर जोर दिया था। डिजिटल इंडिया मिशन 2015 में लॉन्च किया गया था और भारत सरकार द्वारा सार्वजनिक सेवाओं के वितरण में एक क्रांति देखी गयी। सरकार ने इंडिया स्टैक की भी शुरुआत की, जो अर्थव्यवस्था के विभिन्न घटकों के लिए विकास का लाभ उठाने का एक विशिष्ट मंच है। इस मिशन ने कृषि, परिवहन, स्वास्थ्य देखभाल और शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण उद्योगों में नये व्यवसाय प्रारूप की शुरुआत की- ये सभी क्षेत्र मूलभूत परिवर्तन के दौर से गुजर रहे हैं। इस डिजिटलीकरण ने प्रणाली में मौजूद हेरा-फेरी को कम कर दिया और अर्थव्यवस्था को औपचारिक रूप देने में सक्षम बनाया। जीएसटी पंजीकरण और कर-संग्रह में वृद्धि इसकी सफलता के अच्छे मानक के रूप में देखे जा सकते हैं।

**केंद्रीय आइटी और इलेक्ट्रॉनिक्स राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने हाल ही में कहा है कि डिजिटल अर्थव्यवस्था 2026 तक भारत की जीडीपी में 20 प्रतिशत का योगदान देगी।**

इंडिया स्टैक एक गेम चेंजर रहा है, क्योंकि सुविधा, गति और दक्षता के लिए व्यक्ति व उद्यम, दोनों ही इसका लाभ उठाते हैं, जिनके संयोजन से व्यापार में और अधिक तेजी आयेगी। जैसे-जैसे भारत (और दुनिया) डिजिटल की ओर बढ़ रहा है, इस अंतर्निहित, सक्षम डिजिटल अवसंरचना का वैसा ही प्रभाव हो रहा है, जैसा औद्योगिक क्रांति के बाद रेलमार्गों पर पड़ा था। इसने अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों को तेजी से और व्यापक रूप से प्रभावित किया है तथा नागरिकों के लिए अवसरों के द्वार खोले हैं। जन धन योजना, को-विन, यूपीआइ और ओएनडीसी बड़े पैमाने पर डिजिटलीकरण प्रणाली के दुनिया के कुछ अग्रणी उदाहरण हैं। व्यापक वित्तीय इकोसिस्टम में वित्तीय संस्थानों और संगठनों ने संभवतः इंडिया स्टैक को सबसे तेजी से अपनाया है, जिससे वित्तीय समावेशन को बढ़ावा मिल रहा है और वित्तीय उत्पादों को अपनाना आसान हो रहा है। उदाहरण के तौर पर, प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाइ) के तहत बैंक-खातों की संख्या मार्च 2015 के 147.2 मिलियन से तीन गुना बढ़ कर अगस्त 2022 में 462.5 मिलियन हो गयी है, जिससे बैंकिंग-सुविधा से वंचित आबादी का एक बड़ा हिस्सा भी इस सुविधा में शामिल हो गया है।

डिजिटलीकरण द्वारा प्रदान किये गये अवसरों के अनुरूप, हम विशेष रूप से बी2सी डोमेन में उद्यमों द्वारा इंडिया स्टैक का व्यापक उपयोग देख रहे हैं। यह भारतीय नागरिकों को मिलने वाले अपार लाभों को रेखांकित करता है। वास्तव में, डिजिटल के लिए सरकार का जोर इतना प्रभावशाली रहा है कि भारत में इंटरनेशनल डेटा कॉर्पोरेशन के हाल में किये गये डिजिटल व्यापार सर्वेक्षण (अगस्त 2023) के अनुसार, 25 प्रतिशत मध्यम से बड़े उद्यमों का कहना है कि उनका डिजिटल बिजनेस मॉडल अपनाने के प्रमुख कारकों में से एक- डिजिटलीकरण पर सरकार का जोर- था।

आइडीसी एक डिजिटल व्यवसाय को इस रूप में परिभाषित करता है- जहां मूल्य सृजन डिजिटल प्रौद्योगिकियों के उपयोग पर आधारित होता है, जिसमें आंतरिक और बाहरी प्रक्रियाएं शामिल होती हैं। एक संगठन ग्राहकों, नागरिकों, आपूर्तिकर्ताओं एवं भागीदारों के साथ कैसे जुड़ता है। यह कर्मचारियों को कैसे आकर्षित करता है, प्रबंधित करता है और बनाये रखता है तथा यह कौन से उत्पाद, सेवाएं और अनुभव प्रदान करता है।

यह जानना उत्साहजनक है कि भारतीय उद्यम डिजिटल अपनाने में अपने समकक्षों से ज्यादा पीछे नहीं हैं तथा इसके लिए हमारे मजबूत डेवलपर समुदाय और आइटी सेवाओं में पारंपरिक ताकत को धन्यवाद दिया जाना चाहिए। आइडीसी का डिजिटल व्यापार सर्वेक्षण यह भी बताता है कि सीइओ आज एक तिहाई से अधिक भारतीय कंपनियों में डिजिटल रणनीति को प्रेरित करते हैं। डिजिटल एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए, अन्य 25 प्रतिशत भारतीय उद्यमों ने पिछले दो वर्षों में मुख्य डिजिटल अधिकारी और मुख्य डेटा अधिकारी जैसे नए पद स्थापित किये हैं। उद्यम मानते हैं कि डिजिटल बिजनेस मॉडल परिचालन दक्षता बढ़ाने, बेहतर निर्णय लेने में सक्षम बनाने, प्रतिस्पर्धा-आधारित लाभ बढ़ाने और सबसे महत्वपूर्ण, ग्राहकों की अपेक्षाओं को पूरा करने में मदद करते हैं।

हालांकि डिजिटल प्रारूप केवल उद्यमों तक सीमित नहीं है, भारतीय उपभोक्ता ने भी इसे उत्साहपूर्वक अपनाया है। 850 मिलियन इंटरनेट ग्राहकों, 1.1 बिलियन मोबाइल ग्राहकों (जिनमें से 630+ मिलियन स्मार्टफोन उपयोगकर्ता हैं) और 398 मिलियन सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं के साथ- भारत में पहले से ही संचार व इंटरनेट सेवाओं से जुड़ी आबादी मौजूद है। यह आबादी डिजिटल मॉडल को अपना रही है- डिजीलॉकर के 137 मिलियन से अधिक उपयोगकर्ता हैं, यूपीआइ में 300 मिलियन सक्रिय उपयोगकर्ता हैं और को-विन में 1.1 बिलियन पंजीकृत व्यक्ति हैं।

उद्यमों और उपभोक्ताओं द्वारा सक्रिय रूप से डिजिटल अपनाने से, यह स्पष्ट है कि भारत का डिजिटल रूप में बदलाव वास्तविक, अपरिवर्तनीय और व्यापक है। केंद्रीय आइटी और इलेक्ट्रॉनिक्स राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने हाल ही में कहा है कि डिजिटल अर्थव्यवस्था 2026 तक भारत की जीडीपी में 20 प्रतिशत का योगदान देगी। आइडीसी भी भारत की डिजिटल संभावनाओं के बारे में समान रूप से उत्साहित है। दो साल पहले, 34.8 प्रतिशत भारतीय व्यवसायों ने आइडीसी को बताया था कि उनका 50 प्रतिशत या अधिक राजस्व डिजिटल बिजनेस मॉडल से आता है। आज, यह संख्या 50 प्रतिशत है और तीन वर्षों में आइडीसी को उम्मीद है कि 62 प्रतिशत भारतीय उद्यम अपने राजस्व का 50 प्रतिशत से अधिक डिजिटल बिजनेस मॉडल से प्राप्त करेंगे। इन कारणों से नये भारत का भविष्य डिजिटल होने के साथ उज्ज्वल भी है!

**(लेखक : प्रबंध निदेशक, आइडीसी, भारत और दक्षिण एशिया हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# कांग्रेस कमिटी की नुक्कड़ सभा, मोदी सरकार के खिलाफ फूंका बिगुल



आजाद सिपाही संवाददाता

**पोटका।** जिला कांग्रेस कमिटी के दिशानिर्देश पर पोटका प्रखंड कांग्रेस के तत्वावधान में पोटका बाजार में प्रखंड अध्यक्ष सौरभ चटर्जी की अध्यक्षता में नुक्कड सभा का आयोजन किया गया। सोमवार को आयोजित नुक्कड़ सभा में मुख्य अतिथि प्रदेश सचिव राकेश तिवारी शामिल हुए। मौके पर कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने नुक्कड़ सभा के माध्यम से मोदी सरकार के खिलाफ अपने बातों को रखा। प्रदेश सचिव राकेश तिवारी ने कहा कि केंद्र में मोदी सरकार आने के बाद से महंगाई का बोझ आम जनता पर पड़ने लगा है। गैस 450 से बढकर 942 रू कर दिया गया, खाद्य पदार्थ पर जीएसटी लगा दिया, सरकारी उपक्रमों को औने पौने दामों में अपने मित्रों को बेच दिया। रेलवे की वैकेंसी को रोक दिया, बैंक को आपस में मर्ज कर वहां पर रोजगार को खत्म कर दिया। सेना के बहाली को चार साल का करके नौजवानों की भविष्य को अंधकार कर दिया। आज व्यापारी में माध्यम वर्ग के लघु उद्योग व्यवसाय त्राहिमान है। शिक्षा और स्वास्थ्य इतना महंगा हो गया कि आम आदमी उसके लाभ उठाने से लगातार वंचित हो रहे हैं। पढ़ाई के क्षेत्र को चार गुना से लेकर 10 गुना तक महंगा बना दिया गया। उन्होंने कहा यही है नरेंद्र मोदी मॉडल और भाजपा का मॉडल। इसका बहिष्कार आम जनता को बड़े पैमाने पर करने की जरूरत है। उन्होंने कहा 2024 में लोकसभा चुनाव अब हमारे सर पर आ चुका है। आम जनता को अब जाग जाने की जरूरत है। ताकि भाजपा सरकार को मुंहतोड़ जवाब दे सके। उन्होंने कहा राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के माध्यम से महिलाओं को न्याय दिलाने की बात, सामाजिक समरसता की बात, किसानों के ऊपर हो रहे अत्याचार के खिलाफ न्याय दिलाने का लगातार मांग कर रहे हैं। आज संपूर्ण भारत में लोग लाखों करोड़ों की संख्या में राहुल गांधी से जुड़ रहे हैं। अब परिवर्तन लाने में हम लोगों को भी साथ देने की आवश्यकता है। अन्यथा भारत काफी कमजोर हो जायेगा। नौजवान का भविष्य चौपट हो जायेगा। उन्होंने कहा जब भारत में मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे तो 56 लाख करोड का कर्ज देश पर था। आज 176 000 करोड़ का बोझ आ गया है। इससे पता चलता है भारत देश लगातार कमजोर होरहा है। अब आम जनता और शिक्षित युवा को इस पर सोचना पड़ेगा। लोकतंत्र लगातार कमजोर हो रहा है। ईडी, सीबीआई और अन्य सरकारी संस्थाओं का उपयोग करके लोगों को डराने, धमकाने, जेल में डालने जैसे कुकृत्य को लगातार कराया जा रहा है। यह घोर अन्याय है। यह पाप है, ये सारे अन्याय और पाप मोदी जी के देखरेख में किया जा रहा हैं। झारखंड में आदिवासी परिवार के मुख्यमंत्री आम जनता के भलाई का काम दिन रात कर रहे थे। उन्हें भी झूठे केस में फंसा कर जेल में डाल दिया गया। इस अवसर पर वक्ता सुबोध सिंह सरदार, संजय सिंह आजाद, अजय मंडल, प्रखण्ड संगठन प्रभारी रामदरस चौधरी, जयराम हांसदा, सुरेश धारी, सोमेन मंडल, सुरज मुण्डा,सनातन मुण्डा ने संबोधित करते हुए मोदी सरकार के अत्याचार और दमनात्मक रवैया का विरोध किया। नुक्कड सभा में मण्डल अध्यक्ष लासा मुर्मू, प्रेम मुखी, सीताराम सोरेन, मनबोध गोप, लालटू दास, चंदन मदीना सहित अन्य शामिल रहे।

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शामिल हुए विधायक



पटमदा (आजाद सिपाही)। पटमदा प्रखंड के विभिन्न गांवों में सरस्वती पूजा के उपलक्ष में कई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सोमवार को स्थानीय विधायक मंगल कालिंदी मुख्य अथिति शामिल होकर ग्रामीणों का मनोबल बढ़ाया। विधायक ने पश्चिम बंगाल सीमावर्ती क्षेत्र ओड़िया पंचायत के बोड़डीह टोला में स्थानीय ग्रामीणों द्वारा आयोजित मेला,कांकु गांव में भानसिंह पूजा के उपलक्ष्य पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में शिरकत की। मौके पर विधायक ने भानसिंह देवता के समक्ष मत्था टेककर क्षेत्र के खुशहाली की कामना की। वही विधायक ने बांगुड़दा गांव के नामोपाड़ा में सरस्वती पूजा के अवसर पर स्थानीय कलाकारों द्वारा बंगला जात्रा ₹दादा भगवान भाई शैतान₹ के आयोजक कमेटी से मिलकर उनका मनोबल बढ़ाते हुए हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टूडु, झामुमो नेता सुभाष कर्मकार, अश्विनी महतो, मानिक महतो, रफीक अंसारी, मंटू महतो, ऊषा सहिस, निर्मल मुर्मु, महेंद्र महतो, मुरारी मोहन पाल, प्रदीप सिंह, अबोध महतो, बबलु महतो समेत सैकड़ो ग्रामीण मौजूद रहे।

# डीसी ने पोस्टल बैलेट से मतदान को लेकर की समीक्षा बैठक




जमशेदपुर। पूर्वी सिंहभूम जिले के डीसी अनन्य मित्तल की अध्यक्षता में आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में पोस्टल बैलेट से मतदान को लेकर एक समीक्षा बैठक की गई। सोमवार को बैठक के दौरान उपस्थित विभागीय पदाधिकारियों एवं कर्मियों को अपना नाम मतदाता सूची में निश्चित रूप से निबंधित कराने का निर्देश दिया गया। मौके पर डीसी ने कहा अनिवार्य सेवायुक्त कर्मियों में अग्निशमन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग का नाम मतदाता सूची में निबंधित होना अत्यंत महत्वपूर्ण है। यदि किसी पदाधिकारी व कर्मचारी का नाम उनके निवास स्थान से भिन्न स्थान पर मतदाता सूची में निबंधित है। तो वे निवास स्थान के नजदीकी मतदान केंद्र में अपना नाम स्थानांतरित कराना सुनिश्चित करें। डीसी ने पोस्टल बैलेट में मतदान करने वाले अनिवार्य सेवायुक्त कर्मियों की सूची मंगलवार तक उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी से आग्रह किया वे आगामी लोकसभा चुनाव में सक्रिय रूप से भाग लें। अपने परिवार एवं परिजनों को भी मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा सभी पदाधिकारी एवं कर्मी का सुनियोजित ढंग से रोस्टर तैयार करें, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी कर्मी मतदान कर पाएं। उन्होंने दिव्यांग व्यक्तियों एवं वृद्धजनों को चिन्हित कर मतदान हेतु आवश्यक व्यवस्था करने का निर्देश दिया। उप विकास आयुक्त ने बताया जिले में अधिक संख्या में अनिवार्य सेवायुक्त कर्मी हैं।

# सांसद ने अयोध्या के लिए आस्था स्पेशल ट्रेन को दिखायी हरी झंडी, 1332 यात्री हुए रवाना

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** देश के कोने-कोने से श्री रामलला के दर्शन के लिए रामभक्त अयोध्या रवाना हो रहे है। सोमवार को टाटानगर स्टेशन से आस्था स्पेशल ट्रेन को सांसद विद्युत वरण महतो ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र के 1332 रामभक्त अयोध्या धाम के लिए रवाना हुए। मौके पर क्षेत्रीय रेल प्रबंधक अभिषेक सिंघल, भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा, पूर्व विधायक मेनका सरदार समेत कई अन्य नेतागण मौजूद रहे।वही श्रीरामलला के दर्शन के लिए रामभक्तों में गजब का उत्साह देखा गया। पूरा स्टेशन परिसर जय श्रीराम और नरेंद्र मोदी जिंदाबाद के नारे से गूंज उठा। इस दौरान अयोध्या जाने वाले बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं और पुरुष सभी का उत्साह स्पष्ट झलक रहा था। रेलवे की ओर से सभी श्रद्धालुओं को लाल तिलक लगाकर और माला पहनाकर स्वागत किया गया। सांसद विद्युत वरण महतो ने 20 बोगी वाली आस्था स्पेशल ट्रेन में यात्रा कर रहे सभी श्रद्धालुओं से मुलाकात की और बोगी की साफ-सफाई एवं स्वच्छता का जायजा लिया। ट्रेन में श्रद्धालुओं की सुख-सुविधाओं का ख्याल रखते हुए उनके खान-पान और अन्य चीजों के लिए पूरी व्यवस्था की गई है। दर्शन करने वाले जत्थे में भजन-कीर्तन मंडली भी शामिल हैं। आस्था स्पेशल ट्रेन में पूर्व विधायक मेनका सरदार, भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा, पूर्व प्रदेश मंत्री रीता मिश्रा भी अयोध्याधाम के लिए रवाना हुए। 21 फरवरी को आस्था स्पेशल ट्रेन सभी श्रद्धालुओं को लेकर रात्रि 11 बजे टाटानगर स्टेशन पहुंचेगी। मौके पर सांसद विद्युत महतो ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार का आभार जताते हुए कहा देश भर के राम भक्तों को रामलला के दर्शन के लिए जो सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही हैं। वह अतुलनीय और और अविस्मरणीय है। उन्होंने कहा पीएम मोदी ने पूरे विश्व के राम भक्तों के 500 साल के इंतजार को खत्म कर दिया। जमशेदपुर के सभी रामभक्तों के लिए यह वह पहला मौका है। एक साथ सभी रामलला के दर्शन कर सकेंगे। सांसद विद्युत महतो ने कहा मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र को देश के प्रत्येक व्यक्ति को आत्मसात करना चाहिए। भाजपा सरकार द्वारा श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण भारत को पुनः विश्व गुरू के रूप में स्थापित करने की ओर एक बड़ा कदम है। उन्होंने अयोध्याधाम दर्शन यात्रा पर जाने वाले सभी श्रद्धालुओं को सुगम और सुखद यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी। मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर मिश्रा, गुंजन पासवान, अजय सिंह, पवन सिंह, त्रिदेव चट्टराज, मंटू चरण दत्ता, सुशील पांडेय, राकेश लोधी, संजीत चौरसिया, सूरज सिंह, समेत अन्य मौजूद रहे।

# टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन का महा रक्तदान शिविर 3 मार्च को

जमशेदपुर(आजाद सिपाही)। टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन कार्यालय में आफिस बेयरर की एक महत्वपूर्ण बैठक समपन्न हुई। सोमवार को बैठक में मार्च फाउंडर्स डे के उपलक्ष्य में होने वाली महा रक्तदान शिविर को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही यूनियन के महामंत्री से गोपेश्वर लाल जयंती के अवसर पर होने वाले रक्तदान शिविर 3 मार्च को जमशेदपुर ब्लड बैंक में कराने के लिए आग्रह करने का निर्णय लिया गया। बैठक में रक्तदान शिविर को सफल बनाने के लिए तैयारी समिति का गठन करने पर चर्चा हुई। ताकि रक्तदाताओं को किसी प्रकार की कोई कठिनाई ना हो। रक्तदान शिविर को लेकर मंगलवार को आर के सिंह फैंस क्लब के द्वारा टाटा मोटर्स के ब्लड को-ऑर्डिनेटर, टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के सभी आफिस बेयरर,कमिटी मेम्बर के साथ बैठक रखा गया है। सभी को शामिल होने के लिए आग्रह किया गया।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 20 फरवरी, 2024
www.azadsipahi.in



# अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त, प्राथमिकी दर्ज



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सेन्हा/ लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के कोयल नदी जोगना बालु घाट से अवैध बालू लाद कर जोगना सेन्हा पथ से परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर सेन्हा चौक की ओर जा रहा था। जिसे गुप्त सूचना मिलने पर अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी द्वारा अंचल में तैनात होम गार्ड के जवानों के सहयोग से ट्रैक्टर को रोक कर चालक से बालू परिवहन का कागजात की मांग किया गया। जिसे ट्रैक्टर चालक द्वारा किसी तरह का कागजात नही दिखाने पर ट्रैक्टर को जब्त कर सेन्हा थाना में सुरक्षित रखा गया है। वही अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी ने कहा कि परीक्षा डयूटी के दौरान कन्या मध्य विद्यालय सेन्हा पहुंचे थे। दिन में ही एक ट्रैक्टर को आते देख वाहन को रुकवा कर देखा गया। तो अवैध बालु लदा हुआ था। ट्रैक्टर को जप्त कर सेन्हा थाना में सुरक्षित रख जिला खनन पदाधिकारी को विभागीय कार्रवाई हेतु पत्र को लिखा गया है। कहा कि किसी प्रकार से अवैध बालू परिवहन का कार्य करने वालों पर प्राथमिकी दर्ज कर नियम संगत करवाई किया जायेगा।

# जीवन बेहतर बनाने के लिए मिल कर कार्य करें: राज्यपाल

**आर्यभट्ट सभागार में दीदियों का स्नातक समारोह**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि झारखंड राज्य अपनी समृद्ध जनजातीय संस्कृति और प्रचुर प्राकृतिक संसाधनों के लिए जाना जाता है। इन संसाधनों से लोगों का जीवन बेहतर बन सके, इसके लिए सभी को मिल कर कार्य करने की जरूरत है। राज्यपाल सोमवार को रांची के आर्यभट्ट सभागार में दीदियों के स्नातक समारोह को संबोधित कर रहे थे।

राज्यपाल ने कहा कि दीदियों ने तीन वर्ष पूर्व इंड अल्ट्रा पॉवर्टी कार्यक्रम के तहत विविध आजीविका के माध्यम से एक सम्मानजनक जीवन जीने के लिए छात्रा के रूप में यात्रा शुरू की थी। तीन साल के पश्चात वे स्नातक के रूप में उभरी हैं और उनकी उपलब्धियां प्रेरणास्त्रोत हैं।

उन्होंने कहा कि झारखंड में विशेष रूप से संवेदनशील जनजातीय समूहों सहित कई आदिवासी परिवारों को गरीबी से ऊपर उठाने के लिए वित्तीय समावेशन, आजीविका संवर्धन और सामाजिक सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिससे दीदियों के जीवन में ठोस बदलाव आया है।

राज्यपाल ने कहा कि इंड अल्ट्रा पॉवर्टी कार्यक्रम विकास के लिए की गयी विभिन्न पहलों में से एक है। इसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को आजीविका में विविधता लाने और वित्तीय स्वतंत्रता प्राप्त करने का प्रशिक्षण प्राप्त हो रहा है। पशुपालन-कृषि कार्य का भी प्रशिक्षण प्राप्त होता है। इनसे उनकी आमदनी लगातार बढ़ रही है। सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, एकलव्य विद्यालय के माध्यम से शिक्षा का भी प्रसार हो रहा है। उन्होंने दीदियों और संस्था के सदस्यों को सम्मानित भी किया।

# चंपाई सोरेन का जाति जनगणना कराने का निर्णय स्वागत योग्य: दिलेश्वर यादव

**लातेहार (आजाद सिपाही)।** यूवा राजद लातेहार ने राज्य में जातीय जनगणना कराने के चंपाई सोरेन सरकार के फैसले का स्वागत किया है। युवा राजद के जिलाध्यक्ष दिलेश्वर यादव ने कहा कि राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद व बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव लंबे समय से पूरे देश में जातीय जनगणना कराने की मांग कर रहे हैं, लेकिन भाजपा सरकार लगातार इसका विरोध कर रही है। बिहार में महागठबंधन सरकार बनते ही उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने जातीय जनगणना कराने की प्रतिबद्धता को पूरा कर देश को रास्ता दिखाने का काम किया। आज उसी का परिणाम है कि झारखंड की महागठबंधन सरकार ने जातिगत गणना कराने का निर्देश दिया है। जातिगत सर्वेक्षण से सभी जाति की आबादी और उनकी आर्थिक व शैक्षणिक स्थिति का साइंटिफिक डेटा सरकार के पास उपलब्ध होगा।

# संस्था ने विवाह में नगद राशि देकर किया सहयोग



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के अलौदी पंचायत अन्तर्गत सेमरटोली निवासी शिवचरण उरांव की पुत्री सुलनती कुमारी का विवाह के अवसर पर समृद्ध कन्या पब्लिक वेलफेयर ट्रस्ट संस्था द्वारा सहयोग के तौर पर दो हजार का चेक प्रदान किया गया। वही पंचायत समन्वयक जगसेनी दास द्वारा संस्था के सचिव को जानकारी दिया गया था। वही संस्था के सचिव सुरेंद्र उरांव ने बच्चे बच्चियों के कम उम्र में विवाह का दुष्प्रभाव, प्रेम बाल विवाह से बचने और संस्था द्वारा सहयोग करने के बारे बताते हुए कहा कि गरीब बेटियों की पढ़ाई और शादी विवाह में संस्था द्वारा हर संभव सहयोग किया जायेगा। वहीं समृद्ध कन्या पलबिक वेलफेयर संस्था की टीम अलौदी पंचायत के सेमरटोली ग्राम पहुंच कर बाल विवाह, बालिका शिक्षा, प्रेम विवाह सहित अन्य कुरीतियों के बारे में ग्रामीणों को जागरूक किया गया। मौके पर सुरेंद्र उरांव, जगसेनी दास, राजेन्द्र राम गोप, अमृता उरांव, धनी मिंज, बंसती उरांव सहित अन्य उपस्थित थे।

# सीएम स्वास्थ्य सहायता योजना की बैठक

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना अंतर्गत प्राप्त अनुसूचित जनजाति वर्ग के 09, अनुसूचित जाति वर्ग के 02 और पिछड़ा वर्ग के 44 आवेदनों पर चर्चा हुई। इसमें सभी मामलों में देय राशि के अनुसार सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, आईटीडीए परियोजना निदेशक सुजाता कुजूर, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, विधायक प्रतिनिधि नीशीथ जायसवाल, सेन्हा की जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की, कैरो के जिला परिषद सदस्य सुखदेव उरांव, किस्को के जिला परिषद सदस्य संदीप कुमार समेत अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# जिप सदस्य ने की डीसी से मुलाकात

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बरवाडीह।** प्रखण्ड की जिला परिषद सदस्य सन्तोषी शेखर ने जिले की उपायुक्त गरिमा सिंह से कार्यालय में मुलाकात की जहां इस दौरान जिला परिषद के द्वारा उपायुक्त को प्रखंड के प्रसिद्ध प्राचीन पहाड़ी मंदिर की तस्वीर भेंट करके जिले में स्वागत करने के साथ-साथ प्राचीन पहाड़ी मंदिर आने का निमंत्रण भी दिया। मुलाकात के दौरान जिला परिषद सदस्य के द्वारा प्राचीन पहाड़ी मंदिर के विकास को लेकर ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि प्राचीन पहाड़ी मंदिर धार्मिक स्थल के साथ एक बेहतर पर्यटन स्थल भी है, परंतु इसके बेहतर तरीके से विकास नहीं होने के कारण अपेक्षित है और इसके विकास की आवश्यकता है। जिसे देखते हुए पहाड़ी मंदिर के निचले हिस्से में ओपन शेड निर्माण, हनुमान मंदिर से रेलवे के वायरलेस तक सीढ़ी की मरम्मती, वायरलेस से काली मंदिर तक सड़क निर्माण, पर्यटन स्थलों की सूची में पहाड़ी मंदिर को सूचीबद्ध करते हुए बोर्ड लगाने, मंदिर के निचले हिस्से स्थित शिव मंदिर के सौंदरीकरण के साथ-साथ संपूर्ण सीढ़ी में शेड लगाने समेत अन्य योजना को बनाते हुए पहाड़ी मंदिर को धार्मिक और पर्यटन क्षेत्र में बढ़ावा दिलाने की मांग की गयी।

# कलश यात्रा के साथ शुरू होगा तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव

**लातेहार (आजाद सिपाही)।** शहर के प्रतिष्ठित श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर के 31 वें वार्षिकोत्सव का कार्यक्रम 20 फरवरी को कलश यात्रा के साथ प्रारंभ होगा। इसकी जानकारी मंदिर समिति के सचिव आशीष टैगोर और सह सचिव रंजीत कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि कलश यात्रा प्रातः आठ बजे से मंदिर परिसर से प्रारंभ होगी। इसके बाद थाना चौक पहुंचेगी। यहां से कलश यात्रा मुख्य पथ और मानस पथ होते हुए चटनाही के औरंगा नदी छठ घाट पहुंचेगी। यहां कलशों में नदी का जल भरा जायेगा। इसके बाद कलश यात्रा मंदिर परिसर पहुंचेगी। यहां आरती के बाद प्रसाद वितरण किया जायेगा। 21 फरवरी को मंदिर परिसर में दुर्गा सप्तशती का पाठ किया जायेगा। आगामी 22 फरवरी को पूर्वाह्न पूणार्हुति के बाद अपराह्न 12 बजे से नौ कन्या का पूजन व भंडारा का शुभारंभ किया जायेगा।

# राजद नेताओं ने की उपायुक्त से मुलाकात



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लातेहार।** लातेहार की उपायुक्त गरिमा सिंह से विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक नेताओं के द्वारा शिष्टाचार मुलाकात का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में राष्ट्रीय जनता दल के जिलाध्यक्ष रामप्रवेश यादव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने उनसे मुलाकात की। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया गया और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष रामप्रवेश यादव, जिला उपाध्यक्ष भोला सिंह, जिला उपाध्यक्ष रंजीत यादव, जिला सचिव मोहर सिंह यादव, युवा जिला अध्यक्ष दिलेश्वर कुमार यादव, लातेहार प्रखंड अध्यक्ष निजाम अंसारी, चंदवा प्रखंड अध्यक्ष दीपू सिंह शामिल रहे।

# पूर्व अंचलाधिकारी की पत्नी को मिला नियुक्ति-पत्र




**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा सदर अंचल के दिवंगत अंचल अधिकारी अरूण तिर्की की पत्नी अनुपा कुमारी को अनुकंपा के आधार पर जिला में तृतीयवर्गीय लिपिक के पद पर नौकरी हेतु उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा नियुक्ति-पत्र सौंपा गया। इस मौके पर स्थापना उपसमाहर्ता व अन्य उपस्थित थे।

# सर्वर डाउन रहने से राशन उठाव में हो रही परेशानी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कैरो।** कैरो क्षेत्र के सढ़ाबे, उतका, टाटी, खरता हनहट नागजुवा गुड़ी नागड़ा चरिमा कैरो समेत प्रखंड के सभी जनवितरण प्रणाली दुकानों में लगे ई पोश मशीन का सर्वर काम नही करने, सर्वर डाउन रहने के कारण जनवितरण प्रणाली दुकानदारों को लाभुकों का अंगूठा लगावाने में परेशानी हो रही है। लाभुक प्रतिदिन अंगूठा लगवाने के लिए जनवितरण प्रणाली दुकान पर घंटों बैठकर इंतजार में लगे रहते है परंतु कोई लाभ नहीं मिल रहा है। राशन डीलर लखन उरांव, ब्रजकिशोर साहू अब्दुल अंसारी, मन्दिर शाह, नासिर आलम खान, प्रदूमन सिंह, दीपक साहू, मेघनाथ भगत, सुरेंद्र साहु, रामकेशवर साहु, मो खुर्शीद, मुक्ता देवी आदि डीलर का कहना है कि ई पॉश मशीन सही से काम नहीं करने से अनाज वितरण में काफी परेशानी हो रही है। इस सबंध में वरीय पदाधिकारियों को भी अवगत करा चुके हैं।

# बाइक चोरी के आरोप में युवक को ग्रामीणों ने पीटा

**कुडू / लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा से बाइक चोरी कर बढकी चापी पहुंचे बाइक चोर को ग्रामीणों ने दौड़ाकर पकड़ा और जमकर पिटाई कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ग्रामीणों के चंगुल से बचाकर थाना ले गयी है। मिली जानकारी के अनुसार किसको थाना क्षेत्र के बकसी निवासी शंभु भगत पिता सूरज भगत लोहरदगा पतरा टोली में बाइक हीरो पैशन एक्सप्रो - जेएच08सी - 7706 खड़ा कर कुछ काम करने गया था। वापस आने पर बाइक गायब मिली। जिसके बाद शंभु भगत अपने कुछ लोगों के साथ कूडू और बढकी चापी रोड में गाड़ी का पता लगाने निकला। तभी बड़की चापी साप्ताहिक हाट में बाइक खड़ी मिली और उसके पास दो युवक थे। इन लोगों द्वारा चोर चोर चिल्लाने पर बाजार में भीड़ ने दौड़ा कर एक युवक को पकड़ लिया और जमकर धुनाई कर दी जबकि दूसरा भागने में सफल रहा।

# केवीके में प्राकृतिक खेती पर प्रशिक्षण आयोजित




**संतोष सिन्हा**

**बालूमाथ (आजाद सिपाही)।** प्राकृतिक खेती पर प्रशिक्षण का कार्यक्रम कृषि विज्ञान केंद्र बालूमाथ में 19 फरवरी को आयोजित किया गया। जिसमें बालूमाथ ब्लॉक के बसिया और कलकलियां ग्राम से किसान भाई और कृषक महिलाएं उपस्थित थी। इस कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर सुनीता कुमारी कमल ने प्राकृतिक खेती करने का सुझाव दिया। जलवायु परिवर्तन के कारण किसान भाई को प्राकृतिक खेती को अपनाकर खेत की मिट्टी की संरचना सुधारना होगा। जिससे मिट्टी में वह सब पोषक तत्व मिलेगा जो एक फसल को चाहिए प्राकृतिक खेती करने के लिए एक-एक कर जमीन के लिए दो देशी गाय की जरूरत पड़ती है। जिसमें हम वीजामृत जीवामृत एवं घन जीवामृत का उपयोग करके एक गुणवत्तापूर्ण फसल का मान तय कर सकते हैं। इस कार्यक्रम में कृषक महिला और कृषक शामिल होकर प्रशिक्षण को सफल बनाया।

# 24 को मनायी जायेगी माता शबरी जयंती

**बारियातु (आजाद सिपाही)।** 24 फरवरी को हर्षोल्लास के साथ माता शबरी जयंती मनायी जायेगी। जानकारी देते हुए अखिल भारतीय भुईयां समाज कल्याण समिति के प्रखंड अध्यक्ष लाखो भुईयां ने बताया कि अगामी 24फरवरी को प्रखंड के सदर पंचायत बारियातु, डाढ़ा, फुलसु, बालुमाथ, गोनिया, शिबला, टोंटी, अमरवाडीह के विभिन्न गांव टोला में समाज के लोग माता शबरी जयंती हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी धुमधाम व हर्षउल्लास के साथ मनाई जायेगी। साथ ही उन्होंने समाज के लोगों से अपील करते हुए कहा है की 24 फरवरी को प्रखंड के डाढ़ा में प्रखंड स्तरीय आयोजित माता शबरी जयंती समारोह में शामिल होने का अपील किया है। माता शबरी जयंती समारोह की तैयारी जोरो पर है। शबरी जयंती के दिन शबरी माता की पुजा एक देवी की रूप में किया जाता है।

# एसटी-एससी अत्याचार निवारण अधिनियम को लेकर बैठक

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम संबंधी प्राप्त मामलों में मुआवजा हेतु आवश्यक बैठक हुई। बैठक में कुल 16 मामलों पर चर्चा हुई व मुआवजा हेतु आवश्यक निर्णय लिये गये। बैठक में पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, आईटीडीए परियोजना निदेशक सुजाता कुजूर, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, विधायक प्रतिनिधि नीशीथ जायसवाल, सेन्हा की जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की, कैरो के जिला परिषद सदस्य सुखदेव उरांव, किस्को के जिला परिषद सदस्य संदीप कुमार समेत अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# पांडेपुर में निकली न्याय यात्रा




**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड समिति लातेहार के द्वारा पांडे पुर पंचायत के विभिन्न टोला गांव में पूर्व मुख्यमंत्री एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा के के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन जी को केंद्र के केंद्रीय एजेंसियों के द्वारा गलत तरीके से बिना साक्ष्य के जेल भेज कर झारखंड सरकार को अपदस्त करने का असफल प्रयास किया गया के संबंध में न्याय मार्च निकाला गया न्याय मार्च के द्वारा आम जनता एवं मंदिरों मस्जिदों एवं देवी मंडप में हेमंत सोरेन के रिहाई हेतु आशीर्वाद लेने काम किया गया इस यात्रा का नेतृत्व प्रखंड अध्यक्ष अशोक कुमार पांडे ने किया इस यात्रा में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष इंद्रदेव उरांव जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष सूरेश उरांव प्रखंड सचिव एहसान अंसारी पंचायत अध्यक्ष इमरान अंसारी समेत सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# भंडरा में मोबाइल टावर से बैटरी की चोरी

**भंडरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय समीप पेट्रोल पंप के पीछे लगे एयरटेल कंपनी के मोबाइल टावर से बीती रात दो बैटरी चोरी हो गई। कंपनी के टेंकनीशियान ज्ञानेंद्र कुमार ने बैटरी चोरी होने की सूचना दी थी। ज्ञात हो कि पूर्व में भी उक्त टावर से बैटरी की चोरी हुई थी । भंडरा थाना प्रभारी गौतम कुमार का कहना है कि इस मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस चोरों की तलाश में जुटी है।

# लोकसभा चुनाव को लेकर डीसी ने दिये निर्देश

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**लातेहार।** लातेहार आगामी लोक सभा चुनाव 2024 की तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने चुनाव के मद्देनजर गठित विभिन्न कोषांगों के वरीय पदाधिकारियों से उनके द्वारा अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया। उपायुक्त ने आगामी लोक सभा चुनाव 2024 के तहत सभी चुनावी प्रक्रियाओं को साफ-स्वच्छ, निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर संपन्न कराने की बात कही।

उपायुक्त ने मतदाताओं की सुविधाओं एवं सुरक्षा के दृष्टिकोण से सभी मतदान केंद्रों का पुनः विश्लेषण करने का निर्देश दिया। बूथों का भ्रमण करते हुए डिस्पैच सेंटर से लेकर बूथ तक रूट मैप तैयार करने का निर्देश दिया। साथ ही संवेदनशील एवं अति संवेदनशील बूथों को चिन्हित कर सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। चुनाव स्थल तक मतपेटिकाओं को ले जाने हेतु वाहनों की आवाजाही, प्रशिक्षण एवं नामांकन की प्रक्रियाओं का विशेष ध्यान रखने को लेकर निर्देशित किया। चुनाव को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कार्मिक कोषांग को चुनाव के दौरान कार्य करने वाले पदाधिकारियों एवं कर्मियों से संबंधित डाटा बेस की समीक्षा में पाया कि अभी तक कुछ कार्यालयों ने अपने कर्मियों की सूची कार्मिक कोषांग को उपलब्ध नहीं करवाई है जिस पर उपायुक्त ने कड़े शब्दों में निर्देशित करते हुए कहा कि जल्द से जल्द बचे हुए शेष कार्यालय सूची उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

उपायुक्त ने कहा कि चुनाव को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु यह बहुत जरूरी है कि चुनाव में कार्य कर रहे अधिकारियों व कर्मियों को विभिन्न चरणों में प्रशिक्षण दिया जाए। इसके लिए उपायुक्त ने वरीय पदाधिकारी प्रशिक्षण कोषांग को कार्य योजना तैयार करते हुए प्रशिक्षण संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

# वनाधिकार पट्टा से संबंधित बैठक संपन्न

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में वनाधिकार पट्टा संबंधित बैठक हुई। बैठक में अनुमण्डल स्तरीय समिति से अग्रसारित 13 व्यक्तिगत और 04 सामुदायिक पट्टा हेतु प्राप्त आवेदन की समीक्षा गयी। सामुदायिक वन पट्टा हेतु चार आवेदनों को जिला स्तरीय समिति से सर्वसम्मति से पारित किया गया। कुछ आवेदनों को पुनः जांच कर जिला स्तरीय समिति में प्रस्तुत किये जाने का निर्देश दिया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, वन प्रमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुजाता कुजूर, एसडीओ अमित कुमार, विधायक प्रतिनिधि नीशीथ जायसवाल, सेन्हा की जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की, कैरो के जिला परिषद सदस्य सुखदेव उरांव, अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# अकादमी खुलने से लीडर तैयार होंगे: बसंती डुंगडुंग



आजाद सिपाही संवाददाता

**बसिया।** प्रखंड के दलमादी में लीडरशिप अकादमी का उदघाटन बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य बसंती डुंगडुंग द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इस अकादमी के खुलने से क्षेत्र के युवाओं और बच्चो में लीडर तैयार होंगे। जो आगे चलकर समाज राज्य और देश का नाम रोशन करेंगे। संस्था के सदस्य मैथुएल नायक ने जानकारी देते हुए कहा कि उनका संस्था स्कूल के ड्राप आउट छात्रों को इंग्लिश और कम्प्यूटर का ट्रेनिग देकर उनमें लीडरशिप का गुण विकसित करेगी। अभी यह संस्था सिमडेगा जिला के 7 गांव और बसिया प्रखंड के आर्या, ईटाम और तुरबुगा पंचायत के गावो के बच्चो जिसमे 9 से 14 वर्ष को बाल समूह और 14 से 22 वर्ष के बच्चो को युवा समूह में बांट कर प्रशिक्षण देने का कार्य करेगी। ये सभी मैट्रिक ओर इंटर के ड्रॉप आउट बच्चे होंगे जिन्हें निशुल्क प्रशिक्षण दी जायेगी। इस अवसर पर मुखिया जसिंता बागे, एनीमा डुंगडुंग, फिलिसिता टोप्पो, लीडरशिप अकादमी के मेथुअल नायक, प्रोजेक्ट मैनेजर मनीष टेटे, फादर दीपक एक्का समेत अनेक लोग उपस्थित थे।

# लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर डीसी ने दिये निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सोमवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने परमवीर अलबर्ट एक्का जारी प्रखंड का दौरा किया। सर्वप्रथम उपायुक्त ने प्रखंड कार्यालय में चुनाव संबंधी तैयारियों से संबंधित एक विशेष बैठक की जिसमें मुख्य रूप से उप निर्वाचन पदाधिकारी सुषमा लकड़ा, प्रखंड विकास पदाधिकारी शशि संदीप सोरेन एवं जिला सूचना एवं जन संपर्क पदाधिकारी मौजूद रहें। इस दौरान उपायुक्त ने प्रखंड के सभी 5 पंचायतों के 29 मतदान केंद्रों से जुड़ी बिंदुवार जानकारी प्राप्त की। उपायुक्त ने सभी मतदान केंद्रों अंतर्गत सभी मूलभूत सुविधाओं जैसे रैंप, टॉयलेट, पेय जल, बिजली सहित अन्य प्राथमिक सुविधा की जानकारी ली। इसी क्रम में उपायुक्त ने जरडा पंचायत



के धोबारी ग्राम के बूथ संख्या 51 राजकियकृत प्राथमिक विद्यालय धोबारी का भी निरीक्षण किया एवं वहां के सभी प्राथमिक सुविधाओं का भौतिक जांच कर संबंधी अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

**विद्यालय में मध्यान्ह भोजन का भी किया निरीक्षण:** निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने विद्यालय में चल रहें मध्याह्न भोजन के मेन्यू, उपस्थित बच्चों एवं विद्यालय के स्थिति संबंधित भी जानकारी ली।

**धोबारी में उपायुक्त ने ग्रामीणों से की वार्ता:** उपायुक्त ने धोबारी ग्राम के ग्रामीणों से गांव में बिजली, पानी,सड़क सहित अन्य समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। ग्रामीणों ने उपायुक्त को अपने समस्याओं से अवगत कराया उन्होंने उक्त क्षेत्र अंतर्गत बने आंगनवाड़ी केंद्र की जर्जर स्थिति, ट्रांसफर के जलने जैसी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा, जिसपर उपायुक्त ने ट्रांसफार्मर की मरम्मती करने हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया। ग्रामीणों ने उनके ग्राम अंतर्गत बने बांध के टूट जाने से खेती करने में आने वाली समस्याओं के बारे में भी उपायुक्त को बताया, ग्रामीणों ने अगले बरसात से पहले बांध की मरम्मती कराने हेतु उपायुक्त से आग्रह किया। जिसपर उपायुक्त ने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि जल्द ही बांध की मरम्मती हेतु आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी शशि संदीप सोरेन, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुषमा लकड़ा, जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी पलटू महत्ता,परमब्वीर अलबर्ट एक्का जारी प्रखंड प्रमुख उर्मिला केरकेट्टा, जरडा पंचायत मुखिया बिनय एक्का तथा ग्राम प्रधान सुनील तिर्की एवं समस्त ग्रामीण उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत

**बसिया (आजाद सिपाही)।** थानांतर्गत रामजड़ी गांव के समीप बसिया सिसई मुख्य मार्ग पर विषम सड़क हादसे में दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार बसिया से सिसई की ओर जा रही तेज रफ्तार सवारी गाड़ी ने रामजड़ी गांव में सड़क किनारे खड़े स्थानीय पांच लोगों को अपने चपेट में ले लिया जिससे घटनास्थल पर ही दो लोगों की जान चली गयी। मरने वालों में 10 वर्षीय विकास उरांव और 55 वर्षीय आदित्य देवघरिया शामिल है। घटना के उपरांत गंभीर रूप से घायल 22 वर्षीय प्रीतम कंसारी, 40 वर्षीय नंद कंसारी, 14 वर्षीय अनिल उरांव को इलाज के लिए आनन फानन मे कोनबीर स्थित रेफरल अस्पताल लाया गया। जहां घायलों की स्थिति को देखते हुए उन्हें रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सवारी गाड़ी तुकई ग्राम की थी जिसे चालक बबलू गोप के द्वारा चलाया जा रहा था। मृतकों का पोस्टमार्टम कराकर बसिया पुलिस ने शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

## नये थाना प्रभारी ने किया पदभार ग्रहण



**कामडारा (आजाद सिपाही)।** कामडारा मे नये थाना प्रभारी के रुप मे शशि प्रकाश ने आज सोमवार को अपना पदभार ग्रहण किया। वहीं निवर्तमान थाना प्रभारी कौशलेंद्र कुमार ने गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया।पदभार ग्रहण किये जाने के बाद थाना प्रभारी शशि प्रकाश ने स्थानीय पत्रकारों से बातचीत करते हुये कहा कि क्षेत्र मे अमन शांति बनाये रखना और उग्रवाद व अपराध को सफाया करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी।वहीं थाना प्रभारी ने कहा कि क्षेत्र के ग्रामीण अपनी समस्याओं को लेकर बेहिचक थाना मे आकर मुझसे संपर्क कर सकते हैं।इसके थाना प्रभारी क्षेत्र के ग्रामीण इलाका अरहरा की ओर यथास्थिति का जायजा लेने के लिये निकल पड़े।

## जिप सदस्य ने किया विद्यालयों का निरीक्षण



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा के द्वारा चैनपुर के मैट्रिक परीक्षा के चारों परीक्षा केंद्र बरवे हाई स्कूल लूथरन हाई स्कूल संत अन्ना हाई स्कूल एवं प्रोजेक्ट हाई स्कूल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी परीक्षा केंद्रों में चल रहे मैट्रिक परीक्षा का निरीक्षण बारी-बारी से सभी कमरों में जाकर किया एवं परीक्षार्थियों की उपस्थिति एवं अनुपस्थिति की जानकारी स्कूल के प्रधानाध्यापकों से ली इसी क्रम में बरवे उच्च विद्यालय में सड़क हादसे में घायल छात्रा की सुध ली वही संत अन्ना में बीमार दो छात्रों की सुध ली प्रोजेक्ट में भी एक छात्र जो बीमार है उसकी भी सुध ली और उनके उचित देखभाल की प्रधानाध्यापकों से बात कही, इस दौरान उन्होंने परीक्षा कदाचार मुक्त करने की बात भी की। आपको बता दे की बरवे हाई स्कूल में कुल 278 संत अन्ना हाई स्कूल में कुल 288 में एक अनुपस्थित प्रोजेक्ट हाई स्कूल में कुल 165 एवं लूथरन में कुल 215 विद्यार्थी परीक्षा दे रहे हैं वही मजिस्ट्रेट सुशील खाखा ने भी सभी परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया।

### पेट्रोल पंप संचालक डीसी के आदेश की उड़ा रहे धज्जियां

# बिना हेलमेट वालों को बेच रहे हैं पेट्रोल

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटना व सड़क दुर्घटना में मौत को देखते हुए उपायुक्त ने बीते दिनों जिले में संचालित पेट्रोल पंप संचालकों को दिशा निर्देश देते हुए सख्त चेतावनी दी थी की किसी परिस्थिति में बिना हेलमेट के वाहन चालकों को पेट्रोल नहीं देना है। लेकिन उपायुक्त के आदेश का गुमला जिला में पालन नहीं हुआ। आदेश की धज्जियां उड़ाई जा रही है और इसका असर देखने को भी नहीं मिल रहा है। धड़ल्ले से सभी पेट्रोल पंप बाइक चालकों को पेट्रोल उपलब्ध करा रहे हैं। वही ट्रिपल लोड नाबालिक बाइक चालकों को भी पेट्रोल दिया जा रहा है। इस संबंध में पेट्रोल पंप के संचालकों से पूछने पर उन्होंने कहा पेट्रोल नहीं देने पर लड़के गाली गलौज और लड़ाई झगड़ा पर उतारू हो जाते हैं। हमें भी पेट्रोल बेचना है। वहीं शहर के एक पेट्रोल पंप संचालक ने कहा कि हमें इस प्रकार का आदेश का प्रतिलिपि प्राप्त नहीं हुआ है। वहीं शहर के सिसई रोड, पालकोट रोड, लोहरदगा रोड, जशपुर रोड सहित अन्य स्थानों पर संचालित पेट्रोल पंपों में धड़ल्ले से बिना हेलमेट चालकों को पेट्रोल दिया जा रहा है। बता दे की प्रतिदिन जिले में सड़क दुर्घटना हो रही है। जिसमें कई लोगों की मौतें भी हो रही है। बावजूद ना तो बाइक चालक हेलमेट का उपयोग कर रहे हैं और ना ही पेट्रोल पंप संचालक उपायुक्त के आदेश का पालन कर रहे हैं। वही उपायुक्त के आदेश में कहा गया है कि जो पेट्रोल पंप संचालक आदेश को नहीं मानेंगे उन पर जुमार्ना लगाया जाएगा इसके साथ ही अन्य कार्रवाई भी की जाएगी। लेकिन उपायुक्त के आदेश की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है। अब तक इस मामले में किसी भी पेट्रोल पंप पर ना तो कार्रवाई हुई और ना ही विभागीय स्तर पर अवलोकन किया गया। उपायुक्त का आदेश सिर्फ कागजों तक सिमट कर रह गया है।

# पीएम जन-मन महा अभियान के तहत शिविर का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**केरसई।** प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान के तहत आदिम जनजाति बहुल करीलकुचा में एकदिवसीय शिविर का आयोजन किया गया । शिविर में लोगों को आयुष्मान कार्ड राशन कार्ड उज्ज्वला योजना सहित अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ दिया गया साथ ही स्वास्थ्य जांच भी की गई । कार्यक्रम का उद्घाटन अंचल अधिकारी बलिराम माझी, सांसद प्रतिनिधि रवि गुप्ता केरसई मुखिया फाबियोला खेस द्वारा संयुक्त रूप से किया गया ।

मौके पर अंचल अधिकारी बलिराम माझी ने कहा की सरकार द्वारा योजनाओं का लाभ लोगों को अधिक से अधिक मिले इसलिए इस तरह के शिविर लगाए जा रहे हैं लोग इसका लाभ उठाएं।

सांसद प्रतिनिधि रवि गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सरकार की योजनाओं का लाभ आदिवासियों को ज्यादा से ज्यादा मिले इसके लिए प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान का शुभारंभ किया है । इसके तहत लोगों को सरकार के सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। लोग इस अभियान का लाभ उठाएं और विकसित भारत अभियान में अपनी सहभागिता निभाएं।

मौके पर सभी प्रखंड कर्मी एवं अंचलकर्मी में मौजूद थे ।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम आयोजित



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत सोमवार को पंचायत सचिवालय बिशुनपुर परिसर में पंचायत स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रारंभ मोदी के गारंटी गाड़ी के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश लोगों को सुना कर किया गया वहीं शिक्षा विभाग, बाल विकास परियोजना, चिकित्सा विभाग, प्रधानमंत्री उज्वला योजना सहित अन्य विभागों के द्वारा स्टोल लगाकर केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की विस्तृत जानकारी लोगों को उपलब्ध कराई गई। इस मौके पर भिखारी भगत ने कहा कि इस कार्यक्रम के तहत देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के द्वारा पिछले 10 वर्षों में किए गए कार्यों को गारंटी गाड़ी के माध्यम से पंचायत के लोगों को जानकारी दिया जा रहा है साथ ही उन्हें जन कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक भी करने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा गरीब किसान असहाय लोगों के लिए केंद्र सरकार के द्वारा 135 योजनाएं चलाई जा रही है जिसमें इस क्षेत्र के आम लोगों के लिए चलाई जा रही जन कल्याणकारी 19 योजनाएं जिसके विषय में विस्तृत रूप से जानकारी दी जा रही है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष केदार साहू जगत ठाकुर सहित अन्य लोगों के द्वारा भी योजनाओं से संबंधित जानकारी आम ग्रामीणों के बीच रखी गयी। इस मौके पर शिक्षा प्रसार पदाधिकारी प्रीति कुजूर स्थानीय मुखिया रामप्रसाद बड़ाईक रिंकू गिरी टेमन दास सहित पंचायत से पहुंचे काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# कांग्रेस के सक्रिय कार्यकर्ता की सड़क हादसे में मौत

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिमडेगा।** किनकेल के पास हुई सड़क दुर्घटना में कुरडेग के हेठमा भंडारटोली गांव निवासी वरदान मिंज की मौत हो गयी। वरदान कांग्रेस के सक्रिय कार्यकर्ता थे। उनके निधन की सूचना पर जिप सदस्य जोसिमा खाखा हेठमा भंडारटोली पहुंच वरदान के अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शामिल हुए। साथ ही उनके परिजनों से मिलकर हर संभव मदद करने का भरोसा जताया। उन्होंने सरकार से मिलने वाले मुआवजा का भी वितरण करवाने में मदद करने का आश्वासन दिया। वहीं ग्रामीणों से भी परिजनों का हर संभव सहयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने वरदान के निधन को कांग्रेस पार्टी के लिए आपूर्णिय क्षति बताया। उन्होंने कहा कि वरदान की कमी न सिर्फ कांग्रेस पार्टी को बल्कि समाज को भी खलेगी।उनकी कमी को कभी भी पुरा नहीं किया जा सकता है। इधर जिप सदस्य समरोम पौल तोपनो, अजीत लकड़ा, प्रतिमा कुजूर, लीला नाग, अजयदान, दानियल, हर्षित, प्रदीप आदि ने भी उनके अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शामिल हुए।

## वाहन की टक्कर से घायल वृद्ध की इलाज के दौरान मौत

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला जशपुर रोड स्थित सिलम पेट्रोल पंप के समीप अज्ञात वाहन के टक्कर से करौंदी निवासी 72 वर्षीय चुडु नायक गंभीर रूप से घायल हो गया था। घटना 6 फरवरी की है। घटना के बाद वृद्ध का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा था। वहीं डॉक्टर ने गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रिम्स रांची रेफर कर दिया था। लेकिन आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण परिजन उसे रांची नहीं ले जा सके और सदर अस्पताल में ही उसका इलाज चल रहा था। 19 तारीख सोमवार की सुबह 7:00 बजे इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई। मामले को लेकर मृतक के पोता सुनील नायक ने गुमला थाना में प्राथमिक की दर्ज कराई है।

# घर का ताला तोड़ साढ़े तीन लाख की चोरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाघरा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित जग बगीचा निवासी विष्णु कुमार के घर से ताला तोड़कर बीते रविवार की रात्रि लगभग 3 लाख 50 हजार रुपए नगद की चोरी कर ली गयी है। घटना के संबंध में विष्णु कुमार ने बताया कि वह पूरे परिवार के साथ 14 फरवरी को पुरी उड़ीसा घूमने के लिए गया था। घर पर कोई नही था ताला बंद था। सोमवार को जब घर लौटा तो देखा कि घर के दरवाजे में लगे चार ताला तोड़ दिया गया है और अंदर कमरे में गोदरेज व बक्सा का सामान बिखरा पड़ा है। जिसके बाद विष्णु ने गोदरेज और बक्से में रखे पैसे को खोजने लगा तो पता चला कि पैसा वहां से गायब है। विष्णु ने बताया कि वह बाजार में दुकान लगाकर कपड़ा बेचने का काम करता है। पैसा सामान लाने के लिए घर पर रखा था पुरी से लौट के बाद वह बेचने के लिए कपड़ा लाने के लिए जाने वाला था। जिससे पहले ही चोरों ने इस बड़े घटना को अंजाम दे दिया। घटना के बाद पूरे परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है। विष्णु ने बताया कि अब मेरा व्यवसाय पूरी तरह से बंद हो जाएगा जो भी छोटे से दुकान में मैंने थोड़ा बहुत पूंजी इकट्ठा किया था जिसे भी चोरों ने चोरी कर लिया। थानेदार तरुण कुमार से पूछने पर उन्होंने कहा सूचना मिली है घर पर कोई नहीं थे सभी परिवार पूरी गए हुए थे। घर लौट के बाद थाना में आकर शिकायत किया है जांच किया जा रहा है बहुत जल्द चोरों को पकड़ लिया जायेगा।

## शिवलिंग को असामाजिक तत्वों ने किया क्षतिग्रस्त

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** चपका जतरा टोंगरी स्थित स्वयंभू शिवलिंग को असामाजिक तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। इसकी सूचना सोमवार के घाघरा थाना को ग्रामीणों द्वारा दी गयी। इसके बाद पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचे और घटना की जानकारी ली। इस बाबत ग्रामीणों ने बताया कि जतरा टोंगरी में स्वयंभु शिवलिंग स्थापित था। वही दिन के 2:00 बजे जब लोग टोंगरी की ओर से पार हो रहे थे। तो देखा की शिवलिंग नहीं है। काफी खोजबीन भी किया गया। जिसके बाद पता चला की शिवलिंग टोंगरी से दूर फेका गया है। जो उक्त शिवलिंग स्थल से 100 फिट दुरी पर निचे जमीन में मिला। वही ग्रामीणों ने यह भी बताया कि उक्त स्थल के पास देर शाम होते ही कई लोग वहां पहुंचकर नशा पान करते है। इस संबंध में नये थानेदार तरुण कुमार से पूछने पर उन्होंने कहा इस पूरी घटना में जो भी लोग शामिल होंगे उन पर सख्त कार्रवाई किया जायेगा। साथ ही उन्होंने प्रखंड क्षेत्र में पुलिस पेट्रोलिंग में वृद्धि करने की बात कही और असमाजिक तत्वों पर नजर रखते हुए गुप्त तरीके से थाना में इसकी सूचना भी देने की बात कही है।

# मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को लेकर वोटर जागरूकता प्रतियोगिता शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्दे नजर मतदाता जागरूकता के उद्देश्य से मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी का कार्यालय झारखंड द्वारा झारखंड वोटर अवेयरनेस कॉन्टेस्ट की शुरूआत की गई है। यह प्रतियोगिता प्रोफेशनल, इंस्टिट्यूशनल एवं एमेच्योर स्तर पर सभी आयु वर्ग के लिए आयोजित है।

प्रतियोगिता में शामिल होने वाले प्रतिभागी निर्धारित विषयों पर वीडियो सॉन्ग मेकिंग, शॉर्ट फिल्म मेकिंग, रील्स,पोस्टर तैयार कर 31 मार्च 2024 तक ceo-jharkhandcontest@gmail.com में भेज सकते हैं। बताया गया है प्रतिभागी अपने कंटेंट को सोशल मीडिया पर शेयर करते वक्त निम्न #टैग्स @ceojharkhand @Dc_Gumla #JHARKHAND-VOTERAWARENESSCONTEST, #NOTHINGLIKEVOTING, #LOKSABHAELECTION, #VOTEFORSUR, #ELECTION2024, #CEOJHARKHAND का इस्तेमाल करें।

प्रत्येक माध्यम में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। प्रतियोगिता के लिए कई थीम निर्धारित किए गए हैं। जिसमें कोई भी मतदाता छूटना नहीं चाहिए मतदाता पंजीकरण, नैतिक मतदान, मतदान जैसा कुछ भी नहीं, दिव्यांग मतदाता, हर वोट मायने रखता है, वोट जरूर करें, महिला मतदाता, तृतीय लिंग मतदाता आदि थीम निर्धारित हैं।

**नकद पुरुस्कार:** बताया गया कि सफल प्रतिभागी वीडियो सॉन्ग एवं फिल्म मेकिंग कॉम्पीटिशन में 50,000 रुपए तक, रील्स मेकिंग कॉम्पीटीशन में 20,000 रुपए तक तथा पोस्टर डिजाइनिंग कॉम्पीटिशन में15,000 रुपए तक का नकद पुरुस्कार प्राप्त कर सकते हैं।

# मुवक्किल ने अपने अधिवक्ता के साथ की धक्का-मुक्की

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** कचहरी परिसर में सोमवार को अचानक हंगामा हो गया। एक मुवक्किल ने अपने वकील के साथ ही बदतमीजी करते हुए धक्का मुक्की कर दी। मिली जानकारी के अनुसार बार एसोसिएशन के अधिवक्ता प्रकाश गोप रायपुर के एक मुवक्किल दिनेश कुमार सिन्हा के एक मामले में पैरवी कर रहे थे। पीड़ित अधिवक्ता गोप द्वारा बताया गया कि अपने मुवक्किल जो छतीसगढ़ राज्य के रायपुर जिला के रहने वाले है, उनका एक हेयरिंग का मामला था। इस मामले में धारा 420 का आरोप है। अधिवक्ता ने सीजीएम कोर्ट से उक्त मामले में अपने मुवक्किल की पैरवी करते हुए बेल दिला दिया। जिसके बाद मुवक्किल द्वारा आर्डर कॉपी की मांग की गई थी। अधिवक्ता का कहना था कि अभी बेल मिला है कुछ दिन बाद कॉपी निकाल कर मुक्किल को दे दिया जाएगा। इसी बात को लेकर विवाद इतना बढ़ा कि दिनेश व उनके मित्र सोमवार को कचहरी परिसर में अधिवक्ता के साथ धक्का-मुक्की करने लगे। इस दौरान मौके पर लोगों की भीड़ लग गयी।

## हड्डी रोग विशेषज्ञ गुमला में 24 को

गुमला। हड्डी, रीढ़ की हड्डी, व नस रोग विशेषज्ञ डॉ अनिल कुमार,₹ न्यूरो सर्जन₹ शनिवार यानी 24 फरवरी को गुमला के निलेश मेडिकल में आयेंगे। झारखंड के ये सुप्रसिद्ध चिकित्सक स्थानीय नीलेश मेडिकल में सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक मरीजों को देखेंगे। इसमें हड्डी में दर्द, हड्डी का कनकनाना, कमजोर हड्डी आदि से संबंधी रोगियों की जांच की जायेगी।

### सभी संबंधित अधिकारी को अपने-अपने विभाग में राजस्व वसूली में लापरवाही नहीं बरतने की हिदायत

# हर हाल में राजस्व वसूली का लक्ष्य पूरा करें : डीसी

**कम राजस्व की वसूली पर समीक्षा कर तेजी लाने का निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी शशि रंजन ने सोमवार को समाहरणालय सभाकक्ष में राजस्व संग्रहण की वर्तमान स्थिति पर विभागीय प्रमुखों के साथ समीक्षा। राजस्व से जुड़े सभी विभागों के अधिकारियों को राजस्व संग्रहण में तेजी लाने का निर्देश दिया। कहा कि राजस्व वसूली में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि राजस्व उगाही में सभी रुकावटों को दूर करते हुए लक्ष्य के प्रति केंद्रीत रहें। सभी संबंधित अधिकारी को अपने-अपने विभाग में राजस्व वसूलने के लिए किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने की बात कही। कहा कि राजस्व संग्रहण जिले की कार्यप्रणाली का अहम हिस्सा है। इस कार्य में पारदर्शिता आवश्यक है। उन्होंने पदाधिकारियों को लोगों को कर भुगतान करने के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया।



पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते डीसी शशि रंजन।

### खनन क्षेत्र में राजस्व वसूली में तेजी लायें

डीसी ने खनन विभाग की समीक्षा करते हुए पाया कि वार्षिक लक्ष्य 30534.00 लाख रुपये का है। वहीं जनवरी तक 18370.28 लाख रुपए की वसूली की गयी है जो वार्षिक लक्ष्य का 60.16 प्रतिशत है। उन्होंने खनन पदाधिकारी को खनन के क्षेत्र में राजस्व वसूली में तेजी लाने की बात कही। कहा कि इसमें जो भी कारक बाधक हैं, उन्हें यथाशीघ्र दूर कर लक्ष्य प्राप्त करें। इसी तरह परिवहन विभाग की समीक्षा करते हुए पाया कि विभाग को 5907.79 लाख रुपये की वसूली का लक्ष्य दिया गया था। जिसके विरुद्ध परिहवन विभाग द्वारा अबतक 4576.11 लाख रुपये की राजस्व वसूली कर ली गयी है। इस दौरान कम राजस्व वसूली होने के कारणों की समीक्षा करते हुए तेजी लाने का निर्देश दिया।

### उत्पाद अधीक्षक को लगातार छापामारी का निर्देश

उत्पाद विभाग की समीक्षा के दौरान उत्पाद अधीक्षक ने डीसी को बताया कि उत्पाद विभाग को 12100 लाख रुपए वसूली का वार्षिक लक्ष्य दिया गया था, जिसके विरुद्ध जनवरी तक 9091.17 लाख रुपये के राजस्व वसूली कर ली गयी है जो 75.13 प्रतिशत है। इसी तरह अवर निबंधन, राष्ट्रीय बचत विभाग, नगर निगम, विद्युत आपूर्ति विभाग की भी समीक्षा की गयी। डीसी ने जिले में लंबित दाखिल-खारिज मामलों की भी समीक्षा की। 30 और 90 दिनों के लंबित म्यूटेशन के मामले में डीसी ने सभी अंचल अधिकारियों को निर्देश देते हुए जल्द से जल्द निष्पादन करने को कहा। इस दौरान उन्होंने 90 दिनों से अधिक म्यूटेशन के लंबित मामले में डीसी ने पाटन, लेस्लीगंज, विश्रामपुर सहित अन्य अंचल अधिकारियों को ज्यादा मामले लंबित होने पर कारण पूछते हुए जल्द से जल्द निष्पादन करने का निर्देश दिया। भूमि सीमांकन से संबंधित लंबित मामलों की अंचलवार समीक्षा करते हुए सभी अंचल अधिकारियों को मामलों का जल्द निष्पादन करने को कहा। इस दौरान बैठक में वन प्रमंडल अधिकारी सौमित्र शुक्ल, अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, जिला खनन पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी आदि उपस्थित थे।

# कॉलेज प्रबंधक ने किया परीक्षा केंद्र का निरीक्षण

**एलसीएम में शांतिपूर्ण संचालित हो रही परीक्षा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** विश्रामपुर नगर परिषद के मुख्य कस्बा रेहला स्थित लक्ष्मी चंद्रवंशी महिला महाविद्यालय में मैट्रिक व इंटर की परीक्षा शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त संचालित हो रही है। सोमवार को महाविद्यालय की प्रबंधक नूतन रानी ने परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने सभी परीक्षा कक्षा में घूम-घूम कर स्थिति का जायजा लिया और परीक्षा का संचालन शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त बताया। नूतन रानी ने बताया कि प्रथम पाली में मैट्रिक में एचएन-ए में 823 में 816 और एचएन-बी में 213 में 212 परीक्षार्थी शामिल हुए। जबकि द्वितीय पाली में इंटरमीडिएट की बायोलॉजी में 1264 में 1249, सोशल साइंस में 26 में 25 व बिजनेस स्टडी में चार में सभी चार परीक्षार्थी शामिल हुए। निरीक्षण के दौरान केंद्राधीक्षक विकास पटेल, स्टेटिक मजिस्ट्रेट पप्पू कुमार रवि, पुलिस पदाधिकारी सहदेव कपड़दार आदि मौजूद थे। परीक्षा का सफल संचालन बीडीओ सह उड़न दस्ता प्रभारी संदीप कुमार के नेतृत्व में किया जा रहा है। परीक्षा के सफल संचालन में सुनील सिंह, शिक्षक आलोक सिंह, धीरज कुमार, तारकेश्वर विश्वकर्मा, नीरज मिश्रा, प्रभाकर कुमार, अरुण सिंह, अनिल कुमार गुप्ता, अशोक कुमार, मनोज कुमार, सुनील कुमार, अनुराग सिंह, जुमाल हेंब्रम आदि की भूमिका सराहनीय रही।


परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करती प्रबंधक व केंद्रधीक्षक।

# इंटर की परीक्षा देने जा रहे तीन छात्र सड़क हादसे में घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** थाना क्षेत्र के पुरानी सीएससी समीप एनएच-98 पर एक बाइक पर सवार होकर पराक्षी देने दा रहे तीन परीक्षार्थियों को एक अज्ञात हाइवा ने धक्का मार दिया, जिससे तीनों घायल हो गए। ग्रामीणों के सहयोग से उन्हें सीएससी पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद एमएमसीएच मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया। तीनों परीक्षार्थियों की पहचान हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र के सरसोत पंचायत अंतर्गत बरवाडीह निवासी अरविंद कुमार यादव (18), अमरेश कुमार यादव (17) और विशाल कुमार मेहता (17) के रूप में हुई है। चिकित्सकों ने बताया कि अरविंद यादव को सिर में चोट लगी है। जबकि अमरेश यादव का दाहिना जांघ और घुटना पूरी तरह क्षतिग्रस्त हुआ है। जबकि विशाल मेहता का दाहिना हाथ टूट गया है। तीनों की स्थिति को देखते हुए मेदिनीनगर रेफर किया गया है। वहीं, परिजनों ने बताया कि तीनों युवक इंटर साइंस के परीक्षार्थी हैं और आरके सीता प्लस टू हाई स्कूल हरिहरगंज ध्वितीय पाली में परीक्षा देने जा रहे थे। परिजनों ने बताया कि तीनों का आधार कार्ड सुधार करवाना था इस लिए समय से पहले घर से निकले थे।



## मेहदीनगर में सड़क निर्माण को मिली स्वीकृति, झामुमो नेता ने उपायुक्त का जताया आभार



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** जिला योजना कार्यकारिणी समिति की बैठक में हुसैनाबाद शहर के वार्ड-2 स्थित मेहदीनगर में नबीनगर मुख्य पथ से सूरजदेव सिंह के घर तक पीसीसी पथ एवं गार्डवाल निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गयी है। इस बाबत झामुमो के केंद्रीय सदस्य वशिष्ट कुमार उर्फ बबलू सिंह ने बताया कि गांव में सड़क नहीं होने से आम जनता को भारी कठिनाई हो रही थी। जिसे लेकर पलामू डीसी को पत्र के माध्यम से सड़क निर्माण कराने का आग्रह किया था। सोमवार को जिला योजना कार्यकारिणी समिति की बैठक में उक्त सड़क निर्माण को स्वीकृति प्रदान की है। इसी लिए उन्होंने पलामू डीसी शशि रंजन व जिला कार्यकारिणी समिति के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया है। वहीं, सुशील सिंह, रंजीत सिंह, अशोक चंद्रवंशी, श्याम नारायण राम, तेजू सिंह, छोटू सिंह, उदय सिंह, संतोष सिंह, विजय सिंह, प्रदीप सिंह, विनोद सिंह और सीताराम आदि ने भी डीसी का आभार जताया है।

## मुखिया ने बीडीओ को पत्र देकर की अबुआ आवास में योग्य लाभुक के चयन की मांग



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के झरगड़ा के मुखिया अशोक चौधरी ने बीडीओ रोशन कुमार को पत्र देकर अबुआ आवास योजना में योग्य लाभुक के चयन के बाज ही खाते में राशि भेजने की मांग की है। बीडीओ को दिए गए पत्र में उन्होंने बताया कि उनके निर्देशानुसार रोजगार सेवक द्वारा जियो टैग करने के बाद रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है उसमें अयोग्य लाभुक और एक घर से एक से अधिक सदस्यों का चयन किया जा रहा है। जिन लाभुक को तत्काल आवास की आवश्यकता है उनका नाम सूची में निचले पायदान पर है। उन्होंने लाभुकों का चयन जिला स्तरीय या बीडीओ द्वारा गठित टीम की ओर से जांच के बाद ही लाभुक के खाते में अग्रिम राशि भेजने का अनुरोध किया है।

## वार्ड सदस्य के दाह संस्कार में शामिल हुए लोग

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** कुलहिया पंचायत अंतर्गत कारीलेबुडा वार्ड नंबर एक के वार्ड सदस्य सीताराम भुइंया (50) का रविवार की देर शाम निधन हो गया। इसकी सूचना पाकर क्षेत्र के राजद के कई नेता सोमवार को दाह संस्कार में शामिल होकर दुख प्रकट किये। इसमें मुखिया प्रतिनिधि सह राजद नेता सतेंद्र भुइंया, दीपक यादव, वीरेंद्र यादव, मथुरा रजक, सुजीत भुइयां, उपेंद्र भुइयां, रामाधार मेहता, बृहसपत भुइयां, रोजगार सेवक मिथिलेश पासवान आदि शामिल थे।

# आदिम जनजाति बहुल गांव नावाडीह पहुंचे शशि रंजन, किया मतदाता सूची में नामों का सत्यापन

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** डीसी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशि रंजन सोमवार को चैनपुर अंचल अंतर्गत आदमी जनजाति बहुल गांव नावाडीह पहुंचे। उन्होंने अहर्ता प्राप्त पीविटीजी लोगों का मतदाता सूची में नाम जुड़ा है या नहीं इससे अवगत हुए। घर-घर जाकर मतदाता सूची के कार्यों का सत्यापन किया। इस दौरान उन्होंने पाया कि अधिकांश योग्य लोगों का मतदाता सूची में नाम जुड़ गया है। कई लोग गांव से बाहर थे लेकिन वैसे लोगों का भी नाम जुड़ा हुआ पाया गया। वहीं एक आदिम जनजाति समूह की युवती जिनका उम्र 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी थी का नाम मतदाता सूची में नहीं होने पर मौके पर ही वीएचए के माध्यम से फॉर्म-6 भरा गया। डीसी ने मौके पर उपस्थित बीडीओ को कई बच्चियों को सावित्री बाईफुले किशोरी समृद्धि योजना से जोड़ने की बात कही। इसके बाद प्रखंड कार्यालय में आयोजित ग्राम पंचायत विकास योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल का प्रखंड स्तरीय तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिये। उन्होंने मौके पर मौजूद सभी से पेंशन के शिविर में अधिकाधिक योग्य लाभुकों को पेंशन से लाभान्वित करने की बात कही।



# पत्रकार अजय सिन्हा की मौत की हो सीआइजी जांच, आश्रितों को मुआवजा और नौकरी दे सरकार : गणेश

**धनबाद(आजाद सिपाही)।** एआइएसएमजेडब्ल्यूए के बैनर तले सोमवार को जिले के पत्रकारों ने मुख्यमंत्री के नाम डीसी वरूण रंजन को सात सूत्री मांग पत्र सौंपा। जिसमें लातेहार के युवा पत्रकार और ऐसोसिएशन के पलामू प्रमंडल प्रभारी अजय सिन्हा की संदिग्ध परिस्थिति में हुई मौत की सीआइडी जांच की मांग की गई। इसके अलावा दिवंगत पत्रकार अजय के आश्रितों को मुआवजा, पत्नी को एक नौकरी और दो बच्चों को निःशुल्क शिक्षा देने की भी मांग की गई है। इस पर डीसी ने मांग पत्र अग्रसारित करने की बात कही है। इस संदर्भ में ऐसोसिएशन के प्रदेश प्रभारी गणेश मिश्रा और शैलेंद्र जायसवाल उर्फ बंटी ने कहा कि राज्य में पत्रकारों को बीमा और पेंशन जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए बीते 15 सालों से झारखंड के पत्रकार मांग कर रहे हैं, लेकिन सरकार का ओर ध्यान ही नहीं है। उन्होंने कहा कि देश में न तो पत्रकार सुरक्षा कानून लागू हो रहा है और ना ही राज्य सरकार द्वारा बीमा या पेंशन दिया जा रहा है। आज झारखंड में बीमा योजना लागू हुई होती तो अजय के आश्रितों को थोड़ा सहारा मिल गया होता। वहीं, ऐसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र जायसवाल ने कहा कि अजय के आश्रितों को मुआवजा और नौकरी के साथ ही मामले की सीआइडी जांच जरूरी है। वहीं, ऐसोसिएशन के धनबाद जिलाध्यक्ष योगेश सोनी और महासचिव सतेंद्र चौहान ने कहा कि देश में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने में सक्षम केंद्र सरकार को ऐसे गंभीर मुद्दे पर रुचि लेनी चाहिए। डीसी को ज्ञापन सौंपने वालों में बब्बन झा, संजय सिंह, अभिमन्यु प्रसाद, मनोज शर्मा, करण प्रसाद, अजय प्रसाद, रोबिन दत्ता आदि शामिल थे।



## कुमारधुबी में गुम बच्ची गलफरबाड़ी की महिला को मिली, लौटाया

**एग्यारकुंड (आजाद सिपाही)।** कुमारधुबी बाजार में रविवार की शाम मां के साथ गयी आईरा (4) नामक बच्ची गुम हो गयी थी। वह रोती हुई गलफरबाड़ी की महिला पूनम देवी को मिली गई। जिसे महिला गलफरबाड़ी ओपी ले गई। पुलिस से बच्ची को मां से मिलाने की गुहार लगायी। पुलिस ने पता लगाया तो पता चला कि बच्ची निरसा के कंचनडीह की है। बच्ची की मां से संपर्क किया और ओपी बुलाकर बच्ची को उसे सौंप दिया। वहीं, महिला के इस नेक काम के लिए सोमवार को सादे समारोह में बच्ची को मां से मिलाने वाली उस महिला को गलफरबाड़ी ओपी में निरसा एसडीपीओ रजत माणिक बाखला ने सम्मानित किया। कहा कि महिला पूनम देवी ने जो नेक काम किया है वो प्रेरणा दायक है। वहीं, बच्ची की मां जाईवा परवीन ने बताया कि वह बच्ची को लेकर कुमारधुबी बाजार गयी थी। एक दुकान से कुछ सामान लेने लगी। थोड़ी देर बाद पीछे मुड़ी तो देखा कि बच्ची गायब है। बाजार में माइक से एनाउंस भी कराया। लेकिन तब उसका कुछ पता नहीं चला था।

## मुख्यमंत्री के गिरिडीह आगमन को लेकर एसपी ने की बैठक, दिये आवश्यक निर्देश



**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के मंगलवार को गिरिडीह आगमन को सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सोमवार को एसपी दीपक कुमार शर्मा ने अधिकारियों के साथ बैठक की। जिसमें एसडीपीओ सुमित प्रसाद, धनंजय राम, डीएसपी कोशर अली, साजिद जफर आदि शामिल हुए। एसपी ने अधिकारियों से कहा कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की निगरानी एसडीपीओ बिनोद रवानी करेंगे। वहीं कार्यक्रम स्थल में पुलिस अधिकारियों की तैनाती के साथ ही सख्त व्यवस्था रहेगी। जिले से तबादला के बाद अब तक 95 पुलिस अधिकारियों को विरमित किया गया है और अब नए अधिकारी भी आने लगे है। ऐसे में जल्द ही नए अधिकारियों को उनके योग्यता के अनुसार थाने की जिम्मेवारी सौंपी जाएगी।

## सामाजिक कार्यकर्ताओं ने नये थाना प्रभारी चंदन कुमार का किया स्वागत



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** जय मां भावानी एचपी गैस एजेंसी संचालक सह सामाजिक कार्यकर्ता प्रमोद सिंह और मुखिया उमेश साव ने सोमवार को नए थाना प्रभारी चंदन कुमार को गुलदस्ता देकर स्वागत किया। सभी ने थाना प्रभारी चंदन कुमार से परिचय प्राप्त किया। वहीं, नये थाना प्रभारी चन्दन कुमार ने क्षेत्र में प्रेम, सौहार्द्र एवं शांति के लिए पुलिस प्रशासन एवं पब्लिक में भाईचारा बनाए रखने की बात कही। कहा कि आम लोगों के सहयोग के बिना पुलिस प्रशासन अधूरा है। इसलिए लोग पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। मौके पर विजय मिश्रा, हरेंद्र प्रसाद सिंह, मिथिलेश कुमार पांडेय आदि उपस्थित थे।

## स्पोर्ट्स



**भारतीय महिला टीम ने विश्व टेबल टेनिस टीम चैंपियनशिप में सोमवार को उज्बेकिस्तान को 3-0 से करारी शिकस्त दी। अर्चना कामत और दिया चितले ने मौके का फायदा उठाते हुए अरने मुकाबले जीते।**

# विश्व टेबल टेनिस में बेटियों की लगातार दूसरी जीत

### उज्बेकिस्तान को 3-0 से हराया, पुरुष टीम को मिली दूसरी हार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय महिला टीम ने विश्व टेबल टेनिस टीम चैंपियनशिप में सोमवार को यहां उज्बेकिस्तान को हराया। अयहिका मुखर्जी और श्रीजा अकुला को आराम दिए जाने के बावजूद भारत ने उज्बेकिस्तान को 3-0 से शिकस्त दी। अर्चना कामत और दिया चितले ने मौके का फायदा उठाते हुए अपने मुकाबले जीते जबकि टीम की सीनियर साथी मनिका बत्रा ने भी जीत दर्ज करते हुए भारत को 3-0 से जीत दिलाई। अर्चना ने रिमा गुफ्रानोव को 11-7, 11-3, 11-6 से शिकस्त दी जबकि मनिका ने मारखाबो मेगदिएवा को 11-7, 11-4, 11-1 से हराया। दिया ने कड़े मुकाबले में रोजालिना खादजिएवा को 11-6, 10-12, 11-4, 11-6 से हराकर भारत की जीत सुनिश्चित की। चीन के खिलाफ 2-3 की हार के साथ अपना अभियान शुरू करने वाली भारतीय महिला टीम लगातार दो जीत के बाद ग्रुप एक में दूसरे स्थान पर चल रही है। ग्रुप एक के अपने अंतिम मुकाबले में टीम मंगलवार को स्पेन से भिड़ेगी। टीम ने पिछले मैच में हंगरी को 3-2 से हराया था।



### पुरुष वर्ग में कोरिया से मिली 0-3 से हार

वहीं, पुरुष वर्ग में अनुभवी शरत कमल, मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन हरमीत देसाई और जी साथियान अपने-अपने एकल मुकाबले हार गए। इससे भारत को तीसरे वरीय कोरिया के खिलाफ ग्रुप चरण के अपने तीसरे मुकाबले में 0-3 से एकतरफा हार का सामना करना पड़ा। विश्व रैंकिंग में 67वें स्थान के साथ भारत के शीर्ष खिलाड़ी हरमीत को दुनिया के 14वें नंबर के जैंग वूजिन के खिलाफ 4-11, 10-12, 8-11 से हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद साथियान दुनिया के 16वें नंबर के खिलाड़ी लिम जोंगहून के खिलाफ 5-11, 7-11, 7-11 से हार गए जिससे भारत 0-2 से पिछड़ गया। शरत ने ली सैन सु के खिलाफ दूसरा गेम जीता लेकिन लय बरकरार रखने में नाकाम रहे और उन्हें 9-11, 11-8, 6-11, 5-11 से शिकस्त झेलनी पड़ी। चिली के खिलाफ शुरूआती मुकाबला जीतने के बाद भारतीय टीम पोलैंड से 1-3 से हार गई थी।

## मैनचेस्टर यूनाइटेड की लगातार चौथी जीत, लूटन टाउन को हराया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रेसमस के दोहरे गोल की मदद से मैनचेस्टर यूनाइटेड ने इंग्लिश प्रीमियर लीग में लूटन टाउन को 2-1 से हराकर लगातार अपनी चौथी जीत दर्ज की। रेसमस ने पहले और सातवें मिनट में गोल किए। पहला गोल तो उन्होंने 37 सेकंड में ही कर दिया था। यह यूनाइटेड का गैर-घरेलू मैदान में सबसे तेज गोल है। 21 साल के डेनमार्क के रेसमस ने प्रीमियर लीग में लगातार छठे मैच में गोल किया। वह ऐसा करने वाले सबसे युवा फुटबालर हैं। वहीं, लूटन ने 14वें मिनट में कार्लटन मोरिस की मदद से एक गोल कर वापसी का प्रयास किया लेकिन टीम हार न टाल सकी। यह यूनाइटेड की लीग में लगातार चौथी जीत है।


**कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग**

अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– 54/2023–24

दिनांक 19/02/2024

मद का नाम :– जिला खनिज फाउण्डेश ट्रस्ट

| क्र0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | योजना पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | सदर | शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल, हजारीबाग परिसर में अवस्थित स्टॉफ क्वार्टर का उन्नयन कार्य। | 4537100.00 | 5000.00 | 91000.00 | छः माह |
| 2 | बड़कागांव | ग्राम नापोखुर्द में रोहन साव के घर से श्मशान घाट होते हुए हाई स्कूल की और पथ एवं पुलिया निर्माण। | 4994200.00 | 5000.00 | 100000.00 | चार माह |
| 3 | बरही | ग्राम कोनरा में नसीम अंसारी के घर से एन0एच0 2 पी0डब्लू0डी0 सड़क भाया मक्का मस्जिद नहर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 3229500.00 | 5000.00 | 65000.00 | तीन माह |
| 4 | डाड़ी | उत्क्रमित मध्य विद्यालय, कुरकुटटा में चाहरदिवारी का निर्माण। | 1664800.00 | 5000.00 | 34000.00 | तीन माह |
| 5 | बरही | ग्राम गौरियाकरमा में कुमरन स्थान से निचितपुर नावा आहर तक पी0सी0सी0 पथ एवं नाली निर्माण। | 1412400.00 | 2500.00 | 29000.00 | तीन माह |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि 23.02.2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय 24.02.24 से 02.03.2024 अपराहन् 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने का स्थान– जिला परिषद, हजारीबाग।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 04.03.2024 पूर्वाहन् 10:00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता – जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–06546 261406 ई–मेल – districtboardhazaribag@gmail.com
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
9. निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, हजारीबाग

PR 319486 District(23-24).D

## कतरास में छात्रा का अपहरण, थाने में मामला दर्ज



**कतरास (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के श्यामडीह में कंप्यूटर जोन इंस्टीच्यूट में पढ़ने गयी 19 वर्षीय छात्रा का कथित रूप से दो युवकों द्वारा अपहरण कर लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। युवती के पिता ने कतरास पुलिस को लिखित शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने पुलिस को बताया कि बेटे ने सोमवार की सुबह 10 बजे श्यामडीह स्थित कंप्यूटर जोन में पढ़ने के लिए बेटी को छोड़कर वापस आया था। ट्यूशन पढ़ने के बाद दोपहर 2.30 बजे उनकी बेटी टोटो से घर आ रही थी। इसी बीच उने फोन पर 9798313992 नंबर से फोन आया। बेटी ने रोते हुए बताया कि दो व्यक्तियों ने उसका अपहरण कर लिया है। उसे अज्ञात स्थान पर ले गए हैं। दूसरी ओर, कतरास थानेदार असीत कुमार सिंह ने बताया कि लिखित शिकायत मिलने के बाद जांच शुरू कर दी गई है। फोन नंबर के आधार पर आरोपितों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है। जल्द ही मामले का पटाक्षेप हो जाएगा और आरोपित सलाखों के पीछे होंगें।

**शिकंजा :** बोकारो पुलिस ने बंगाल के पश्चिम बर्दमान में की कार्रवाई

# सीआइएसएफ जवान बनकर बंगाल झारखंड में ठगी, आरोपित गिरफ्तार

### स्थानांतरण की बात कह कर टीवी, फ्रिज व कुलर सस्ते दर पर बेचने के नाम पर करता था ठगी

**सब्जी विक्रेता को लगाया था 20 हजार रुपये का चूना, 11 जनवरी को हुई थी शिकायत**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** खुद को सीआइएसएफ जवान का बॉडीगार्ड बताकर पश्चिम बंगाल और झारखंड के लोगों से ठगी करने के आरोति को बोकारो की सेक्टर-12 की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान राजेश रंजन झा (47) के रूप में हुई है। वह बिहार के बांका जिले के बाउसी गांव का रहने वाला है। उसके पास से चार खाकी पैंट, एक बेल्ट, सीआइएसएफ लोगों वाली तीन टोपी, तीन कैमोफ्लाईज टी शर्ट, चार खाकी मोजा, 1800 रुपये नकद, मोबाइल फोन-चार्जर आदि जब्त किया गया है। इसकी जानकारी सिटी डीएसपी आलोक रंजन ने दी। वे सोमवार को सेक्टर 12 थाना में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उनके साथ सेक्टर 12 थाना प्रभारी सुभाष चंद्र सिंह भी मौजूद थे। सिटी डीएसपी ने बताया कि राजेश बारी कोऑपरेटिव के सब्जी विक्रेता अरुण कुमार प्रसाद ने विगत 11 जनवरी को राजेश रंजन के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई थी। उसने बताया कि राजेश खुद को सीआइएसएफ का जवान बताकर उससे मिला था। कार से उसके पास पहुंचे राजेश ने उसे बताया कि उसकी पोस्टिंग बोकारो से अन्यत्र हो गयी है। इस लिए वह अपना सामान (फर्नीचर, फ्रीज, कूलर आदि) महज 20 हजार रुपये में ही बेचना चाह रहा है। इतना सस्ता डील सुनकर अरुण राजेश के झांसे में आ गया और उसे तुरंत 20 हजार रुपये दे दिया। पैसे लेने के बाद राजेश ने उसे एक पता दिया, जहां से सामान ले सकता है और वह खुद कार से वहां से तेज रफ्तार में निकल गया। वहीं, अरुण जब राजेश के दिए पते पर पहुंचा, तो वह फर्जी निकला। इसके बाद से राजेश से उसका कोई संपर्क है। खुद को ठगा महसूस होने पर वह सेक्टर-12 पहुंचा और आपबीति सुनाते हुए राजेश रंजन के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने भी राजेश के खिलाफ भादवि की धारा 420 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। इसी क्रम में पुलिस को पश्चिम बंगाल के पश्चिम बर्दमान जिले के हीरापुर में राजेश के छिपे होने की सूचना मिली। बोकारो पुलिस वे तुरंत बर्दमान पुलिस से संपर्क कर राजेश को दबोच लिया। पुलिस की मानें तो आरोपित ने अपना अपराध भी स्वीकार कर लिया है। यह भी पता चला कि वह झारखंड-बंगाल में विभिन्न जगहों पर इस तरह की ठगी के कारनामे को अंजाम दे चुका है। पुलिस उससे पूछताछ कर पता लगाने में जुटी है कि उससे साथ और कौन-कौन लोग इस ठगी के खेल में शामिल हैं। वहीं, छापामारी दल में सेक्टर 12 थाना प्रभारी सुभाष चंद्र सिंह, सिकेश कुमार यादव, जावेद इकबाल, प्रवीण सांगा, भागीरथ महतो आदि शामिल थे।



सेक्टर-12 थाने में पत्रकारों से बातें करते सिटी डीएसपी आलोक रंजन व अन्य।

## जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ने ग्रहण किया पदभार

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** जिला जनसंपर्क कार्यालय में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय ने कार्यभार संभाल लिया। पूर्व जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल कुमार भारती ने उन्हें पदभार सौंपा। प्रभार ग्रहण करने के बाद साकेत कुमार पांडेय ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जिले के सुदूर क्षेत्रों में अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना मेरी प्राथमिकता होगी।


**कार्यालय :– जिला मत्स्य पदाधिकारी,कोडरमा**

**मत्स्य कृषकों के लिए आवश्यक सूचना**

जिले के सभी मत्स्य कृषकों/मत्स्यजीवी सहयोग समिति/मत्स्यजीवी स्वावलम्बी सहयोग समिति लिमिटेड के सभी सचिव/अध्यक्ष/सदस्यों को सूचित किया जाता है कि विभाग द्वारा संचालित वैसी योजनाएँ जिसमें लाभुक का अंशदान सम्मिलित है, वे अपना अंशदान बार–बार अनुरोध किए जाने के बावजूद नहीं लगा रहे है, जिस कारण वर्तमान वित्तीय वर्ष की बहुत सारी योजनाएँ अपूर्ण की स्थिति में है यथा गिलनेट, लाईफ जैकेट, केज रिमॉडलिंग, महाझींगा पालन, मछली–सह–बत्तख पालन, प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजनान्तर्गत संचालित योजनाएँ इत्यादि।

अतः, सभी संबंधित को सूचित किया जाता है कि वैसे मत्स्य कृषक जो अपना अंशदान लगाने में आना–कानी कर रहे है उन्हें चिन्हित कर आगत वित्तीय वर्ष में उन्हें सभी योजनाओं से लाभान्वित होने से वंचित कर दिया जाएगा।

जिला मत्स्य पदाधिकारी,
कोडरमा

PR 319411 Fish(23-24).D



**कार्यालय :– जिला मत्स्य पदाधिकारी, कोडरमा**

**जिला के सभी मत्स्य कृषकों/मत्स्य बीज उत्पादकों के लिए आवश्यक सूचना**

मात्स्यिकी गतिविधियों में मत्स्य बीज उत्पादन एक प्रमुख कार्यक्रम है। ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने हेतु मात्स्यिकी गतिविधियाँ काफी सहायक हैं। स्थानीय स्तर पर मत्स्य बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा 90 प्रतिशत अनुदान पर मत्स्य स्पॉन, फीड तथा फ्राई कैचिंग जाल प्रशिक्षित मत्स्य बीज उत्पादकों को उपलब्ध कराया जाता है।

सरकार द्वारा प्रदत्त अनुदान के सम्यक लाभ हेतु योग्य मत्स्य बीज उत्पादकों को तैयार करने के उद्देश्य से जिला के वैसे सभी मत्स्य कृषक, जो मत्स्य बीज उत्पादन के कार्य से जुड़े है या जुड़ना चाहते है, को एतद्–सह सूचित किया जाता है कि आगामी वित्तीय वर्ष 2024–25 के राज्य स्तरीय प्रशिक्षण सत्र में सम्मिलित होने के लिए निम्न विहित प्रपत्र में निःशुल्क वांछित सूचना अपने जिला मत्स्य कार्यालय में जमा करें।

–:प्रपत्र:–

जिला का नामः

| क्र0 | आवेदक का नाम | तालाब का नाम | ग्राम | पंचायत | प्रखण्ड | खाता सं0 | खेसरा सं0 | जलक्षेत्र (एकड़ में) | तालाब का प्रकार (निजी/लीज/सामुदायिक/साझा) | लैंडमार्क | मोबाईल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | |

जिला मत्स्य पदाधिकारी,
कोडरमा

PR 319416 (Fish)23-24*D


## सुदेश महतो 6 मार्च को चंदनकियारी में करेंगे जनसभा : उमाकांत रजक



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो चंदनकियारी की तरक्की, सामाजिक सौहार्द और सरकारी कार्यालयों में बढ़ती रिश्वत खोरी आदि को लेकर आम जनमानस से सीधा संवाद करने के लिए छह मार्च को चंदनकियारी आएंगे। वहां जनसभा को भी संबोधित करेंगे। इसकी जानकारी पूर्व मंत्री उमाकांत रजक ने कहा। वहीं, चंदनकियारी में विकास की पहिया में गति देना, सामाजिक सौहार्द को मजबूती प्रदान करना और सरकारी कार्यालयों को रिश्वत मुक्त करने के विषय पर पूर्व मंत्री उमाकांत रजक के साथ जिला 20 सूत्री सदस्य विश्वनाथ महतो, महाराज महतो, नेमचांद महतो ने सोमवार को आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो से उनके रांची स्थित आवास जाकर मुलाकात करते हुए विस्तृत चर्चा की। इस पर सुदेश महतो ने भी गंभीरता दिखाई है। कहा कि विकास की प्राथमिकता में सिल्ली मेरी मां है तो चंदनकियारी मौसी है। हमने चंदनकियारी में विकास की संरचना तैयार किया है। उसे किसी भी हालात में ढहने नहीं देंगे। वहीं, उमाकांत रजक ने कहा कि आजसू सुप्रीमो का वैज्ञानिक दृष्टिकोण लोगों को पसंद है। सुदेश समस्या नहीं समाधान पर चर्चा करते हैं।

## विधायक सुदिव्य कुमार ने किया फोरलेन सड़क चौड़ीकरण कार्य का शिलान्यास



**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** गिरिडीह से पचम्बा तक करीब 39 करोड़ रुपये की लागत से होने वाली सड़क चौड़ीकरण कार्य का शिलान्यास सोमवार को विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने किया। मौके पर जिला अध्यक्ष संजय सिंह, वार्ड पार्षद आदि मौजूद थे।इस अवसर पर विधायक ने कहा कि यह सड़क 21 मीटर चौड़ी होगी। उन्होंने कहा कि हो सकता है कि सड़क के किनारे जिन्होंने एनक्रोचमेंट किया है उन्हें थोड़ा बहुत नुकसान उठाना पड़े। विधायक ने कहा कि इस योजना से गिरिडीह पचम्बा के लोगों को लाभ होगा। कहा कि गिरिडीह में ट्रैफिक जाम और अतिक्रमण की समस्या के निराकरण के लिए सड़क चौड़ीकरण की मांग अरसे से लोगों द्वारा की जा रही थी, जो आज पूरा हुआ। बताया कि गिरिडीह टावर चौक से लेकर कल्याणडीह तक करीब 5.7 किलोमीटर रोड का चौड़ीकरण किया जाएगा।

## जिप सदस ने किया शेड निर्माण का शिलान्यास



**गोमिया (आजाद सिपाही)।** पंचायत के मध्य दुर्गा मंदिर प्रांगण में सोमवार को 15वें वित्त आयोग के जिला परिषद अंतर्गत अनाबद्ध अनुदान योजना मद से चबूतरा के ऊपर शेड निर्माण कार्य का शिलान्यास जिला परिषद सदस्य डॉ सुरेंद्र राज ने किया। इस अवसर पर मुखिया बलराम रजक, पंसस जनकदेव यादव भी उपस्थित थे। जिप सदस्य ने कहा कि क्षेत्र के ग्रामीणों की लंबे वक्त से मनांग थी कि गोमिया मध्य दुर्गा मंदिर में सांस्कृतिक कार्यक्रम करने के लिए स्थाई शेड का निर्माण किया जाय। जिसे पूरा करने की पहल की गई है। जल्द ही इस जगह पर शेड का निर्माण हो जाएगा। उन्होंने कहा कि गोमिया क्षेत्र में इसी प्रकार अन्य विकास के कार्य प्राथमिकता के साथ कराई जा रही है। गोमिया एवं पलिहरी गुरुडीह पंचायत में कोनार नदी से जल्द ही जलापूर्ति की जाएगी। इसी प्रकार बिजली, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि के लिए भी कार्य जारी है। इससे पूर्व ग्रामीणों ने गाजे बाजे के साथ जिप सदस्य का स्वागत किया। मौके पर दुलाल प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि संदीप स्वर्णकार, ओम किंकर वर्मा, रोहित यादव, मदन यादव, बिंदेश्वर यादव, जानकी यादव, शिवशंकर रवानी, अनूप अग्रवाल, रघुनाथ चौधरी, सुधीर ठाकुर, चितरंजन सिंह, संतोष हलदर और विनय साव आदि उपस्थित थे।

# 20-22 तक कोयलांचल की विभिन्न जगहों पर लगेंगे शिविर

### मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन का लाभ देने की कवायद

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** झारखंड के 50 वर्ष से ऊपर की महिला एवं अनुसूचित जाति/जनजाति पुरुष को प्रति महीने 1000 रुपए पेंशन देने के लिए मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन की शुरूआत की गई है। इसके लिए जिले के सभी 256 पंचायत, नगर निगम एवं चिरकुंडा नगर परिषद के सभी वार्ड में 20 से 22 फरवरी तक विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें पंचायत सचिव, प्रखंड कर्मी, सीएससी, प्रज्ञा केंद्र, कंप्यूटर ऑपरेटर आदि मौजूद रहेंगे। इस संबंध में सामाजिक सुरक्षा विभाग के निदेशक नियाज अहमद ने बताया कि शिविर के सफल क्रियान्वयन के लिए डीसी वरुण रंजन के निर्देश पर सभी प्रखंड कर्मी, कंप्यूटर ऑपरेटर, सहायकों को पुराने समाहरणालय सभागार में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिस लाभुक के पास जाति प्रमाण पत्र नहीं है और बनने के लिए दिया है, उनका रिसीविंग दिखाने पर आवेदन स्वीकार किया जाएगा। पर जब जाति प्रमाण पत्र बनेगा तब उन्हें योजना का लाभ दिया जाएगा। पेंशन योजना से योग्य लाभुकों को शत-प्रतिशत आच्छादित करने के लिए 20 से 22 फरवरी तक जिले के सभी पंचायतों और वार्डों में शिविर लगाए जाएंगे। लाभुकों को मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ लेने के लिए मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, पासपोर्ट साइज दो फोटो अपने साथ रखने होंगे। इस अवसर पर सामाजिक सुरक्षा कोषांग के रंजीत कुमार शर्मा, मोहम्मद कादीर अंसारी ने सभी प्रखंड कर्मी, कंप्यूटर ऑपरेटर, सहायकों को प्रशिक्षण दिया।



### नव निर्मित समाहरणालय में रागिनी सिंह ने डीसी व एसएसपी से की मुलाकात

# सरकार व जन प्रतिनिधि की विफलता के कारण झरिया मूलभूत सुविधाओं से वंचित: रागिनी सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** झरिया समेत पूरे धनबाद जिले में चिन्हित जगहों पर आए दिन हो रही सड़क दुर्घटनाओं, बच्चो के स्कूल टाइमिंग पर सुचारू ट्रैफिक व्यवस्था, झरिया विधानसभा क्षेत्र में प्रदूषण और उनसे हो रही गंभीर बीमारियों एवं डिगवाडीह टाटा कंपनी द्वारा वहां बसे लोगों को बिना समय दिए हटाए जाने संबंधी मुद्दों को लेकर सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह ने बरवाअड्डा स्थित नव निर्मित समाहरणालय पहुंच कर डीसी वरूण रंजन से मिली और उनका ध्यान आकर्षित करते हुए पांच सूत्री मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। लगे हाथ झरिया समेत जिले के सभी स्कूल के बच्चों की छुट्टियों के टाइमिंग के समय भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगाने के साथ ही डिगवाडीह टाटा कंपनी द्वारा वहां बसे लोगों को समय दे उन्हें उचित स्थान पर विस्थापित करने को लेकर डीसी के साथ चर्चा की। इस पर डीसी ने सभी बातों को गंभीरतापूर्वक विचार कर जल्द समाधान करने की बात कही। वहीं, उन्होंने जिले के नए एसएसपी एचपी जनार्दन से उनके कार्यालय में पहली बार जाकर मुलाकात की। शाल ओढ़ाकर सम्मानित करते हुए उनके धनबाद आने के बाद प्रशासनिक प्रणाली और अपराधिक मामलों में कमी आने पर उन्हें विशेष बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उनसे भी झरिया समेत कोयलांचल में पूर्व में हुए घटनाओं समेत ट्रैफिक यातायात व्यवस्था को चाक चौबंद करने को लेकर चर्चा की। रागिनी सिंह ने बताया कि झरिया में आए दिन सड़क संबंधित घटनाएं होती है जिससे कई लोगों की जिंदगी सड़क दुर्घटना में चली गई है। लोग एक-दूसरे के प्रियजनों को खो रहे है और सरकार एवं प्रशासन से इसकी व्यवस्था सुधारने को लेकर वो प्रयासरत है। झरिया में हो रही पानी की समस्या को लेकर उन्होंने कहा कि यह सरकार और जनप्रतिनी की विफलता है कि फंड होने के बावजूद भी पूर्व विधायक संजीव सिंह द्वारा अनुसंशा पर भाजपा की पूर्व सरकार में पारित फंड का उपयोग कर यहां के लोगों को पानी की सुविधा मुहैया नहीं करा पाई। केंद्रीय सरकार द्वारा चलाई जा रही हर घर नल जल योजना का लाभ झरिया वासियों को अभी तक नहीं मिल पाया है, जिसके लिए मैं आगे भी प्रयासरत रहूंगी। ताकि झरिया वासियों को इसका लाभ मिल सके और लोगो को समस्याओं का सामना न करना पड़े। बताया कि पानी की घोर समस्या को देखते हुए खुद के मद से टैंकरों से झरिया के विभिन्न क्षेत्र में रोजाना पानी की आपूर्ति करा रही है।






**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,
MINOR IRRIGATION DIVISION, HAZARIBAG.**

**Very Short e-Procurement Tender Notice**

**Tender Reference No. :- DMFT/MID/HAZARIBAG/F2-21/2023-24**
**Letter no - 211** **Date :- 19 /02/2024**

| Group No | Scheme Name | Estimated Cost (In Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|
| 1. | Construction of Checkdam on Barsoti river in Village- Salaiya Block- Barkatha, District- Hazaribag | 1,35,20,400.00 | 11 Months |
| 2. | Construction of Lift Irrigation scheme on Badmahi River in Village- Bhaduli Pipradih Block- Barkagaon, District- Hazaribag | 1,30,44,000.00 | 11 Months |
| 3. | Construction of Bridge on Golodhab Nala Between Sudan and Salaiyadih Road in Panchayat- Salaiyadih Block- Chalkusha, District- Hazaribag | 1,49,43,400.00 | 11 Months |

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Date of Publication of e-Tender on website | 23.02.2024 at 3:00 P.M |
| 2. | Last date/Time for Submission of e-Tender bids Online | 29.02.2024 up to 5:00 P.M **(e-Procurement Portal- http://jharkhandtenders.gov.in)** |
| 3. | Last Date for Online Submission of Tender Fee and EMD | 29.02.2024 up to 5:00 P.M |
| 4. | Date of opening of e-Tender | 02.03.2024 at 03:00 P.M |
| 5. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Hazaribag |
| 6. | Contact no. of e-Procurement officer | 06546-270485 |
| 7. | E-mail of e- Procurement officer | eemidhbg-cemr-jhr@nic.in |

**Note:- 1.) Only e-Tender will be accepted.**
**2.) Published Estimated Cost may be increased or decreased.**
**3.) Further details can be seen and Mode of Submission of Online Tender/Tender Fee/EMD through http://jharkhandtenders.gov.in**

**Executive Engineer,
Minor Irrigation Division, Hazaribag.**

PR 319465 Minor Irrigation(23-24)D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया**

**अति अल्पकालीन ई निविदा सूचना**

अति अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या **-22/JMT/2023-24 (2nd Call)**
दिनांक **– 17-02-2024**

1 — **Name of Work:- Construction of 125/115 mm dia with. 70m/90m/120 m mtrs deep drilled** tube well with installation of India mark II (IS 15500 Part – 2/2004) Hand pump with 32 mm dia.GI Medium class riser pipe by Truck mounted DTH RIG machine/ DTH RIG Machine with 125 mm dia blue casing UPVC pipe with drain, platform un der D.W. & S. Division, Jhumritelaiya for the Year 2023-24.

| ग्रुप संख्या | ड्रिल्ड न0 की संख्या | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| KOD/DT/70 mtr / 03 | 100 | 89.17700 | 1.79000 | 10000.00 | 180 दिन |
| KOD/DT/70 mtr / 04 | 100 | 89.17700 | 1.79000 | 10000.00 | 180 दिन |
| KOD/DT/70 mtr / 05 | 50 | 44.58850 | 0.90000 | 5000.00 | 90 दिन |
| KOD/DT/70 mtr / 06 | 50 | 44.58850 | 0.90000 | 5000.00 | 90 दिन |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 21.02.2024 समय 04.00 बजे अपराहन् तक |
| 3 | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय | 28.02.2024 समय 05.00 बजे अपराहन् तक |
| 4 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई– गवर्नेंस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 28.02.2024 समय 05.00 बजे अपराहन् तक |
| 5 | तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय | 29.02.2024 समय 5.00 बजे अपराहन् |
| 6 | तकनीकी बिड खोलने का स्थान | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया। |
| 7 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम/पदनाम :- | ई0 अभय टोप्पो, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलिफोन नं0 | 08987463859, Email-id eedwsd.jhumaritellaiya@gmail.com |
| 9 | ई– प्रोक्यूरमेन्ट सेल का हेल्प लाईन सं0 | 0651-2480345 |

**नोट –** केवल ई निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
अधिक जानकारी के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

**(ई0 अभय टोप्पो),
कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया।**

PR.NO.319503 Drinking Water and Sanitation(23-24):D

